@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

गुरुवार 03 जुलाई 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 संपादक- गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 233 qaumipatrikahindi 011-41509689,23315814,9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये ( हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें: ईडी ने अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन का किया दावा

* 90 करोड़ देकर 2000 करोड़ की संपत्ति हड़पने की साजिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ईडी की तरफ से अदालत में पेश हुए। एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है। एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था।

एसवी राजू ने बताया कि एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा प्रबंधकीय पदों पर थे। राजू ने कहा कि कंपनी एजेएल के पास करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसका 90 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले अधिग्रहण कर लिया गया। यह एक धांधली है, जिसमें कोई असल लेन-देन नहीं हुआ। एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया। यह एक साजिश के तहत किया गया। ईडी ने कहा कि कांग्रेस ने न ही ब्याज दिया और न ही जमानत और 90 करोड़ रुपये के कर्ज को सिर्फ 50 लाख रुपये में बेचा गया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर यह साजिश रची गई। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के 76 प्रतिशत शेयर हैं।

### क्या हैं आरोप

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की।



## प्रधानमंत्री मोदी पांच देशों की यात्रा पर रवाना: वैश्विक साझेदारी को मिलेगी नई दिशा



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को घाना की राजधानी अकरा के लिए रवाना हुए, जिससे उनकी पांच देशों की महत्वपूर्ण विदेश यात्रा की शुरुआत हुई। यह दौरा भारत की वैश्विक कूटनीति को नई दिशा देने और ग्लोबल साउथ तथा अटलांटिक के दोनों किनारों पर साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की इस यात्रा में घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा शामिल है। उन्होंने इन सभी देशों को भारत की विदेश नीति के लिए अहम साझेदार बताया है, जिनसे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और बहुपक्षीय सहयोग के गहरे रिश्ते जुड़े हुए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने रवाना होने से पहले अपने बयान में कहा कि वह घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर 2 और 3 जुलाई को घाना का दौरा करेंगे। उन्होंने घाना को ग्लोबल साउथ में एक मूल्यवान साझेदार बताया, जो अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास साझेदारी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की उम्मीद जताई और कहा कि घाना की संसद को संबोधित करना उनके लिए सम्मान की बात होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री 3 और 4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो जाएंगे। उन्होंने इस देश को भारत के साथ गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों से जुड़ा बताया। पीएम मोदी ने उल्लेख किया कि भारतीय समुदाय लगभग 180 साल पहले पहली बार वहां पहुंचा था और यह दौरा पुश्तैनी रिश्तों को नया जीवन देने का अवसर होगा। उन्होंने राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू और प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर से मुलाकात का भी कार्यक्रम तय किया है।

## अमरनाथ यात्रा का हुआ आगाज, एलजी मनोज सिन्हा ने जम्मू से किया यात्रियों का पहला जत्था रवाना


जम्मू (एजेंसी)। अमरनाथ यात्रा का आगाज आज बुधवार सुबह हो गया। इसी के साथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत करते हुए जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने 146 वाहनों में जम्मू से अमरनाथ यात्रियों के पहले जत्थे को श्रीनगर के लिए रवाना किया। अमरनाथ यात्रियों का यह पहला जत्था 3 जुलाई गुरुवार को पवित्र शिवलिंग के दर्शन कर सकेगा। जानकारी अनुसार जम्मू के भगवती नगर स्थित श्री अमरनाथ यात्री निवास बेस कैंप से यात्रियों का पहला जत्था श्रीनगर के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना किया गया है। इसी के साथ पवित्र शिवलिंग दर्शन के लिए भक्तों का साल भर का इंतजार भी खत्म हो गया। अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत पहला जत्था रवाना होने के साथ ही हो गई। जम्मू से अमरनाथ यात्रियों का यह जत्था श्रीनगर के बालटाल और पहलगाम के लिए रवाना हुआ है। इससे भोले के भक्तों में खासा उत्साह और जोश नजर आया है। भक्तों ने यात्रा पर रवाना होते हुए कहा कि आतंक को आस्था का यह करारा जवाब है, इसी तरह आगे भी आतंक पर आस्था ही भारी रहेगी। अमरनाथ यात्रा पर पहला जत्था रवाना होने पर जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष सतपाल शर्मा का कहना है, कि हजारों श्रद्धालु बाबा अमरनाथ के दर्शन करने यहां आए हैं। इससे महज दो माह पहले यहां एक अलग ही माहौल था, लेकिन आज हम देख पा रहे हैं कि किस प्रकार से श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के जयकारे लगा रहे हैं। भक्तों को पूर्ण विश्वास है कि वे सुरक्षित हाथों में हैं।

## हिमाचल में पहाड़ टूटा, राजस्थान पानी-पानी

- बाढ़-बारिश ने कई राज्यों में मचाया कोहराम
- छत्तीसगढ़ में 4 घंटे नदी में फंसे रहे दो युवक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के ज्यादातर राज्यों में तेज बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, एमपी, उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। हिमाचल में 30 जून की रात को 11 जगहों पर बादल फटने की घटनाएं हुईं। उत्तराखंड में कई जगहों पर लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ों का मलबा सड़कों पर आ गया है। हिमाचल में भारी बारिश से तबाही जारी है। तीन दिन में यहां बादल फटने की 11 से ज्यादा घटनाएं हुई हैं। इससे नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। मंडी में 11 लोग बह गए थे। इनमें से 10 के शव मिले हैं। मंडी के कथुनाग में कई घर बाढ़ में बहे हैं। मंडी के करसोग, धर्मपुर, बगशयाड़, थुनाग, गोहर क्षेत्र के 100 से ज्यादा गांवों में 24 घंटे से ज्यादा समय से ब्लैक आउट है। राज्य में आज भी तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। यूपी में पिछले 24 घंटे में 8.8 मिमी बारिश हुई है, जो कि नॉर्मल 7.2 से 15 प्रतिशत कम है। यूपी में बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे स्थित 20 छोटे मंदिर जलमग्न हो गए हैं। मणिकर्णिका घाट तक पानी पहुंच गया है। गंगा द्वार घाट से मणिकर्णिका घाट का संपर्क टूट गया है। स्थिति ऐसी ही बनी रही तो जल्द ही घाटों पर घूमना-फिरना बंद हो जाएगा। उन्नाव में जोरदार बारिश हुई है। यहां परियर चौकी में पानी घुस गया, जिसे सिपाहियों ने बाल्टी से निकाला। राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में हो रही बारिश आफत बन गई है। कोटा के मोड़क कस्बे में बाढ़ के हालात हैं। घर, स्कूल, हॉस्पिटल तक में पानी भर गया है। चार-चार फीट तक पानी घरों में बह रहा है। चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में गूंजली नदी का पानी पुल के ऊपर से तक बह रहा है। आधा दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क कट गया है। छत्तीसगढ़ के गागर नदी में 3 पहाड़ी बच्चे फंसे रहे।





## पहलगाम आतंकी हमले पर भारत के साथ खड़ा क्वाड

- एक सुर में की निंदा, कहा-दोषियों को हर हाल में मिले सजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए खौफनाक आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में 26 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने एकजुट होकर कहा कि इस हमले के गुनहगारों, इसके पीछे के साजिशकर्ताओं और इसे फंड करने वालों को हर हाल में सजा मिलनी चाहिए। क्वाड का यह संयुक्त बयान मंगलवार को हुई विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी किया गया। इसमें भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पक्ष रखा।

## डीके की जोर-आजमाइश से बेफिक्र हैं सिद्धारमैया

- बोले-कर्नाटक का सीएम तो पूरे 5 साल रहूंगा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का कहना है कि वह पूरे 5 साल मुख्यमंत्री बने रहेंगे। उनका यह बयान डीके शिवकुमार और उनके समर्थकों के लिए झटका है, जो मंगलवार तक दावा कर रहे थे कि 100 विधायक उनके साथ हैं। शिवकुमार समर्थकों का कहना था कि यह सबसे सही समय है, जब मुख्यमंत्री बदल दिया जाए। ऐसा नहीं हुआ तो फिर




अगले चुनाव में कांग्रेस के लिए जीतना मुश्किल होगा। बुधवार को सिद्धारमैया ने कहा, हां मैं मुख्यमंत्री हूं। आखिर आपको कोई संदेह क्यों है। उनसे पूछा गया कि भाजपा और जेडीएस की ओर से दावा किया जा रहा है कि जल्दी ही बदलाव होना है। इस पर सिद्धारमैया ने कहा कि क्या हमारे हाईकमान ये लोग हैं। एक तरफ सिद्धारमैया ने सीएम पद पर बने रहने की बात कही है तो डीके शिवकुमार का खेमा अब नरम पड़ता दिख रहा है।

## मौत के बाद चुना जाएगा दलाई लामा का नया उत्तराधिकारी

- खुद खारिज कर दी चीन की भूमिका, लिया सिर्फ एक नाम

**धर्मशाला (एजेंसी)।** तिब्बती बौद्ध धर्म के सर्वोच्च आध्यात्मिक नेता 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने अपने उत्तराधिकारी के चयन को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनकी मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार होगा और इस प्रक्रिया में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी गादेन फोडरंग ट्रस्ट को सौंपी है। इसके साथ ही दलाई लामा ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी संस्था यानी दलाई लामा का संस्थान भविष्य में भी जारी रहेगा। यह बात उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कही। उन्होंने 2011 में किए गए वादे की भी याद दिलाई। दलाई लामा ने बताया कि 24 सितंबर 2011 को तिब्बती बौद्ध परंपराओं के प्रमुखों की बैठक में उन्होंने यह मुद्दा उठाया था कि आने वाले समय में यह विचार किया जाए कि क्या दलाई लामा की परंपरा को आगे भी जारी रखा जाना चाहिए। उस वक्त उन्होंने कहा था कि जब मैं लगभग 90 वर्ष का हो जाऊंगा, तब मैं तिब्बती बौद्ध परंपराओं के उच्च लामा, तिब्बती जनता, और अन्य संबंधित लोगों से विचार-विमर्श करूंगा कि यह संस्था जारी रहनी चाहिए या नहीं। हालांकि



इस विषय पर कोई सार्वजनिक चर्चा नहीं हुई, परंतु पिछले 14 वर्षों में तिब्बती धर्म परंपराओं के नेताओं, तिब्बती संसद के सदस्यों, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन, एनजीओ, हिमालयी क्षेत्र, मंगोलिया, रूस के बौद्ध गणराज्य और चीन सहित एशिया के कई देशों के बौद्ध अनुयायियों ने दलाई लामा को पत्र लिखकर आग्रह किया।

## अरविंद केजरीवाल का बड़ा दावा: 2027 में गुजरात में बनेगी आम आदमी पार्टी की सरकार

* केजरीवाल ने गुजरात में सदस्यता अभियान की शुरुआत की, भाजपा और कांग्रेस पर किए कड़े प्रहार

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को अहमदाबाद में सदस्यता अभियान की शुरुआत की। एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोला। साथ ही दावा किया कि आगामी 2027 में गुजरात में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने गुजरात में 30 साल तक कैसे राज किया, क्योंकि कांग्रेस उनकी जेब में थी। भाजपा को अहंकार हो गया कि गुजरात के लोग कहां जाएंगे, उनके पास कोई विकल्प नहीं है। गुजरात के लोगों को भाजपा को ही वोट देना होगा। उन्होंने कहा कि चूंकि कांग्रेस उनकी जेब में है, इसलिए उन्हें कमल का बटन दबाना ही पड़ेगा। 70 प्रतिशत ठेके उनकी पार्टी को और 30 प्रतिशत उनकी पार्टी को दिए गए हैं। दोनों पार्टियों के नेताओं ने अपनी-अपनी कंपनियां खोल ली हैं। केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ भाजपा के लिए काम करती है। सिर्फ आप ही देश की सेवा करती है। जो गुजरात के लोगों की सेवा करती है। मैंने किसी से पूछा कि कांग्रेस और भाजपा के बीच के इस रिश्ते को क्या कहते हैं? क्या ये भाई-बहन का रिश्ता है या पति-पत्नी का रिश्ता है? ना तो ये भाई-बहन का रिश्ता है और ना ही पति-पत्नी का। ये प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता है जो छुप-छुप कर मिलते हैं। ये सब कुछ छुप-छुप कर करते हैं। ये प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता है, इनसे दूर रहो, ये बहुत खतरनाक हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है। अब जनता के पास विकल्प है। 30 साल तक जनता के पास कोई विकल्प नहीं था, लेकिन अब उसके पास आम आदमी पार्टी विकल्प है। ये विसावदर उपचुनाव सेमीफाइनल था और 2027 की दस्तक। केजरीवाल ने दावा किया कि 2027 में गुजरात में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। तब जनता शासन करेगी और नेताओं का शासन खत्म होगा।




## बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर तकरार

- चुनाव आयोग के पास जा रहा विपक्ष, लगाए गंभीर आरोप

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर विपक्षी दलों की एक संयुक्त टीम बुधवार को निर्वाचन सदन में चुनाव आयोग से मुलाकात करने की तैयारी में है। हालांकि इस बैठक को लेकर अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है क्योंकि सभी दलों की ओर से चुनाव आयोग को पुष्टि नहीं मिली है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, 30 जून को कांग्रेस के एक कानूनी सलाहकार द्वारा आयोग को ईमेल भेजा गया था। इसमें 2 जुलाई यानी आज के लिए बिहार में हो रहे वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की तरफ से आपातकालीन मुलाकात का समय मांगा गया था।




लेकिन, सभी दलों की तरफ से अब तक पुष्टि न मिलने के कारण यह बैठक स्थगित भी हो सकती है। सूत्रों के अनुसार ई-मेल में दावा किया कि वे एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं तथा उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल लगभग सभी दलों के नाम लिए। सूत्रों ने बताया कि आयोग ने इन दलों से बैठक के लिए पुष्टि करने को कहा था, लेकिन अब तक उसे दलों से पुष्टि नहीं मिली है। इसलिए बैठक को स्थगित करना पड़ सकता है।

## बीजेपी को बहुत जल्द मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान अब इसी महीने हो सकता है। महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड समेत कुल 6 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को तय हो गए। इसके अलावा दो राज्यों के अध्यक्षों का ऐलान सोमवार को किया गया था। इस तरह अब पार्टी ने 50 पर्सेंट अध्यक्ष वाला कोरम तय कर लिया है, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए जरूरी होता है। भाजपा ने कुल 37 सांगठनिक यूनिट्स में पूरे देश को बांट रखा है। अब इनमें से 20 के अध्यक्ष तय हो चुके हैं।



## कोरोना के बाद अचानक मौतों पर स्टडी

- जांच में दावा-वैक्सीन से इसका संबंध नहीं
- 18 से 45 साल के लोगों पर की गई रिसर्च

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि कोरोना वैक्सीन और हार्ट अटैक की वजह से होने वाली अचानक मौतों में कोई संबंध नहीं है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) की ओर से किए गए गहन अध्ययन के आधार पर मंत्रालय ने यह बात कही है। कोरोना महामारी के बाद कई लोग चलते, फिरते, नाचते-गाते अचानक दम तोड़ते दिखे। एक के बाद एक इस तरह के चौंकाने-डराने वाले वीडियो सामने आए और कई लोगों ने इन मौतों के लिए कोरोना टीकों पर शक जाहिर करना शुरू कर दिया था। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल (एनसीडीसी) की ओर से किए अध्ययन ने इस बीत की पुष्टि की है कि भारत में कोरोना वैक्सीन के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं। गंभीर साइड इफेक्ट्स के मामले बेहद दुर्लभ हैं। बयान में कहा गया है कि अचानक कार्डिएक अरेस्ट वाली मौत के कई कारक हो सकते हैं जिनमें जेनेटिक्स, लाइफ स्टाइल, पहले से मौजूद समस्याएं और कोरोना के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। मंत्रालय की ओर से कहा गया, 'अचानक कार्डिएक अरेस्ट मौतों के कई कारक हो सकते हैं, जिनमें जेनेटिक्स, लाइफस्टाइल, पहले से मौजूद समस्याएं आदि।



## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बारिश से 18 की मौत, 57 घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसून की बारिश ने 11 बच्चों सहित 18 लोगों की जान ले ली, जबकि 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 57 लोग घायल हो गए। अब तक मानसूनी बारिश में कुल 45 लोग मारे गए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) पंजाब ने सोमवार को कहा, अधिकांश मौतें जीर्ण शीर्ण इमारतों और उनकी छतें ढहने से हुईं। बारिश से 50 घर क्षतिग्रस्त हो गए। बिजली गिरने से खानेवाल, ओकारा में दो वयस्क और मंडी बहाउद्दीन में दो बच्चों की मौत हो गई।

### सेना ने कैलिफोर्निया में तैनात 200 सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की

**लॉस एंजेलिस , एजेंसी।** अमेरिकी सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से कैलिफोर्निया के लॉस एंजेलिस में चल रहे विरोध प्रदर्शनों में तैनात 200 सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की है। यह मांग इसलिए की गई है ताकि सैनिकों को जंगल में लगी आग को बुझाने के काम में लगाया जा सके। यह जानकारी दो अमेरिकी अधिकारियों ने दी। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जून की शुरुआत में अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के जवाब में, गवर्नर गेविन न्यूसम की मर्जी के खिलाफ करीब 4,000 नेशलन गार्ड्स और 800 मरीन सैनिकों को लॉस एंजेलिस में तैनात किया था।

### खैबर-पख्तूनख्वा में दो आतंकी घटनाओं में पांच लोगों की मौत

**क्वेटा, एजेंसी।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में दो अलग-अलग आतंकी घटनाओं में पांच लोग मारे गए। दोनों आतंकी घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत लक्की मरवात जिले में हुईं। पहली घटना में, एक गश्ती वाहन को निशाना बनाकर सड़क के किनारे किए गए बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत हो गई। शाहब खेल क्षेत्र में हुई दूसरी घटना में अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

### ट्रंप ने कैबिनेट को क्यूबा के प्रति अमेरिकी नीति की समीक्षा करने का निर्देश दिया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने शीर्ष कैबिनेट अधिकारियों को क्यूबा पर वर्तमान प्रतिबंधों की जांच करने और 30 दिनों के भीतर उन्हें और कड़ा करने के तरीके सुझाने का आदेश दिया है। स्टेट, राजकोष, वाणिज्य, गृह, कृषि विभागों और लगभग हर दूसरी संघीय एजेंसी को सोमवार को भेजे गए ज्ञापन में ट्रंप ने कहा कि समीक्षा में अमेरिका को द्वीप पर सभी पर्यटन को बंद करने के तरीकों की तलाश करनी चाहिए और साथ ही शैक्षिक पर्यटन को केवल अमेरिकी नागरिकों द्वारा आयोजित और संचालित समूहों तक सीमित करना चाहिए।

### 2018 में आग से नष्ट हुए राष्ट्रीय संग्रहालय को फिर से खोलेगा ब्राजील

**ब्रासीलिया , एजेंसी।** ब्राजील दो दिन बाद 2018 में आग से नष्ट हुए राष्ट्रीय संग्रहालय को फिर से खोलेगा। सोमवार को इसके पुनर्निर्मित भवन और संग्रह की एक झलक पेश की गई। ब्राजील के शिक्षा मंत्री कैमिलो सैन्टाना ने बताया कि संग्रहालय का पूर्ण नवीनीकरण 2027 के अंत तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 95 मिलियन अमरीकी डॉलर का पुनर्निर्माण बजट सार्वजनिक और निजी कंपनियों के बीच विभाजित किया जा रहा है। बता दें कि यह भवन कभी एक शाही महल था जो संयुक्त पुर्तगाली और ब्राजील साम्राज्य की सीट के रूप में काम करता था।

### सिंगापुर में दंगा भड़काने के आरोप में भारतवंशी को जेल

**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर में एक भारतवंशी को दंगा भड़काने के आरोप में दो साल तीन महीने जेल की सजा सुनाई गई है। साथ ही तीन कोड़े मारने की भी सजा सुनाई गई है। कविंद राज कानन और 10 अन्य लोगों ने मोहम्मद इसरत मोहम्मद इस्माइल पर 20 अगस्त 2023 को हमला किया था। हमले में इसरत की मौत हो गई थी। इस मामले में भारतवंशी अश्विन पाचन पिल्लई ने इसरत को चाकू मारा था। पिल्लई पर हत्या का आरोप है और उसके मामले में सुनवाई चल रही है। गैंग के अन्य सदस्यों पर दंगा भड़काने का आरोप है।

### अज्ञात कॉल से मेक्सिको के श्मशान में मिले 383 शव

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को फोन करके एक श्मशान घाट में 383 शव होने की जानकारी दी। पुलिस ने जब मौके पर जाकर देखा तो उसे सच में श्मशान में 383 शव मिले। घटना मेक्सिको के सीमावर्ती शहर सिउदाद जुआरेज की है। अभियोजकों का कहना है कि जो शव मिले हैं, वो तीन या चार साल पुराने हैं। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि श्मशान में इतनी बड़ी संख्या में शव कहां से आए। पुलिस ने श्मशान घाट के मालिक और उसके कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। उष्णकटिबंधीय तूफान फ्लॉसी हुआ मजबूत, मेक्सिको के तट से टकरा सकता है।

# तुर्किये में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून बनाने पर विवाद

## कार्टूनिस्ट समेत 4 गिरफ्तार, गृह मंत्री बोले- यह फ्रीडम ऑफ स्पीच नहीं



**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये में पैगंबर मुहम्मद का कार्टून छपने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। न्यूज एजेंसी,क्क के मुताबिक, लेमन मैगजीन ने 26 जून को एक कार्टून पब्लिश किया था, जिसमें पैगंबर मुहम्मद और पैगंबर मूसा जैसे दिखने वाले दो शख्स को आसमान से गिरती मिसाइलों के बीच हवा में हाथ मिलाते हुए दिखाया गया था। इस कार्टून के सामने आने के बाद पूरे तुर्किये में लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए लोगों ने इस्तांबुल में लेमन मैगजीन के ऑफिस के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने, जो एक इस्लामिक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं, पत्रिका के दफ्तर पर पत्थरबाजी भी की। घटना के बाद तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने बयान जारी कर कहा कि यह प्रेस की आजादी या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि धार्मिक भावनाओं का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट डोगन पहलवान को गिरफ्तार कल लिया है। इसके अलावा लेमन के चीफ एडिटर, मैनेजिंग एडिटर और ग्राफिक डिजाइनर की भी गिरफ्तारी हुई है। तुर्किये के न्याय मंत्री यिलमाज टुंक ने कहा कि इस तरह के कार्टून धार्मिक भावनाओं और सामाजिक सौहार्द का अपमान करते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि कोई भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बहाना बनाकर किसी धर्म के प्रतीकों का अपमान नहीं कर सकता। गृह मंत्री येरलिकाया ने कहा कि वे पैगंबर साहब का मजाक उड़ाने वाले इस शर्मनाक कार्टून की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें हमारे धार्मिक भावनाओं का अपमान करती हैं। मुसलमानों के दिल को ठेस पहुंचाती हैं। ये काम लोगों को भड़काने वाले हैं, और जो ऐसा करने की कोशिश करेंगे, उन्हें कानून के सामने जवाब देना होगा। उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें कार्टूनिस्ट को हथकड़ी लगाकर सीढ़ियों पर ले जाया जा रहा है।

**लेमैन मैगजीन ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी :** तुर्किये में धर्मनिरपेक्ष कानून लागू है, लेकिन वहां पर किसी के धार्मिक मूल्यों का सार्वजनिक रूप से अपमान करने पर एक साल तक की जेल हो सकती है। हालांकि विवाद बढ़ने पर लेमैन मैगजीन ने सोशल मीडिया पर माफी जारी की और कहा कि कार्टून का मकसद इस्लाम का अपमान करना नहीं था। लेमैन मैगजीन ने दावा किया कि कार्टून का उद्देश्य इजराइली हमलों में मारे गए मुस्लिमों के दर्द को दिखाना था, न कि पैगंबर का मजाक उड़ाना। उन्होंने कहा कि 'मुहम्मद' नाम का इस्तेमाल इसलिए किया गया क्योंकि यह दुनिया भर में मुसलमानों में सबसे आम नाम है, और कार्टून में पैगंबर को चित्रित नहीं किया गया है। लेमैन मैगजीन ने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर कार्टून का गलत मतलब निकालकर इसे विवादित बना रहे हैं। चार्ली हेब्दो कार्टून विवाद में 12 लोगों की जान गई थी यह घटना लोगों को 2015 में पेरिस में हुए चार्ली हेब्दो हमले की याद दिला रही है, जब पैगंबर मुहम्मद के कार्टून को लेकर फ्रांस की चर्चित कार्टून मैगजीन के ऑफिस पर हमला हुआ था। इसमें संपादक समेत 12 लोगों की जान चली गई थी। कई लोग घायल भी हुए थे। चार्ली हेब्दो लंबे समय से अपने विवादास्पद और तीखे राजनीतिक-धार्मिक कार्टूनों के लिए जाना जाता था। इस मैगजीन ने पैगंबर मुहम्मद के कार्टून कई बार छापे थे, जिन्हें मुसलमानों ने अपमानजनक और भड़काऊ माना। कट्टरपंथियों ने इसे इस्लाम का अपमान बताया और इसका बदला लेने के लिए मैगजीन पर हमला किया।

## शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। बांग्ला अखबार द डेली स्टार के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने बुधवार को यह सजा सुनाई। आईटीसी ने हसीना और एक स्थानीय नेता शकील बुलबुल के बीच हुई फोन बातचीत की जांच करने के बाद यह फैसला सुनाया। यह बातचीत पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी और कई अखबारों ने भी इसे छापा था। इस कथित ऑडियो क्लिप में शेख हसीना को यह कहते सुना गया कि उनके खिलाफ 227 मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए उन्हें 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विद्रोह के बाद शेख हसीना ने पद छोड़ दिया था और उसके तुरंत बाद भारत भाग गई थीं।

**हसीना के बांग्लादेश जाने पर सजा लागू होगी-** अदालत ने ऑडियो क्लिप में शेख हसीना की बातों बहुत गंभीर माना और कहा कि यह बयान अदालत का अपमान करने और न्याय को कमजोर करने की कोशिश है। बातचीत में शामिल बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा दी गई है। न्यायाधिकरण ने कहा कि सजा तभी लागू होगी जब हसीना और बुलबुल अदालत के सामने आत्मसमर्पण करेंगे या उन्हें पुलिस गिरफ्तार करेगी। अगर सजा लागू होती है, तो दोनों को गैर-कठोर यानी हल्की जेल की सजा भुगतनी होगी। मामले की सुनवाई इस साल 30 अप्रैल को तब शुरू हुई जब मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने अदालत में यह मामला रखा। उन्होंने कहा कि बातचीत में दी गई धमकियों का मकसद इंसाफ मांगने वाले पीड़ितों और गवाहों को डराना था। बाद में अदालत ने हसीना और बुलबुल को 25 मई तक सफाई देने को कहा, लेकिन दोनों न तो अदालत में पेश हुए और न ही कोई जवाब दिया। इसके बाद अदालत ने अखबारों में नोटिस छपवाया और 3 जून तक पेश होने का मौका दिया। मगर आज की सुनवाई तक भी हसीना न तो खुद आईं और न ही उनके वकील की तरफ से कोई जवाब आया। इस वजह से अदालत ने उनकी अनुपस्थिति में ही सजा सुना दी।

**11 महीने से भारत में रह रहीं शेख हसीना-** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से लगी सीमा को किया बंद

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने सुरक्षा खतरों के कारण अफगानिस्तान से लगने वाली एक प्रमुख सीमा को अगले आदेश तक बंद कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के सीनियर सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले और अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत में झड़पों के बाद गुलाम खान सीमा को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमले के बाद उत्तरी वजीरिस्तान में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और सीमा गुलाम खान को अनिश्चित अवधि के लिए बंद कर दिया गया है। उत्तरी वजीरिस्तान जिले में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले में कम से कम 13 सुरक्षाकर्मी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए थे। अंतरिम अफगान सरकार के सीमा बलों के प्रवक्ता अबीदुल्ला फारूकी ने सीमा बंद किए जाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने इस कदम के लिए कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण नहीं दिया है। फारूकी ने एक बयान में कहा, पाकिस्तानी अधिकारियों ने क्रॉसिंग पर वाहनों को केवल वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने का निर्देश दिया है। पाकिस्तान की ओर से गुलाम खान सीमा को बंद करने से अफगानिस्तान के लोगों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। यह सीमा खोस्त प्रांत में स्थित दोनों देशों के बीच व्यापार और आवागमन का अहम मार्ग है।

# सब धंधा बंद करके साउथ अफ्रीका ही लौटना पड़ेगा; डोनाल्ड ट्रंप की एलन मस्क को सबसे बड़ी धमकी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भरोसेमंद माने जाने वाले उद्योगपति एलन मस्क के भविष्य पर तलवार लटक रही है। ट्रंप ने उन्हें इशारों में धमकी दी है और कहा है कि उन्हें अपनी दुकान बंद करनी पड़ सकती है। चुनाव के बाद अमेरिकी प्रशासन में अहम जिम्मेदारी संभालने के बाद ट्रंप और मस्क के बीच रिश्ते तल्ख हो गए थे। इसकी वजह श्वङ्क यानी इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को लेकर नीति बताई जा रही है।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, राष्ट्रपति के तौर पर मेरा प्रचार करने से पहले एलन मस्क जानते थे कि मैं ईवी मेन्डेट के सख्त खिलाफ हूं। यह बकवास है और हमेशा मेरे प्रचार अभियान का हिस्सा रहा था। इलेक्ट्रिक कार ठीक हैं, लेकिन सभी को एक खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। एलन को इतिहास में किसी से भी यादा सब्सिडी मिल सकती थी और बगैर सब्सिडी के एलन को शायद अपनी दुकान बंद कर घर दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ सकता है।

उन्होंने आगे लिखा, कोई रॉकेट लॉन्च, सैटेलाइट्स या इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन नहीं और हमारे देश का काफी पैसा बचेगा। शायद डीओजीई को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। बहुत पैसा बचेगा।

**नई पार्टी बनाने के संकेत :** एक दिन पहले ही मस्क ने ट्रंप सरकार के बिल पर आपत्ति जताई थी और नई पार्टी बनाने के संकेत दिए थे। मस्क ने बताया कि पागलपन भरे विधेयक में



रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर की ऋण सीमा वृद्धि से आम अमेरिकियों को बहुत नुकसान होगा। उन्होंने लिखा, इस विधेयक के पागलपन भरे खर्च से यह स्पष्ट है जो ऋण सीमा को रिकॉर्ड पांच ट्रिलियन डॉलर (पांच लाख करोड़ डॉलर) तक बढ़ाता है कि हम एक पार्टी वाले देश में रहते हैं - पोर्की पिग पार्टी! एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में लोगों की परवाह करती है। उन्होंने तर्क दिया कि यह विधेयक साबित करता है कि डेमोक्रेट और रिपब्लिकन एक ही पोर्की पिग पार्टी का हिस्सा हैं जो आम अमेरिकियों के हितों पर बेतहाशा खर्च को प्राथमिकता देती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पूर्व समर्थक मस्क ने कहा कि नई राजनीतिक पार्टी उन अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व करेगी जो मौजूदा द्वि-पक्षीय प्रणाली से वंचित महसूस करते हैं। पहले भी दे चुके हैं धमकी खास बात है कि ट्रंप ने मस्क को ट्रुथ सोशल के जरिए ही अरबों को सरकारी कॉन्ट्रैक्ट और सब्सिडी खत्म करने की धमकी दी थी। इसके जवाब में मस्क ने एहसान भूलने का आरोप लगाया। मस्क ने कहा कि उनके समर्थन के बगैर ट्रंप चुनाव हार जाते। उन्होंने एक्स पर महाभियोग भी शुरू किया था और संकेत दिए थे कि नासा के इस्तेमाल में आ रहे स्पेस एक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को अलग कर लेंगे। खास बात है कि मस्क यह भी दावा कर चुके हैं ट्रंप का नाम एप्सटीन फाइल्स में हैं। हालांकि, बाद में उन्होंने इन आरोपों का वापस ले लिया था।

## बोइंग के सीएफओ ब्रायन वेस्ट देंगे इस्तीफा, कहा- बैलेंस शीट मजबूत, जिम्मेदारी सौंपने का यह सही समय

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** विमान निर्माता कंपनी बोइंग में शीर्ष स्तर पर बड़ा बदलाव होने जा रहा है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) ब्रायन वेस्ट अपने पद से इस्तीफा देंगे। वे 15 अगस्त को अपना पद छोड़ देंगे। उनकी जगह लॉकहीड मार्टिन कॉर्प के पूर्व कार्यकारी जीसस जे मालवे लेंगे। बोइंग ने कहा सीएफओ वेस्ट इस्तीफे के बाद सीईओ केल ऑर्टबर्ग के सलाहकार बने रहेंगे।

सीएफओ ब्रायन वेस्ट ने अपने पद छोड़ने की पुष्टि की और कहा कि यह जिम्मेदारी सौंपने का सही समय है। इस वक्त बैलेंसशीट बेहद मजबूत है, परिचालन प्रदर्शन बेहतर है। साथ ही संभावनाएं बेहद उत्साहजनक हैं। हम रिकवरी की दिशा में एक अच्छे, स्थिर और पूर्वानुमानित रास्ते पर हैं, जबकि हम बहुत ज्यादा जोर नहीं लगा रहे हैं। यह हमारी उम्मीद से थोड़ा बेहतर निकला है।

वेस्ट ने बोइंग को संकट से उबारा

सीएफओ ब्रायन वेस्ट ने बोइंग को संकट से उबारा है। पिछले साल बोइंग में



हड़ताल और विमान हादसे के बाद उत्पादन में गिरावट आ गई थी। इस वक्त वेस्ट ने पूंजी की कमी से निपटने और जंक स्टेट्स में संभावित रेटिंग डाउनग्रेड से कंपनी को बचाया था। वेस्ट ने बोइंग के नकद भंडार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 24 बिलियन डॉलर की इक्विटी बिक्री की थी, जो किसी सार्वजनिक कंपनी के लिए रिकॉर्ड के करीब है। उन्होंने इस साल जेप्पेसेन इकाई और अन्य डिजिटल परिसंपत्तियों की 10.6 बिलियन डॉलर की नीलामी की देखरेख करके अपने भंडार में इजाफा किया। इसके साथ ही वेस्ट ने ऋण और इक्विटी जुटाकर 44 बिलियन डॉलर से अधिक की बैलेंस शीट तैयार की थी।


**ऑर्टबर्ग और मालवे ने साथ काम किया :** बोइंग में पिछले साल केली ऑर्टबर्ग ने सीईओ के तौर पर काम संभाला था। नए सीएफओ जीसस जे मालवे पहले भी साथ काम कर चुके हैं। यूनाइटेड टेक्नोलॉजीज कॉर्पोरेशन में ऑर्टबर्ग कोलिन्स एयरोस्पेस डिवीजन का संचालन करते थे। जबकि मालवे यहां पर कैरियर डिवीजन के उपाध्यक्ष और सीएफओ थे। मालवे बोइंग की वित्तीय रणनीति, लंबी अवधि की व्यावसायिक योजना, निवेशक संबंध, ट्रेजरी, नियंत्रक और लेखा परीक्षा संचालन के साथ-साथ वैश्विक रियल एस्टेट होल्डिंग्स के लिए जिम्मेदार इकाई के नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह ऑर्टबर्ग को रिपोर्ट करेंगे और कंपनी की कार्यकारी परिषद में काम करेंगे।

## इजरायली प्रधानमंत्री 7 जुलाई को जाएंगे अमेरिका, गाजा में सीजफायर को लेकर हो सकती है बात

**यरुशलम , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सात जुलाई को व्हाइट हाउस में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करने जा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने द इजरायल टाइम्स से इसकी पुष्टि की है। ट्रंप गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए अपनी कोशिशें तेज कर रहे हैं। जनवरी 2025 में डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में वापस लौटे थे, जिसके बाद यह नेतन्याहू की व्हाइट हाउस की तीसरी यात्रा होगी। यह मुलाकात गाजा में युद्ध विराम और ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और राजनायिक संबंधों के विस्तार पर केंद्रित होगी।

व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने सोमवार को बताया कि ट्रंप और प्रशासन के अधिकारी इजरायली नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में हैं। गाजा संघर्ष को समाप्त करना राष्ट्रपति ट्रंप की प्राथमिकता है। लेविट ने कहा, इस युद्ध के दौरान इजरायल और गाजा, दोनों से जिस तरह की तस्वीरें सामने आई हैं, वह दिल दहला देने वाली हैं। राष्ट्रपति इसे खत्म होते देखना चाहते हैं। वह लोगों की जान बचाना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में संघर्ष को खत्म करने पर नए सिरे से फोकस करने का संकेत देते हुए शुक्रवार को पत्रकारों से गाजा में अगले हफ्ते तक युद्धविराम की संभावना जताई थी।

नेतन्याहू की अमेरिकी यात्रा ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर अमेरिकी हमले के बाद हो रही है।



उस समय ट्रंप ने इजरायल-ईरान के बीच युद्धविराम कराने का दावा किया था। स्ट्रैटेजिक अफेयर्स मिनिस्टर रॉन डेरमर फिलहाल अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक के लिए वाशिंगटन में हैं। नेतन्याहू ने गाजा युद्धविराम वार्ता के संबंध में दूसरी बैठक के लिए सोमवार शाम को अपने शीर्ष सहयोगियों और मंत्रियों को बुलाया है। इसमें शामिल मंत्रियों में से एक के कार्यालय ने बताया है कि ग्रुप एक रात पहले हुए टकराव के बाद भी गाजा में युद्ध के भविष्य पर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाया है।

# हिंदू युवती से दुष्कर्म मामले में बांग्लादेश में तेज विरोध

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के कुमिल्ला के मुरादनगर में 26 जून 2025 को 21 वर्षीय हिंदू युवती के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर देशभर में प्रदर्शन और सियासत तेज हो गई है। एक ओर जहां हिंदू संगठनों और मानवाधिकार संगठनों ने देशभर के कई शहरों में उग्र प्रदर्शन किया। उधर, राजनीतिक दलों में इस घटना पर विवाद छिड़ गया। पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग और पूर्व पीएम खालिदा जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने आरोपी फजोर अली को एक-दूसरे का नेता बताकर आरोप लगाए। जमात-ए-इस्लामी ने भी इस मामले में बीएनपी को निशाना बनाया। पहले बांग्लादेश पुलिस और यूनुस समर्थकों ने इस मामले को एक्सट्रामैरिटल अफेयर बताने की कोशिश की। वहीं, कुमिल्ला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एकेएम कमरुज्जमां ने जांच में इसे क्रूर यातना का मामला बताया। उन्होंने कहा कि पीड़ित सरल स्वभाव की है और एक्सट्रामैरिटल अफेयर का कोई सबूत नहीं मिला। इसके बाद अल्पसंख्यक समुदाय में गुस्सा फैल गया। ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों ने रात में विरोध मार्च निकाला। सात जिलों में हिंदू समुदाय ने मानव श्रृंखला बनाकर न्याय की मांग की।

**कोर्ट ने घटना का वीडियो हटाने के आदेश दिए :** हाईकोर्ट ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पीड़ित की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया। जस्टिस फहमिदा कादर और जस्टिस सैयद जाहिद मंसूर की बेंच ने रविवार को एक रिट याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद यह निर्देश जारी किया। कोर्ट ने सभी सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म



से पीड़ित के वीडियो और तस्वीरें 24 घंटे के भीतर हटाने का आदेश दिया। पीड़ित को चिकित्सा और सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। ढाका यूनिवर्सिटी में जगन्नाथ हॉल के छात्रों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग हैं...दुष्कर्म के मुख्य आरोपी फजोर अली और उसके साथियों को तुरंत सजा मिले और बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के केस चलाया जाए। यह घटना बीएनपीके लिए राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गई है, क्योंकि मुख्य आरोपी फजोर अली को पार्टी का नेता बताया गया है। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पार्टी ने यह कहकर दूरी बनाई कि फजोर अली का उनके किसी समिति से कोई संबंध नहीं है।

## बारिश में भी निकासी करने में जुटे रहे निगम कर्मी, निचले इलाकों से मोटर पंप से निकाला पानी

यमुनानगर। तीन दिन से हो रही बारिश से शहर में पानी निकासी करने के लिए सोमवार को निगम कर्मी व अधिकारी बारिश में भी डटे रहे। पानी निकासी में किसी प्रकार की रुकावट न हो, इसके लिए बारिश के बीच भी सफाई कर्मचारी नालों की जालियों में फंसा पॉलिथीन व अन्य कचरा निकालकर ब्लॉकेज खत्म करते रहे। वहीं, निगम अधिकारियों ने जलभराव वाले इलाकों का दौरा कर कर्मियों को पानी निकासी के निर्देश दिए। शनिवार से ही हो रही बारिश से सोमवार को शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। नगर निगम मेयर सुमन बहमनी व निगमायुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर निगम के वार्ड नंबर एक से सात तक सीएसआई हरजीत सिंह, वार्ड आठ से 15 तक सीएसआई विनोद बेनीवाल व वार्ड 16 से 22 तक सीएसआई अनिल नैन के नेतृत्व में सभी सफाई कर्मी जलभराव से निपटने को डटे रहे। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक की देखरेख में सभी सफाई निरीक्षक वार्डों में पानी निकासी करने में जुटे रहे। सफाई कर्मी नालों में लगे जालों में फंसे पॉलिथीन, बोरी, बैग, कपड़े व अन्य कचरा निकालकर निकासी करने में जुटे रहे। बारिश के बीच नालों के जालों में जहां कचरा फंसा हुआ मिला। उसे निकाला गया। ताकि पानी की निकासी होती रहे। वहीं, अभियंता शाखा के एक्सईएन विकास धीमान, निगम अभियंता मृणाल जैयसवाल, सुरेंद्र दहिया, दीपक सुखीजा, मुनेश्वर भारद्वाज सभी कनिष्ठ अभियंताओं के साथ वार्डों का दौरा करते रहे। निगम कर्मचारी बड़ों नालों समेत छोटे नालों के विभिन्न प्वाइंटों व जालों पर तैनात होकर सफाई करते रहे। कई स्थानों पर निगम की जेसीबी के माध्यम से नालों में फंसा कचरा साफ कर पानी की निकासी की गई। ताकि पानी को उतरने में गति मिले। निगम अधिकारियों ने निरीक्षण में जहां पानी का अटकाव नजर आया, वहां जेसीबी व कर्मचारियों के माध्यम से जल निकासी की गई।

# योगी सरकार हर जिले में पंचगव्य आधारित नवाचार से खोलेगी रोजगार के द्वार

**कौमी पत्रिका**

लखनऊ, 2 जुलाई। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और जैविक कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने एक दूरगामी योजना तैयार की है, जिसके अंतर्गत राज्य के सभी 75 जिलों में जल्द ही ग्रोथ प्रमोटर और ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड का उपयोग शुरू किया जाएगा। पंचगव्य आधारित नवाचार को केंद्र में रखते हुए यह अभियान रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और कृषि सुधार इन तीनों मोर्चों पर ठोस प्रभाव डालेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और उत्पादन में लगभग 20% तक की वृद्धि संभावित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी से बने पंचगव्य उत्पादों के उत्पादन और विपणन को लेकर व्यापक योजना तैयार की गई है, जिसका कार्यान्वयन जल्द प्रारंभ किया जाएगा। इस योजना से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण, विपणन और प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, किसानों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से गो-कृषि से जोड़ा जाएगा, जिससे खेती को रसायन मुक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में आयोग की ओर से राज्यव्यापी निरीक्षण कर पशुधन घनत्व, उपलब्ध भूमि, जल स्त्रोतों और गोशालाओं का अध्ययन किया गया। इन तथ्यों के आधार पर पंचगव्य इकाइयों और जैव ऊर्जा संभावनाओं का मूल्यांकन करते हुए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसका शीघ्र ही क्रियान्वयन आरंभ होगा। गो-कृषि प्रशिक्षण के साथ-साथ ग्रोथ प्रमोटर और जैविक खाद के विपणन में स्थानीय युवाओं को जोड़ने की कार्ययोजना बनाई गई है। इससे जहां एक ओर जैविक खेती को नया प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थानीय रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। यह योजना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि सतत ग्रामीण विकास के लिए भी एक अभिनव मॉडल सिद्ध होगी।



## शादी से पहले युवती ने खाया जहर, रिश्ता टूटने पर पिता ने दी जान

मेरठ। खरखौदा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती शादी से पहले घर छोड़कर प्रेमी संग चली गई। पुलिस ने उसे बरामद कर परिजनों को सौंपा तो उसने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। युवती तो बच गई, लेकिन उसके पिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। करीब दिन पूर्व बिचौलिये की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का प गैस के गांव के दूसरी जाति के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों ने कहने पर गांव के ही एक व्यक्ति ने युवती का रिश्ता समाज के ही युवक से तय करा दिया। करीब 15 दिन पूर्व युवती प्रेमी संग घर से चली गई। पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया। परिजनों ने इस मामले में किसी तरह की कार्रवाई से इन्कार कर दिया और युवती को घर ले आए। युवती ने घर पहुंचते ही ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे हापुड़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद युवती सकुशल अपने घर लौट आई। बताया जा रहा है कि 18 जून को शादी तय कराने वाले बिचौलिये की हार्ट अटैक से मौत हो गई जबकि आहत पिता ने 26 जून को फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सीओ किठौर प्रमोद कुमार का कहना है कि युवती के पिता की खुदकुशी का मामला संज्ञान में नहीं आया है।

# एसीएस ने लिंगानुपात सुधारने के लिए एसटीएफ बैठक की अध्यक्षता की

चंडीगढ़। हरियाणा में लिंगानुपात सुधारने के लिए नए सिरे से प्रयास करते हुए स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग ने राज्यव्यापी 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान शुरू किया है। इस पहल के तहत, राज्य भर के सार्वजनिक पार्कों में जागरूकता रैलियां और मार्च आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक रैली में संबंधित जिले के लिंगानुपात को दर्शाने वाले बैनर प्रमुखता से प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देना और बालिकाओं के महत्व के सामाजिक संदेश को मजबूत करना है।इसके अतिरिक्त, महिला एवं बाल विकास विभाग भी संदेश को और अधिक बढ़ाने के लिए राज्य के सभी उपायुक्तों के सोशल मीडिया हैंडल पर समर्पित अभियान चला रहा है। ऐसे लगातार प्रयासों से, हरियाणा का लिंगानुपात 1 जनवरी से 30 जून, 2025 की अवधि के दौरान 906 तक सुधर गया है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 904 था। यह जानकारी आज यहां स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में आयोजित हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार के लिए राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साप्ताहिक बैठक के दौरान दी गई। बैठक में अवैध गर्भपात पर अंकुश लगाने और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत राज्य के लिंगानुपात में और अधिक सुधार करने के प्रयासों को तेज करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक के दौरान, अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अवैध गर्भपात करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया, साथ ही अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे इसमें शामिल पाए जाने वाले किसी भी डॉक्टर के लाइसेंस रद्द करने सहित सख्त दंडात्मक कार्रवाई करें। ऐसे ही एक हालिया मामले में, हिसार के एक अस्पताल का एमटीपी (गर्भावस्था का चिकित्सा समापन) लाइसेंस अवैध गर्भपात गतिविधियों के लिए रद्द कर दिया गया था। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्रों में जन्म पंजीकरण शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया और इन अभियानों के बारे में निवासियों को सूचित करने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान की आवश्यकता पर बल दिया, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी अपंजीकृत बच्चों को आधिकारिक प्रणाली में लाया जाए। श्री सुधीर राजपाल ने संबंधित कार्यक्रम अधिकारियों (आईसीडीएस) को अगले सप्ताह तक स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के परामर्श से अपंजीकृत बच्चों की सूची तैयार करने के लिए कहा गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) की बढ़ी हुई निगरानी पर जोर दिया और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों (एसएमओ) को उनके अधिकार क्षेत्र में रिपोर्ट की गई किसी भी अवैध प्रथा के लिए जवाबदेह ठहराया। उन्होंने चेतावनी दी कि गैर-अनुपालन करने वाले एसएमओ को अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, जिसमें उनके स्टेशन छोड़ने पर रोक लगाना भी शामिल है, और ऐसे अधिकारियों के लिए एक ब्लैकलिस्ट बनाने का निर्देश दिया। अधिकारियों को पीजीटी (प्रीइम्प्लांटेशन जेनेटिक टेस्टिंग) करने वाले और लिंग-निर्धारण गतिविधियों में लिप्त संदिग्ध आईवीएफ केंद्रों पर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने लिंगानुपात में पिछड़ रहे जिलों में कार्रवाई और छापेमारी तेज करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सीमा पार लिंग-चयनात्मक प्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली, पंजाब और राजस्थान के साथ अंतर-जिला समन्वय को मजबूत करने का आह्वान किया, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में जहां निवासी हरियाणा के बाहर ऐसी सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं से जुड़ी सहेलियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा जो सुरक्षित और सफल प्रसव सुनिश्चित करती हैं। दूसरी ओर, गर्भपात के मामलों से जुड़ी सहेलियों को अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक श्री रिपुदमन सिंह ढिल्लों और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्य के मध्य अवशेष आस्तियों एवं दायित्वों के मामलों की समीक्षा की

**कौमी पत्रिका**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्य के मध्य अवशेष आस्तियों एवं दायित्वों के मामलों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन मामलों में दोनों राज्यों के बीच पिछली बैठक में सहमति बनी थी, उनमें से जिन मामलों में कार्यवाही गतिमान है, उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ बैठक कर उनका जल्द समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी दोनों राज्यों के अवशेष आस्तियों एवं दायित्वों के मामले में जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक करेंगे। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की पिछली बैठक के बाद जिला उधमसिंहनगर एवं हरिद्वार में स्थित जलाशयों /नहरों में वाटर स्पोर्टस की अनुमति दी जा चुकी है। सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा विद्युत बिलों के रूप में 57.87 करो ? रूपये का भुगतान किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश मत्स्य निगम द्वारा उत्तराखण्ड मत्स्य पालन विकास अभिकरण को 3.98 करो ? रूपये का भुगतान किया जा चुका है। वन विकास निगम उत्तराखण्ड को दी जाने वाली देयताओं का आंशिक भुगतान किया गया है। परिवन निगम की अवशेष राशि का भुगतान किया गया जा चुका है। आवास विभाग के अन्तर्गत आवास विकास परिषद की परिसम्पत्तियों के निस्तारण का निर्णय हुआ है। बैठक में मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, श्री आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. नीरज खेरवाल एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।




## विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही को सहन नहीं की जाएगी: रणबीर गंगवा

चंडीगढ, 2 जुलाई। हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य आभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने आज पानीपत में लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य विभाग की बैठक में जिला में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों की प्रशासनिक अनुमति मिल गई है, उन विकास कार्यों को अधिकारी तय समय सीमा के अंदर पूरा करें और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग एवं जन स्वास्थ्य विभाग का जनता से सीधा जुड़ाव है, क्योंकि दोनों ही विभागों की सेवाएं जनता की मूलभूत सुविधाओं में शामिल हैं, ऐसे में जनता को सभी सेवाओं का समय पर लाभ मिले क्योंकि जनता के हित सर्वोपरि है तथा विकास कार्यों में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जो भी ठेकेदार कार्य करें, उस ठेकेदार के कार्यों को अधिकारी चेक करें तथा विकास कार्यों में संतुष्टि होने के बाद ही उसे एनओसी दें तथा दोनों विभागों के एसडीओ और जेई विशेष तौर पर फील्ड में रहें और कार्यों की गुणवत्ता को भी चेक करें। मंत्री ने कहा कि जून माह के अंत तक जिन सड ?ों के किसी कारणवश पैचवर्क रह गए हैं, उन्हें पूरा करें ताकि कोई दुर्घटना न घटे क्योंकि जान बहुत कीमती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो विकास कार्य चल रहे हैं, उन्हें आगामी दिसंबर माह तक पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर बरसाती पानी की निकासी नहीं हो रही है, ऐसे समस्या के समाधान के लिए प्रपोजल व एस्टीमेट तैयार करके मुख्यालय भेजें ताकि समय रहते उसकी स्वीकृति दिलाई जा सके। जो भी कार्य हों उसकी रिपोर्ट मुख्यालय को जरूर भेजी जाए। मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि बारिश का समय है, सभी प्रकार के नाले, नालियां और सीवर पूरी तरह से साफ होने चाहिए ताकि पानी की निकासी पूरी तरह से हो सके। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारी एसटीपी, वॉटर टैंक और पाईप लाईन डालते हैं तो भविष्य की योजनाओं को देखते हुए डालें कि भविष्य में कोई असुविधा न हो। इस मौके पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई विकास संगरोहा ने मंत्री रणबीर गंगवा को आश्वस्त किया गया कि उन द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों की पूरी तरह से पालना की जाएगी।

# जलभराव के निपटान के लिए नगर निगम ने वार्ड वाइज बनाई टीमें

यमुनानगर। बारिश में निचले इलाकों में हुए जलभराव की निकासी के लिए नगर निगम 24 घंटे कार्यरत है। बारिश में हुए जलभराव की निकासी के लिए जहां दिनभर पंप के माध्यम से पानी निकाला गया, वहीं रातभर कर्मी पंप के माध्यम से निचले इलाकों से पानी निकालने में जुटे रहें। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी द्वारा अब जल निकासी के लिए वार्ड वाइज टीमें गठित की है। प्रत्येक टीम में कनिष्ठ अभियंता, सफाई निरीक्षक व बेलदार को शामिल किया गया है। यह टीम पंप के माध्यम से निचले इलाकों में भरे पानी की निकासी करेगी। निगम अभियंता राकेश जून को सभी 22 टीमों का नोडल अधिकारी बनाया गया है। निगमायुक्त अखिल पिलानी ने टीमों का गठन करने के बाद सभी को ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए है, साथ ही अपनी ड्यूटी से गैरहाजिर रहने पर हरियाणा सिविल सेवा नियम 2016 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के आदेश जारी किए है। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि जिले में लगातार हो रही बारिश से नगर निगम क्षेत्र के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जहां से गंदे पानी की निकासी के लिए हमारी टीमें हर वार्ड में जुटी हुई है। निचले इलाकों से नगर निगम की टीमें पंप के माध्यम से पानी सीवरेज व बड़े नालों में निकाल की निकासी कर रही है। बारिश के मौसम में सुचारू रूप से काम करने और रुके हुए पानी को निकालने के लिए प्रत्येक वार्ड में कनिष्ठ अभियंता, सफाई निरीक्षक व बेलदार की टीम गठित की गई है। यह बारिश होने के बाद निचले इलाकों में भरे पानी को पंप के माध्यम से निकालने का कार्य करेगी। इसके अलावा कंट्रोल रूप से शहरी क्षेत्र में जलभराव होने की सूचना आने पर भी यह टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्य करेगी। इसके अलावा यह टीम अपने क्षेत्र का दौरा करेंगी। जहां जलभराव होगा, उसकी रिपोर्ट संबंधित निगम अभियंता को देगी। जिसके बाद मोटर पंप की व्यवस्था कर जलभराव की निकासी की जाएगी। पानी निकालने के दौरान संबंधित कनिष्ठ अभियंता व सफाई निरीक्षक मौके पर मौजूद रहेंगे।


**NAME CHANGE**
I hitherto known as RAJPAL S/o HEERA LAL, R/o MCD Flat No. 185, Sultan Sector – 4, Near Water Tank, Rohini Sector - 7, PO: Rohini Sector - 7, Dist: North West Delhi, Delhi - 110085 have changed my name and shall hereafter be known as PALE.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Saroj Kumari Alias Sarojani Devi D/O Late Shankar Poddar W/O Naresh Kumar, R/O RZA-200/UBF, BLOCK-A, NIHAL VIHAR, Nangloi, PO: Nangloi, DIST: West Delhi, Delhi-110041, have changed my name and shall hereafter be known Sarojani Devi

**NAME CHANGE**
I hitherto known as TEJINDER KAUR alias TAJINDER KAUR D/O PREM SINGH KAPOOR W/O SARABJEET SINGH R/O FLAT NO-11, F-POCKET-1, MAYUR VIHAR PHASE-1, EAST DELHI, DELHI-110091, have changed my name and shall hereafter be known as TAJINDER KAUR.

**NAME CHANGE**
I MOHAMMAD AMAN C/O HADISA BEGUM R/O 28A SECOND FLOOR GALI NO 16 BHARAT NAGAR NEW FRIENDS COLONY SOUTH EAST DELHI 110025 HAVE CHANGED MY NAME TO MOHD AMAN

**NAME CHANGE**
I, MAHEEN KHAN W/O SAMIR KHAN resident of 9914 GALI PARDE WALI NAWAB GANJ AZAD MARKET DELHI-110006 have changed my name to MAHIN KHAN for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I,GOVIND HARISHCHANDRA BHOJPURIA S/o HARISHCHANDRA BHOJPURIA, R/o K-94A, Third Floor, Kalkaji, South Delhi, Delhi-110019 have changed the name of my minor daughter PARI GOVIND BHOJPURIA, age 13 years and she shall hereafter be known as DIVYANSHI BHOJPURIA

**NAME CHANGE**
I, Sincy Jomon alias Sincy D/O Joseph W/O Jomon George R/O U-77 2nd floor Subhash Park Uttam Nagar Delhi 110059 Have changed my name to Sincy Mappalakayil Joseph for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Pradeep Tanwar S/O Sh.Ravinder, R/O H.No.12, Gujjar Mohalla Fatehpur Beri, Chandan Hola, South Delhi, Delhi-110074, I have changed my name from Pardeep Tanwar to Pradeep Tanwar for all future purposes. In Future I WILL BE CALLED AND KNOWN BY THE NAME OF Pradeep Tanwar, for all purposes.

**NAME CHANGE**
I, Abhishek s/o Tikam Singh R/o D-229, Gali No.53, Mahavir Enclave, Part-3, Uttam Nagar, Delhi-110059 have changed my name to Abhishek Singh permanently

**NAME CHANGE**
I, NO-4591507N Rank-SEP Name-CHAUHAN NARESHJI RAMANJI residing at THAKOR VAS, VILL-RASANA MOTA, BANASKANTHA, GUJARAT-385535, have changed my mother's name from JYOTSNA BEN to JYOTSANABEN RAMANJI CHAUHAN for all future purposes and in my service records my mother's date of birth wrongly mentioned as 01/01/1987 instead of her correct date of birth as 01/01/1978 vide Affidavit dated 02/07/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, NO-4591507N Rank-SEP Name-CHAUHAN NARESHJI RAMANJI residing at THAKOR VAS, VILL-RASANA MOTA, BANASKANTHA, GUJARAT-385535, have changed my father's name from CHAUHAN RAMANJI to RAMANJI RAYCHANDJI CHAUHAN for all future purposes and in my service records my father's date of birth wrongly mentioned as 01/01/1986 instead of his correct date of birth as 01/01/1977 vide Affidavit dated 02/07/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, SANDEEP KUMAR GUPTA S/O ONKAR NATH R/O C-187, SAHU BHAWAN BACK SIDE, HARI NAGAR, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110064, declare that name of mine has been wrongly written as SANDEEP GUPTA in my minor daughter MIHIKA GUPTA aged 13 years in her school records and birth certificate-MCDOLIR0111004930228. The actual name of mine is SANDEEP KUMAR GUPTA, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, Gayatri Gopinath w/o Sameer Kishore Bhatnagar R/o 158 B,, Pocket A-2, , Mayur Vihar Phase-3, Mayur Vihar, Delhi-110096, have changed my name to Gayatri G. Bhatnagar permanently

**NAME CHANGE**
I, No. 2611627K, Rank-HAV Name-SHELAR SANDEEP BABASAHEB, residing at- 368B, SADAR BAZAR, SATARA, MAHARASHTRA-415001 have changed my father's name from SHELAR BABASHEB BABAEROA to BABASAHEB BABURAO SHELAR for all future purposes vide Affidavit dated 02/07/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
That my clients Shri. Hukam Chand Rohilla (Having Aadhaar no. 6211 3261 6063) and Smt. Tripta Devi W/o Hukum Chand Rohilla (Having Aadhaar No. 5570 9274 2885 permanent R/o 473 Gali No. 8 Phase II Gopal Nagar, Surukhpur Road, Najafgarh New Delhi-110043 do hereby Disown and Debar their Son Ms. Shravan Kumar (Having Aadhaar no. 6567 9739 8654) from all their moveable and immovable properties and have severed all their relation with him because of his abnormal, harrasmental and unacceptable behavior which caused disturbance into the family. It is further submitted that my client's son Ms. Sharavan Kumar is also involved in illegal activities for which my clients have no liabilities. Any person who dealing with Ms. Shravan Kumar (Having Aadhaar no. 6567 9739 8654) will do at his own risk and cost as he was out of the control of my clients. My above mentioned client are not liable for any things against their Son from the date of publication.
**MANISH KADIAN ADVOCATE,**
CHAMBER NO. 551 LAWYERS BLOCK, DWARKA COURT, NEW DELHI-110075

**NAME CHANGE**
It is for general information that I HIMANSHI D/O MAHENDER PAL R/O 1989, GALI NO. 8, CHUNA MANDI PAHAR GANJ, SWAMI RAM TIRTH NAGAR S.O, CENTRAL DELHI, DELHI-110055 declare that name of my father has been wrongly written as MAHENDER in my educational documents, caste certificate no. 90500001122259, birth certificate no. 5581, pan card no. BJRPH3714B, addhar card no. 243564455950, voter card id no. RJN2540409. The actual name of my father is MAHENDER PAL which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, SIKHA PANIGRAHI is legally spouse of No. 14829081L Rank- HAV Name PRADIP KUMAR PANIGRAHI, R/O VPO-KRUPASINDHUPUR, TEH-BERHAMPUR, DIST-GANJAM (ODISHA)-761001 have changed my name from SIKHA PANIGRAHI to SHIKHA PANIGRAHI for all future purposes. Vide Affidavit dated 02/07/2025 before Notary Public New Delhi.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I PARASHRAM OJHA S/O SHOBHANATH OJHA R/O 66, BLOCK-15, KALYANPURI EAST DELHI, DELHI-110091, declare that name of mine has been wrongly written as PARSHURAM in my minor daughter namely ANANDI aged 16 years in her 10th class educational documents. The actual name of mine is PARASHURAM OJHA which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, Rameshwari Pawar w/o Jitendra R/o RZ D1/151, Plot No.29/30, Gali No.5, Block-D, Mahavir Enclave, Palam Village, Delhi-110045, have changed my name to Rameshwari permanently

**NAME CHANGE**
I, Shohan Lal Gupta s/o Bholanath Gupta R/o 6, F-Block, Agar Nagar, Prem Nagar-III, Kirari Suleman Nagar, Delhi-110086, have changed my name to Sohan Lal Gupta permanently

**NAME CHANGE**
I, mohd zuber s/O SALAUDDIN residing at K-283, NEAR JAMA MASJID, NEW SEELAMPUR, BHAJAN PURA, DELHI-110053. have changed my name to MOHD ZUBAIR for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, CHANDUBEN DHUMAL mother of NO-15674492H, Rank-HAV, Name-DHUMAL VIJAY KRISHNA permanently residing at VILL-LAHORE KHODA, PO-LOHARMAL, TEHSIL-POLADPUR, DISTT-RAIGAD, MAHARASHTRA-402303, have changed my name from CHANDUBEN DHUMAL to CHANDUBAI KRISHNA DHUMAL for all future purposes and in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1953 instead of my correct date of birth as 06/03/1953 Vide Affidavit dated 02/07/2025 before Notary Public Delhi

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client (SMFG India Credit Co. Ltd.) that Mr. Deepak Kapoor, Mr. Ram Narain Kapoor, and Mr. Vijay Kumar Kapoor are claiming to be the owners of Property Municipal bearing No. 19/97, area measuring 111.26 sq. yds. situated at West Moti Bagh, Sarai Rohilla, Delhi-110035, vide Relinquishment Deed dated 13.12.2019 executed by Mrs. Ragini Anand, Mrs. Radha Chopra, and Mrs. Neeru Chadha, duly registered as SRO-I Kashmere Gate, as Document No. 12739, Book No.1, and Volume No. 7949, on Pages 38-42, on 26.12.2019. All persons are hereby informed that above mentioned owners want to sell the said property to someone who intends to take loan from our client i.e. SMFG India Credit Co. Ltd. against the said property, if anybody has any objection upon the ownership of above owners over the said property, its title/ its sale/ and/or mortgage, and any other kind of objection/litigation etc., kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
**For Kumar & Associates**
Advocates & Consultants)
200, Second Floors, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-15
legal@knalegal.com
011-41112527-28

**NAME CHANGE**
I, KM SHAIPHALI SONI W/O SURAJ KUMAR R/O H.NO-G164, ANANDAM AWAS, NEAR GARHI ALAWALPUR(294), REWARI, HARYANA-123106, HAVE CHANGED MY NAME TO SHAIFALI SONI FOR ALL FUTURE PURPOSE

**NAME CHANGE**
I, HIRDESH GUPTA S/O RAKESH GUPTA R/O KW-40,MALIBU TOWN, SOHNA ROAD,SECTOR-47, GURGAON, HARYANA-122018, HAVE CHANGED MY MINOR DAUGHTER NAME FROM "RIDHIMA" TO "RIDHIMA GUPTA" FOR ALL FUTURE PURPOSES.

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mr. K.V. Venkateswaran s/o Late Mr. K.V. Vaidyanthan is the owner of Freehold Residential Property bearing no. 20, area measuring 200 sq. yds. In Block-E Situated in Green Park Extent., Delhi. by virtue of Relinquishment Deed dated 18.06.2025 as Doc no. 2025/7/I/7351, Vol no. 8529 Page no. 91-104 SR- V-A., now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and Basement & Ground floor without roof rights sold too be Mr. Rakesh Chowdhary & Mrs. Rekha Chowdhary and same has been finance by Piramal Capital & Housing Finance Ltd. Branch: Kaushambi Ghaziabad Uttar Pradesh. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**
I, KARTTIKEYA is Son of. No. JC-774493N Rank- SUB Name- CHAVAN ANNASAHEB HARISHCHANDRA, UNIT/POSTED AT-211 FD WKSP COY EME (617 EME BN) C/O 99 APO, R/o VILLAGE HATOLA, TEH-WASHI, DISTT-OSMANABAD (DHARASHIV), STATE- MAHARASHTRA, PIN-413526, have changed my name from KARTTIKEYA to KARTTIKEYA CHAVAN for all future purposes. Vide affidavit dated 01.07.2025 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

**NAME AND D.O.B CHANGED**
I, ARCHANA Spouse of No. JC-774493N Rank- SUB Name- CHAVAN ANNASAHEB HARISHCHANDRA, UNIT/POSTED AT-211 FD WKSP COY EME (617 EME BN) C/O 99 APO, R/o VILLAGE HATOLA, TEH-WASHI, DISTT-OSMANABAD (DHARASHIV), STATE- MAHARASHTRA, PIN-413526. have changed my name from ARCHANA to ARCHANA ANNASAHEB CHAVAN. And have changed my date of birth from 26/09/1984 to 23/03/1982 for all future purposes. Vide affidavit dated 01.07.2025 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

**NAME CHANGE**
I, ADITI is daughter of No. No. JC-774493N Rank- SUB Name- CHAVAN ANNASAHEB HARISHCHANDRA, UNIT/POSTED AT-211 FD WKSP COY EME (617 EME BN) C/O 99 APO, R/o VILLAGE HATOLA, TEH-WASHI, DISTT-OSMANABAD (DHARASHIV), STATE- MAHARASHTRA, PIN-413526, have changed my name from ADITI to ADITI CHAVAN for all future purposes. Vide affidavit dated 01.07.2025 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

**NAME CHANGE**
I, APPAJI is legally father of No. 2809000r Rank- HAV Name- NAVALE NILESH APPAJI R/O, VILL NAVALEWADI, POST-MALAWADI, TEH MAN (MALAWADI), DIST-SATARA, STATE-MAHARASHTRA, PIN-415508,have changed my name from APPAJI TO APPAJI DAGADU NAVALE and date of birth from 12/01/1958 to 01/01/1963 for all future purpose. Vide affidavit dated 01.07.2025 before Public Notary Delhi

**NAME CHANGE**
I, SAYALI is legally spouse of No. 2808481A Rank-SEP Name BABAR VINOD EKNATH, R/O VILL-KHOCHI, POST - KHOCHI, TEH-HATKANANGALE, DIST-KOLHAPUR, STATE - MAHARASHTRA, PIN-416110, have changed my name from SAYALI to SAYALI VINOD BABAR for all future purposes. Vide affidavit dated 01.07.2025 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**
I, APPAJI is legally father of No. 2809000r Rank- HAV Name- NAVALE NILESH APPAJI R/O, VILL NAVALEWADI, POST-MALAWADI, TEH MAN (MALAWADI), DIST-SATARA, STATE-MAHARASHTRA, PIN-415508,have changed my name from APPAJI TO APPAJI DAGADU NAVALE and date of birth from 12/01/1958 to 01/01/1963 for all future purpose. Vide affidavit dated 01.07.2025 before Public Notary Delhi

**NAME CHANGE**
I, VAISHALI is legally span of No. 2804170P Rank HAV Name MALI DEEPAK SITARAM, R/O VILL EKLAHARE, POST-EKLAHARE, TEH-AMALNER, DIST-JALGAON, STATE-MAHARASHTRA, PIN-425401, have changed my name from VAISHALI to VAISHALI DEEPAK MALI for all future purpose. Vide affidavit dated 01.07.2025 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SAVITA is legally spouse of No. 2806244X Rank HAV Name GHORPADE SUDHIR JAGANNATH, R/O VILL SHIRDHON, POST-SHIRDHON, TEH-KOREGAON, DIST SATARA, STATE-MAHARASHTRA, PIN-415501, have changed my name from SAVITA to SAVITA SUDHIR GHORPADE for all future purpose. Vide affidavit dated 01.07.2025 before Public Notary Delhi.


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **जावेद खान, पुत्रः जाहिद खान, निवासीः सी—330, शालीमार गार्डन, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.341/2016 U/S 186/353/427/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना मंडावली, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **जावेद खान** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **जावेद खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.341/2016 U/S 186/353/427/34 IPC, थाना मंडावली, दिल्ली** के अभियुक्त **जावेद खान** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **11.11.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सचिन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
कमरा नं. 16, पूर्वी जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/8632/ED/2025**
(अदालती मामला)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल कुमार पुत्र गोपाल पासवान निवासी 36, गली नं. 32, कसोम विहार, थाना ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश;** अन्य पताः **प्लॉट नं. 32, खसरा नं. 790, कासिम विहार, फेज-1, लोनी देहात, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने एफआईआर नं.**179/2019 अन्तर्गत धारा 380/457/411/34 आईपीसी, थाना पहाड़गंज, केंद्रीय जिला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं.**179/2019 अन्तर्गत धारा 380/457/411/34 आईपीसी, थाना पहाड़गंज, केंद्रीय जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.09.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री नीतू शर्मा**
अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-01
कमरा नं. 366, केन्द्रिय जिला
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/8621/CD/2025**
**(Court Matter)**


**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## हरियाणा में बीपीएल को मिलने वाला सरसों तेल हुआ महंगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के बीपीएल परिवारों को सरकार ने झटका दिया है। राशन डिपो पर गरीब परिवारों को हर महीने रियायती दरों पर मिलने वाले सरसों तेल की कीमतों में दोगुणा से अधिक बढ़ोतरी की है। बीपीएल परिवारों को हर महीने 40 रुपये में दो लीटर सरसों का तेल दिया जाता था। यानी उन्हें 20 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से आपूर्ति हो रही थी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निदेशक की ओर से जारी किए गए पत्र में स्पष्ट कर दिया है कि अब बीपीएल परिवारों को पीडीएस योजना के तहत सरसों के तेल के लिए 100 रुपये देने होंगे। यानी बीपीएल परिवारों को अब 20 की बजाय 50 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से फॉर्टिफाइड सरसों का तेल मुहैया करवाया जाएगा। निदेशक की ओर से सभी जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रकों को जारी किए गए इस पत्र में कहा गया है कि वे सुनिश्चित करें कि राशन डिपोधारक उपभोक्ताओं से यह राशि जमा करवाएं। इस लेटर की कॉपी सभी जिलों के डीसी को भी भेजी गई है।

## कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अपने विभागों में तबादलों पर लगाई रोक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अपने अधीन आने वाले तीनों विभागों - परिवहन, उर्जा वश्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के तबादलों (ट्रांसफर) पर रोक लगा दी है। विज ने इस संदर्भ में लिखित में भी आदेश जारी कर दिए। उन्होंने तीनों विभागों के प्रशासनिक सचिवों, विभाग प्रमुखों व प्रबंध निदेशकों को भी इस बाबत हिदायतें जारी कर दी हैं। दरअसल, हरियाणा सरकार ने तबादलों के लिए ऑनलाइन पॉलिसी बनाई है। विज के विभागों में अभी तक पूरी तरह से यह पॉलिसी लागू नहीं हुई है। विज ने आदेशों में कहा है कि जब तब उनके विभागों - ऊर्जा, परिवहन तथा श्रम में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी पूरी तरह से लागू नहीं हो जाती तब जब उनके सभी विभागों में सभी प्रकार के तबादलों पर रोक रहेगी।

## धान रोपाई कर रहे मजदूर पर गिरी आसमानी बिजली, मौत

**हिसार।** जिले के नारनौंद क्षेत्र के गांव उगालन में आसमानी बिजली गिरने से धान की रोपाई कर रहे मजदूर की मौत हो गई। घटना में एक अन्य मजदूर भी घायल हो गया। बताया जा रहा है कि उगालन गांव में मंगलवार सुबह के समय तेज बारिश हो रही थी। इसी दौरान कुछ मजदूर खेतों में धान रोपाई के लिए निकल गए। प्रत्यक्षदर्शी अजय के अनुसार बिहार के रानीगंज निवासी 32 वर्षीय जीवन कुमार सहित कई मजदूर स्थानीय किसान सुमित के खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। मजदूरों ने बताया कि तेज बारिश के दौरान जीवन कुमारऔर अजय धान की पनीरी लाने में व्यस्त थे। इसी दौरान भीषण गर्जना के साथ बिजली कड़की और जीवन कुमार पर गिर गई। घटना में अजय भी आसमानी बिजली की चपेट में आकर झुलस गया। बिजली गिरने की कड़कड़ाहट से सभी मजदूर कांप उठे। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने बताया कि जब वे घटनास्थल पर पहुंचे तो जीवन कुमार जमीन पर पड़ा था। उसकी टी-शर्ट फटी हुई थी और शरीर बुरी तरह झुलसा हुआ था। घायल जीवन व अजय को तत्काल जींद के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर डॉक्टरों जीवन कुमार को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। थाना बास प्रभारी मनदीप ने बताया कि यह एक प्राकृतिक आपदा है और इसमें किसी की लापरवाही नहीं पाई गई है। मृतक के परिजनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। बास थाना पुलिस ने मामले में परिजनों के बयान दर्ज कर इत्तफाकिया कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## डिजिटल अरेस्ट करके ठगी में एक आरएमपी डॉक्टर, एक प्रोपर्टी डीलर सहित तीन गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देते हुए डिजिटल अरेस्ट करके ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरएमपी डॉक्टर, एक प्रॉपर्टी डीलर समेत तीन लोगों को काबू किया है। आरोपी आरएमपी डॉक्टर व प्रॉपर्टी डीलर ने साइबर ठगी के लिए बैंक खाता उपलब्ध कराया था। एक व्यक्ति ने 14 मई 2025 को पुलिस थाना साइबर अपराध पश्चिम, गुरुग्राम में एक शिकायत दी। शिकायत में कहा कि उसके पास एक फोन कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को संचार विभाग का अधिकारी बताया। उसने कहा कि उसके (पीड़ित) के मोबाइल नंबर का प्रयोग अवैध कामों में हुआ है। जिसके लिए उसके खिलाफ पुलिस थाना कोलाबा मुम्बई में केस दर्ज किया गया है। इसके बाद उसने किसी पुलिस अधिकारी को कॉल ट्रांसफर कर दी। उस पुलिस अधिकारी द्वारा बताया गया कि उसका आधार कार्ड मनी लॉन्ड्रिंग में प्रयोग हुआ है। उसके खिलाफ वारंट भी जारी किया हुआ है। 16 अप्रैल 2025 को फिर से उन्होंने व्हाट्स ऐप पर कॉल कनेक्ट की और कहा कि उसको वीडियो कॉल के माध्यम से अदालत में पेश किया जा रहा है। वीडियो कॉल पर एक व्यक्ति को जज बताते हुए उससे मीटिंग कराई। उसके खिलाफ वारंट दिखाकर डराते हुए उससे रुपए ट्रांसफर करवा लिए। इस शिकायत पर थाना साइबर अपराध पश्चिम, गुरुग्राम में केस दर्ज करके जांच शुरू की गई।

# हरियाणा में 2029 तक एमबीबीएस की सीटें होंगी 3400 : नायब सैनी

### राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

एजेंसी

**चंडीगढ़।**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार डॉक्टरों को बेहतर संसाधन के लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना कर रही है। वर्ष 2014 में जहां मेडिकल कॉलेजों की संख्या मात्र छह थी, वहीं आज यह बढ़कर 15 हो गई है और 9 नए कॉलेज निर्माणाधीन हैं।

इसके परिणामस्वरूप एमबीबीएस की सीटें 2014 में 700 से बढ़कर अब 2,185 हो चुकी हैं। राज्य सरकार का वर्ष 2029 तक एमबीबीएस की सीटें 3400 से अधिक करने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सा सेवा से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे मानवता के सच्चे सेवक हैं।




मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर डॉक्टर को सही संसाधन मिले और हर नागरिक को बेहतर इलाज मिले। इसी दिशा में चिकित्सा प्रणाली को सुदृढ़ करते हुए प्रदेश सरकार ने पीजी की सीटें 289 से बढ़ाकर 1043 की हैं। इनके अलावा पी.जी. डिप्लोमा की भी 155 सीटें हैं। प्रदेश में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए वर्ष 2014 से अब तक 3,798 डॉक्टरों की भर्ती की गई है। डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु भी 58 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार डॉक्टर्स-डे का थीम है, 'मास्क के पीछे देखभाल करने वालों की देखभाल'। यह थीम हमें प्रेरित करती है कि हम डॉक्टरों को केवल पेशेवर सेवाओं के लिए ही नहीं, बल्कि मानव कल्याण के लिए भी सराहना करें। उनकी जरूरतों को समझें व उन्हें पूरा करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब पूरा देश घरों में बंद था, उस समय डॉक्टरों ने पीपीई किट पहनकर, परिवार से रहते हुए मरीजों के साथ खड़े थे। कार्यक्रम में चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बाबला, डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता, सचिव डॉ. आकाश गोस्वामी सहित अन्य पदाधिकारी, बड़ी संख्या में डॉक्टर और कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## मेयर ने बिजली अधिकारियों को बताई समस्याएं

एजेंसी

**सोनीपत।** सोनीपत में बिजली संकट और बुनियादी ढांचे की जर्जर स्थिति को लेकर नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। हुई बैठक में बिजली आपूर्ति को मजबूत बनाने और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई जरूरी निर्णयों और सुझावों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अभियंता पलविंद्र सिंह ने की। मेयर राजीव जैन ने कहा कि बिजली ढांचे की कमजोर स्थिति के कारण अघोषित कटौती, लो वोल्टेजऔर बार-बार तार टूटने की समस्याएं सामने आती हैं। उन्होंने ट्रांसफार्मरों के ओवरलोड होने, उनकी जमीन पर स्थिति और सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और सुझाव दिया कि ट्रांसफार्मरों की फैंसिंग अनिवार्य की जाए ताकि दुर्घटनाएं न हों। सड़कों के किनारे पड़े क्षतिग्रस्त खंभों को भी जल्द हटाने की मांग की गई क्योंकि ये दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। जैन ने पुरानी अनाज मंडी, आईटीआई, लहराड़ा,



राठधना रोड, जाट जोशी, गोहाना रोड, मॉडल टाउन, मुरथल रोड, सेक्टर-2, 8 और 12 में 33 केवी सब स्टेशन स्थापित करने हेतु चिन्हित जमीन पर शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया। इस बैठक में अधीक्षण अभियंता गीतू राम, कार्यकारी अभियंता रणबीर, अश्वनी कौशिक, प्रदीप, आशीष दहिया, उपमंडल अभियंता प्रदीप खोखर (सिटी-2 मॉडल टाउन), निर्मल सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्र सदैव चिकित्सकों का ऋणी रहेगा : अभिषेक मीणा

एजेंसी

**रेवाड़ी।** उपायुक्त अभिषेक मीणा ने 35वें राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर जिला रेवाड़ी के चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण, सेवाभाव और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह दिन उन सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है, जो त्याग व समर्पण भाव से समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति बीमार या पीड़ा से ग्रस्त होता है तो सबसे पहले उसके मुंह से भगवान का नाम निकलता है। फिर उसे डॉक्टर में ही भगवान दिखता है। मुश्किल समय में मरीज को एक अच्छा डॉक्टर मिल जाए और उसका कष्ट दूर हो जाए तो यह सबसे बड़ा परोपकार है। कोरोना के समय चिकित्सकों ने आगे आकर अपनी जान की परवाह किए बगैर लोगों का इलाज किया।

डीसी ने बताया कि भारत में हर साल एक जुलाई का दिन राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार 35वां राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मरीज की सही देखभाल थीम



के साथ मनाया जा रहा है। देश में डॉक्टर्स डे मनाने की शुरुआत एक जुलाई 1991 से की गई थी। यह दिन प्रसिद्ध चिकित्सक शिक्षाविद और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया जाता है। उनके योगदान को सम्मान देने के लिए अब हर साल एक जुलाई का दिन 'डॉक्टर्स डे' के रूप में मनाया जाता है।

# कर संग्रह में हरियाणा देशभर में पांचवें स्थान पर पहुंचा: स्नेहलता यादव

### गुरुग्राम में संसाधन भवन में मनाया गया जीएसटी दिवस समारोह

एजेंसी

**गुरुग्राम।** जीएसटी लागू होने की आठवीं वर्षगांठ के अवसर पर गुरुग्राम के सेक्टर-32 स्थित संसाधन भवन में जीएसटी दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभागीय अधिकारियों, कर विशेषज्ञों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों एवं व्यापारिक संगठनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य करदाताओं और विभाग के बीच सकारात्मक संवाद, सहयोग और विश्वास को और सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर हरियाणा राज्य की कर संग्रह उपलब्धियों और उत्कृष्ट कर अनुपालना के लिए चयनित करदाताओं तथा अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त (गुरुग्राम रेंज) स्नेहलता यादव मुख्यातिथि रहीं। अपने संबोधन में स्नेह लता यादव ने



सभी उपस्थित अधिकारियों एवं हितधारकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि करदाताओं के सहयोग, जागरूकता और विभागीय अधिकारियों की सतत मेहनत का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक माह के अंतिम शुक्रवार को कार्यालय में हितधारकों की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिससे समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। स्नेह लता यादव ने बताया कि वर्ष 2024-25 में जीएसटीआर -3बी रिटर्न अनुपालना के मामले में हरियाणा पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा, जो करदाताओं की प्रतिबद्धता और विभाग की सक्रिय पहल का प्रमाण है। उन्होंने जीएसटी सुविधा केंद्र, संवाद - कष्ट निवारण समय, स्टार्टअप एवं एमएसएमई सुविधा कक्ष जैसी पहलों की जानकारी दी, जो करदाताओं को सहज और समर्थ सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से सर्विस विद ए स्माइल के मूलमंत्र के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान पीपीटी के माध्यम से विभागीय उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। जिसमें बताया गया कि वित्त वर्ष 2024-25 में हरियाणा ने 23,253.92 करोड़ रुपये एसजीएसटी संग्रह कर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है, जो गत वर्ष के 20,334.23 करोड़ रुपये की तुलना में 14.35 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

# करोड़ों के घोटाले में डराना का सरपंच निलंबित

एजेंसी

**पलवल।** पलवल जिले के हसनपुर बीडीपीओ कार्यालय में हुए करोड़ों के बहुचर्चित घोटाले में एक नया मोड़ आया है। डराना गांव के सरपंच रॉकी को जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने निलंबित कर दिया है। सरपंच पर आरोप है कि उन्होंने कार्यालय के लिपिक के साथ मिलकर सरकारी बजट में घोटाला किया और 53 हजार रुपये अपने निजी खाते में डलवाए। जांच की कमान अब एसडीएम पलवल को सौंपी गई है, जो इस घोटाले की तह तक जाकर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। चार महीने पहले ही इस मामले में कई अधिकारियों की



गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें हसनपुर बीडीपीओ कार्यालय के लिपिक राकेश, होडल खजाना कार्यालय का कर्मचारी सतपाल और विकास एवं पंचायत विभाग, चंडीगढ़ से सेवानिवृत्त अनुभाग अधिकारी शमशेर सिंह शामिल हैं। जांच के दौरान शमशेर सिंह के आवास से 3.65 करोड़ रुपये नकद और भारी मात्रा में जेवरात भी बरामद किए गए थे, जिससे घोटाले की गंभीरता और गहराई सामने आई थी। डराना गांव के निवासी हरवीर ने 10 जून 2025 को शिकायत देकर इस पूरे मामले का खुलासा किया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सरपंच रॉकी और लिपिक राकेश की मिलीभगत से फर्जी बिलों के जरिए निजी एजेंसियों को भुगतान किया गया और सरकारी खजाने से सीधे 53 हजार रुपये सरपंच के खाते में ट्रांसफर करवा गए। जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जांच रिपोर्ट के आधार पर सरपंच को निलंबित करते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) हसनपुर को निर्देश दिए हैं कि सरपंच से चल-अचल संपत्ति का चार्ज लेकर बहुमत प्राप्त पंच को सौंपा जाए। डीसी ने मामले की नियमित जांच के लिए उपमंडल अधिकारी (ना.) पलवल को जांच अधिकारी नियुक्त किया है, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को सख्त सजा मिल सके।

## सील किए जाने के बाद भी चल रहे रेडी-टू-मिक्सचर प्लांट के खिलाफ करें कार्रवाई: राव नरबीर

एजेंसी

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह मंगलवार को यहां बिजली विभाग (डीएचबीवीएन) तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जिले में विभागीय कार्यों, अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई तथा आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण की समीक्षा की। बैठक में कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता आमजन की सुविधाओं और पारदर्शी प्रशासन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पूर्व में उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को गुरुग्राम जिले में अवैध रूप से संचालित रेडी-टू-मिक्सचर (आरएमसी) प्लांट के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर उन्हें सील करने के निर्देश दिए थे। परंतु यह संज्ञान में आया है कि विभागीय कार्रवाई के बावजूद कुछ आरएमसी प्लांट सील होने के बाद भी फिर से संचालित हो रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं डीएचबीवीएन के अधिकारी संयुक्त रूप से ऐसे अवैध आरएमसी के खिलाफ कार्रवाई करें।

# हरियाणा विस अध्यक्ष ने मानेसर में राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों लिया जायजा

एजेंसी

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मानेसर स्थित आईसीएटी परिसर का दौरा कर तीन और चार जुलाई को आयोजित होने जा रहे देश के पहले राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। हरविंद्र कल्याण ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर पार्किंग, भोजन प्रबंधन, ट्रैफिक संचालन, आगमन व निकास मार्गों, बैठक व्यवस्था, कार्यक्रम समय-सारणी, लिफ्ट की क्षमता व परीक्षण जैसे सभी पहलुओं का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने हर प्रबंध की स्थिति पर अधिकारियों से अलग-अलग जानकारी ली और समयबद्ध व सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि यह हरियाणा के लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन की मेजबानी करने का अवसर हमें मिला है। ऐसे में स्टेट इवेंट के रूप में हरियाणा इस सम्मेलन को प्रभावी रूप से सफल बनाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान देश भर के विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रतिनिधियों को हरियाणवी संस्कृति से भी रूबरू कराया जाएगा और हरियाणवी संस्कृति के साथ अतिथिगण



का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन प्रतिनिधियों के लिए आवास, भोजन, परिवहन और सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की जा चुकी हैं। अतिथियों को उनके ठहराव स्थलों से आयोजन स्थल तक आने-जाने की सुविधा के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक राज्य के प्रतिनिधियों का हरियाणवी परंपरा के अनुरूप स्वागत किया जाएगा और आयोजन स्थल पर उन्हें आवश्यक जानकारी देने हेतु हेल्प डेस्क भी स्थापित किए जा रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से हरियाणा को देशभर से आए प्रतिनिधियों के समक्ष अपनी प्रशासनिक दक्षता, सांस्कृतिक पहचान और उत्कृष्ट नगर प्रबंधन का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। निरीक्षण के दौरान श्री कल्याण ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी प्रतिनिधि या आगंतुक किसी प्रकार की असुविधा का अनुभव न करे, इसके लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की दोबारा पुष्टि करें।

## आयुष्मान लाभार्थियों के इलाज में कोताही बरतने वाले डॉक्टर पर होगी कार्रवाई

एजेंसी

**पानीपत।** पानीपत में आयुष मान कार्ड धारक व्यक्ति के इलाज में कोताही बरतने वाले अस्पतालों के डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पानीपत प्रशासन ने आयुष्मान कार्ड धारकों के हित में आदेश जारी किए है। जिला उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए कहा कि 70 वर्ष ओर उसे से ज्यादा उम्र के वृद्ध का आयुष्मान कार्ड कैसे बनवा सकते हैं। कई वृद्धों का आयुष्मान कार्ड मौके पर बनवाया। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्ड में सरकार ने किसी भी प्रकार की आय से जुड़ी सीमा निर्धारित नहीं की है। इसका लाभ सभी ले सकते है। उन्हें इसके लिए धरातल पर प्रक्रिया को पूरा करना होगा। उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार की इस योजना के लिए 70 व इससे ज्यादा आयु वर्ग के बुजुर्ग ही इस योजना के लिए पात्र होंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत जो हॉस्पिटल पैनल में है बुजुर्गों को उसमें 5 लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। और जो वृद्ध इलाज करवाने के लिए अस्पताल में जाते हैं व जो डॉक्टर उनका सही तरह से इलाज नहीं करता उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर आयुष विभाग के डॉक्टरों ने लोगों को



आयुष्मान कार्ड बनवाने का डेमो भी दिखाया व 70 साल से ज्यादा की आयु के वृद्धों का आयुष्मान कार्ड भी मौके पर बनाया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि सरकार ने बुजुर्गों का सम्मान किया है। यह कार्ड बुजुर्गों को उस वक्त सहयोग प्रदान करेगा जिस वक्त उनकी अपनी संतान भी उनका साथ नहीं देगी।

# हूल दिवस केवल स्मृति नहीं, जनजातीय बलिदान को ऐतिहासिक न्याय है: सुनील देवधर

एजेंसी

**गुरुग्राम।** संथाल स्वाधीनता संग्राम के दस हजार वीर बलिदानियों की स्मृति में हरियाणा में पहली बार हूल दिवस का आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक आयोजन माय होम इंडिया और वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में गुरुग्राम स्थित अपैरल हाउस सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पवन जिंदल, मेयर राज रानी मल्होत्रा, हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन रामअवतार गर्ग, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील देवधर की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि पवन जिंदल ने कहा कि देश को स्वतंत्र कराने में जनजातीय समाज का योगदान किसी भी अन्य समाज से कम नहीं है। हमारे आदिवासी भाई-बहनों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अपने प्राणों की आहुति दी, पर उनका बलिदान इतिहास में कई बार उपेक्षित रह गया। आज का दिन हमें उनकी वीरता, साहस और देशभक्ति को याद करने का अवसर देता है। मुख्य वक्ता सुनील देवधर ने कहा कि हूल क्रांति के वीरों, सिद्धो, कान्हू, चांद, भैरव, फूलो और झानो के त्याग और संघर्ष को आधुनिक भारत का प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने जनजाति ने 30 जून 1855 को ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ हूल (विद्रोह) का बिगुल फूंका। उन्होंने कहा जैसे छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने युद्ध को ईश्वर की इच्छा




कहा कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार हूल दिवस का आयोजन केवल एक स्मृति समारोह नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक न्याय है उन वीर जनजातियों के बलिदान को मान्यता देने का, जो अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ पहले क्रांतिकारी थे। यह संघर्ष जंगलों में लड़ा गया था, जहाँ सिद्धो और कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में संथाल बताया, वैसे ही सिद्धो और कान्हू ने हूल की घोषणा करते हुए कहा यह ठाकुर का आदेश है। उन्होंने बताया यह केवल राजनीतिक विद्रोह नहीं था, यह धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अस्तित्व की रक्षा का युद्ध थाकार्यक्रम अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि भारत मां के इतने लाल उपजे हैं, जिनका त्याग और बलिदान इतिहास में दर्ज होना चाहिए था।

# एसटीएफ ने छह माह में पकड़े 101 गैंगस्टर एवं 58 इनामी बदमाश

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने एक जनवरी से 29 जून 2025 तक संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए 58 इनामी बदमाश, 101 गैंगस्टर/गैंग सदस्य और 178 जघन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया है।हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने चंडीगढ़ में जारी जानकारी में बताया कि 2024 की इसी अवधि से तुलना करें तो तब एसटीएफ ने 100 इनामी, 29 गैंगस्टर व 227 गंभीर अपराधी पकड़े थे। कपूर ने कहा कि हरियाणा पुलिस का एसटीएफ राज्य में संगठित अपराधों के विरुद्ध हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एसटीएफ ने सीमाओं से परे जाकर गैंगस्टरों, नशा तस्करी नेटवर्क और अपराध सिंडिकेट्स के खिलाफ जो कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में हरियाणा की एसटीएफ ने अपराधियों के खिलाफ अपने अभियानों को

**एसटीएफ ने सीमाओं से परे जाकर गैंगस्टर्स, नशा तस्करी नेटवर्क और अपराध सिंडिकेट्स के खिलाफ जो कार्य किया है।**

और अधिक प्रभावशाली बनाते हुए कई उपलब्धियां हासिल की हैं। पूरे वर्ष में एसटीएफ ने 195 इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया, जो 2023 में हुई 175 गिरफ्तारियों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है और यह दर्शाता है कि एसटीएफ ने वांछित अपराधियों के विरुद्ध दबाव बढ़ाया है। जघन्य अपराधों से जुड़े मामलों में एसटीएफ की सक्रियता और भी अधिक प्रभावशाली रही, वर्ष 2023 में 200 आरोपियों की गिरफ्तारी के मुकाबले 2024 में यह संख्या बढ़कर 397 हो गई, जो लगभग 98 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि एसटीएफ ने हत्या, अपहरण, बलात्कार और अन्य गंभीर अपराधों के मामलों में तीव्र और निर्णायक कार्रवाई की है। हरियाणा में एक्टिव गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी 2023 के 69 से घटकर 2024 में 58 रही है, जो इस बात का संकेत है कि एसटीएफ की निरंतर कार्रवाई ने गैंग नेटवर्क को कमजोर कर दिया है।




## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया 17 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.67 रुपये पर बंद हुआ। आज अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सुबह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.28 के स्तर पर खुला। यह शुरुआती स्तर है और बाजार में दिन भर उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। वहीं स्थानीय शेयर बाजार में मजबूती और मानसून की प्रगति से कीमतों में स्थिरता बनने रहने की संभावनाओं के बीच विदेशी करेंसी बाजार में भारतीय रुपया मंगलवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले 25 पैसे मजबूती के साथ बंद हुआ।

## एसबीआई ने आरकॉम के लोन को बताया फ्रॉड!

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के लोन खाते को धोखाधड़ी करार दिया है। साथ ही बैंक ने कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक को रिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह जानकारी रिलायंस कम्युनिकेशंस ने हाल ही में एक नियामकीय फाइलिंग के जरिए दी। एक रिपोर्ट के अनुसार 23 जून 2025 को भेजे गए एक पत्र में एसबीआइ ने कहा कि उसकी फ्रॉड आइडेंटिफिकेशन कमेटी ने आरकॉम के खाते को फ्रॉड घोषित करने का निर्णय लिया है। एसबीआइ ने यह फैसला रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड और अन्य समूह कंपनियों के जरिए संभावित फंड डायवर्जन और लोन शर्तों के उल्लंघन के आधार पर लिया है। एसबीआई की यह कार्रवाई आरकॉम की कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोल्यूशन प्रोसेस (सीआईआरपी) शुरू होने से पहले के कर्ज से जुड़ी है।

## कीस्टोन रियल्टर्स मुंबई में आठ आवासीय परियोजनाओं का करेगी पुनर्विकास

**मुंबई।** रियल एस्टेट कंपनी कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे मुंबई के अंधेरी पश्चिम के अत्यधिक मांग वाले आवासीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर क्लस्टर पुनर्विकास परियोजना के लिए डेवलपर के रूप में आठ आवासीय सोसायटियों द्वारा चुना गया है। पांच सोसायटियों के साथ विकास समझौते (डीए) पर पहले ही हस्ताक्षर हो चुके हैं, जबकि शेष तीन सोसायटियों से एलओआई (आशय पत्र) प्राप्त हो चुके हैं तथा डीए पर अगले कुछ दिनों में हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा` कि इस परियोजना में अंधेरी के जीवंत आवासीय केंद्र के मध्य में स्थित निजी आवास सोसायटियों के समूह का पुनर्विकास शामिल है, जिसमें कुल मिलाकर लगभग 4.75 एकड़ भूखंड होगा, जिसमें 548 मौजूदा सदस्य शामिल होंगे। प्रस्तावित पुनर्विकास से लगभग 10.6 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र उपलब्ध होने तथा लगभग 3,000 करोड़ रुपये का सकल विकास मूल्य (जीडीवी) उत्पन्न होने की उम्मीद है। कीस्टोन ने कहा कि यह विकास प्रमुख उपनगरीय बाजारों में उपस्थिति का विस्तार करने और सूक्ष्म बाजारों और टिकट आकारों में एक अच्छी तरह से विविध पोर्टफोलियो बनाने की अपनी रणनीति के अनुरूप है।

## अमेरिकी ऊर्जा सचिव से ऊर्जा साझेदारी के अवसरों पर हुई चर्चा- जयशंकर

**वाशिंगटन।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी ऊर्जा सचिव क्रिस राइट से मुलाकात की और गहरी द्विपक्षीय ऊर्जा साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की। जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के निमंत्रण पर आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका में हैं। जयशंकर ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच पर कहा, आज वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी ऊर्जा सचिव क्रिस राइट के साथ एक उपयोगी बातचीत हुई। भारत में चल रहे ऊर्जा परिवर्तन के बारे में बात की और भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत बनाने के अवसरों के बारे में भी बात की।

# एसबीआई की बैलेंस शीट का आकार 175 देशों की जीडीपी से अधिक

**नई दिल्ली।**

देश के प्रमुख बैंकों में से एक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कहा कि वर्तमान में उसका वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 1.1 प्रतिशत और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 16 प्रतिशत योगदान है। एसबीआई की बैलेंस शीट का आकार 175 देशों की जीडीपी से भी अधिक है। बैंक ने बताया कि सभी सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन में अब बैंक की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से अधिक हो गई है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) में एसबीआई ने 15 करोड़ खाते खोले हैं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत 14.6 करोड़ लोगों का पंजीकरण किया है। वहीं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत 6.7 करोड़ और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में 1.73 करोड़




लोगों को नामांकित किया है। एसबीआई के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में बैंक का सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के लाभ में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। वहीं कॉर्पोरेट आयकर (वित्त वर्ष 2026) में 2.53 प्रतिशत का योगदान था। बैंक ने कहा कि अगर एसबीआई देश होता तो 52 करोड़

## संभव स्टील ट्यूब्स का शेयर 34 प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध हुआ

**नई दिल्ली।**

संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड का शेयर बुधवार को 82 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 34 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी के शेयर ने निर्गम मूल्य के मुकाबले 34.26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 110.10 रुपये पर अपनी शुरुआत की। इसके बाद यह 35.23 प्रतिशत बढ़कर 110.89 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर संभव स्टील का शेयर 34.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 110 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,966.75 करोड़ रुपये रहा। संभव स्टील के 540 करोड़ रुपये के आईपीओ को पिछले सप्ताह शुक्रवार को बोली के अंतिम दिन तक 28.46 गुना अभिदान मिला। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 77-82 रुपये प्रति शेयर था। आईपीओ में 440 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और प्रवर्तकों द्वारा 100 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## यूरो के मुकाबले रुपये में रिकॉर्ड गिरावट

**1 यूरो की कीमत 100.70 रूपये पर पहुंची**

**नई दिल्ली।**

भारतीय मुद्रा रुपये में यूरो के मुकाबले जोरदार गिरावट दर्ज हुई है। 1 जुलाई 2025 को एक यूरो की विनिमय दर 100.70 रूपये पर पहुंच गई है। जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 89.60 रूपये थी। यानी एक वर्ष में 11.10 रूपये की गिरावट के साथ रुपये का 12.5ऋ से अधिक अवमूल्यन हुआ है। इस गिरावट को भारतीय मुद्रा की बाहरी विनिमय नीतियों और यूरो की मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया मात्र 2.3 रूपये कमजोर हुआ है। वही यूरो मुद्रा के मुकाबले भारतीय मुद्रा 12.5 फ़ीसदी गिर गई है। जिसका भारत पर बहुत बड़ा असर होने जा रहा है। डॉलर की ओर भारत सरकार और रिजर्व बैंक अत्यधिक केंद्रित दृष्टिकोण पर सवाल उठने लगे हैं। आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक व्यापार का लगभग 25ऋ भारतीय आयात एवं निर्यात व्यापार यूरो में होता है।जबकि डॉलर में 55ऋ कारोबार होता है। भारत का वर्तमान मे व्यापारिक संतुलन यूरोप की ओर है, जिससे यूरो के प्रति रुपये की कमजोरी देश की आयात लागत पर प्रभाव होगा। जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए काफी नुकसानदेह है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है, डॉलर के साथ-साथ अन्य प्रमुख मुद्राओं पर भी सरकार और रिजर्व बैंक को सतर्क निगरानी रखने की आवश्यकता है। यही प्रवृत्ति बनी रही, तो मुद्रास्फीति, विदेशी निवेश और व्यापार घाटे पर गहरा असर होना तय है। जिसका बहुत बड़ा असर भारतीय अर्थव्यवस्था और महंगाई के रूप में भारत में पड़ेगा।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**सेंसेक्स 288 और निफ्टी 88 अंक गिरा**

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 287.60 अंक नीचे आकर 83,409.69 अंकों पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 88 अंक टूटकर 25,453.40 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में विशेष रुप से गिरावट रही। वहीं गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ था।

आज सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 14 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए, वहीं अन्य सभी 16 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये। इसी तरह, निफ्टी की 22 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए जबकि 28 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टाटा स्टील के शेयर सबसे ज्यादा 3.72 फीसदी बढ़कर बंद हुए जबकि बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी सबसे ज्यादा 2.10 फीसदी की गिरावट रही। सेंसेक्स की बाकियों कंपनियों में आज , अल्ट्राटेक सीमेंट 1.60 फीसदी, ट्रेंट 1.43 फीसदी, मारुति सुजुकी 1.38 फीसदी, सनफार्मा 0.77 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.65 फीसदी, भारती एयरटेल 0.53 फीसदी, टेक महिंद्रा 0.48 फीसदी, एनटीपीसी 0.30 फीसदी, टाइटन 0.14 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.14 फीसदी और इंफोसिस के शेयर 0.11 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.38 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए।




वहीं लार्सन एंड टुब्रो के शेयर 1.89 फीसदी, बजाज फाइनेंस 1.48 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 1.30 फीसदी, बीईएल 1.23 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.94 फीसदी, पावरग्रिड 0.94 फीसदी, एसबीआई 0.86 फीसदी, रिलायंस 0.66 फीसदी, आईटीसी 0.55 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.36 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 0.28 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.27 फीसदी, एचसीएल टेक 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी और ऑटो सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 225.5 अंक बढ़कर 83,922.79 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 58.75 अंक बढ़कर 25,600.55 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में बैंकॉक, चीन, जापान, सोल और जकार्ता गिरावट के साथ ही लाल निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि केवल हांगकांग हरे निशान में कारोबार कर रहा था।

# सोना 97,200 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी 1,06,600 रुपए के करीब

**नई दिल्ली।**

सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में सुस्ती देखने को मिल रही है। बुधवार के कारोबार में घरेलू बाजार में दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। इस समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 97,200 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,06,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में भाव लुढ़क गए। चांदी गिरावट के साथ ही खुली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 9 रुपये की गिरावट के साथ 97,242 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,251 रुपये था। इस समय यह 64 रुपये की गिरावट के साथ 97,187 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,242 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,157 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 29 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,684 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,06,713 रुपये था। इस समय यह 96 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,617 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,0,6,690 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,0,6,617 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया।




अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोना 3,350 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,349.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,348.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है।

## विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों का अधिग्रहण करेगी एनएमडीसी- सीएमडी

**नई दिल्ली।**

सार्वजनिक क्षेत्र की लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों के अे धिग्रहण करने के बारे में` विचार कर रही है। कंपनी के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा कि इससे कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी। एंटीमनी, लिथियम, कोबाल्ट, तांबा जैसे महत्वपूर्ण खनिज सौर पैनल, पवन चक्की, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों जैसी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए जरूरी हैं। भारत ने उनकी दीर्घकालिक उपलब्धता और प्रसंस्करण सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) शुरू किया है। उन्होंने कहा` कि खनिज विविधीकरण रणनीति के तहत, एनएमडीसी वैश्विक स्तर पर 10 रणनीतिक खनिज परिसंपत्तियों में अधिग्रहण के अवसरों का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रही है। एनएमडीसी वैश्विक महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखला में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अमेरिका में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक अधिग्रहण की संभावनाएं तलाश रही है। दुबई में एनएमडीसी कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि यह शहर वैश्विक अवसरों का प्रवेश द्वार है और नया कार्यालय, कंपनी के खनन परिदृश्य को दोबारा परिभाषित करने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने हाल ही में दुबई में एनएमडीसी कार्यालय का उद्घाटन किया।

# टिकटॉक बेचने की डील फाइनल! ट्रंप जल्द करेंगे खरीदारों के नाम का खुलासा

**वाशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि टिकटॉक को बेचने की डील तकरीबन फाइनल हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि इसे कुछ बहुत अमीर निवेशकों के समूह को बेचा जाएगा। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि हमारे पास टिकटॉक का एक खरीदार हैज लेकिन मुझे लगता है कि इस पर शायद चीन की मंजूरी लेनी होगी। ट्रंप ने खरीदारों के नाम का खुलासा करने से इनकार करते हुए कहा कि वह दो हफ्ते में इस बारे में बताएंगे।

बता दें टिकटॉक चाइनीज कंपनी बाइटडांस के स्वामित्व में है। इस पर आरोप है कि यह ऐप अमेरिकी यूजर्स का डेटा एकत्र करता है और इसे चीनी सरकार के साथ साझा करता है। अप्रैल 2024 में राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें बाइटडांस को टिकटॉक का अमेरिकी कारोबार बेचने या जनवरी 2025 तक बैन का सामना करने का आदेश दिया था। दिसंबर 2024 में वाशिंगटन डीसी की अपील अदालत ने इस कानून को बरकरार रखा। 2025 में ट्रंप ने सत्ता में आने के बाद टिकटॉक को 75 दिन की मोहलत दी ताकि इसे अमेरिकी स्वामित्व में लाया जा सके। ट्रंप इस डेडलाइन को तीन बार बढ़ा चुके हैं।

इस साल की शुरुआत में टिकटॉक के अमेरिकी संचालन को एक नई कंपनी में बदलने की योजना थी, जिसमें अमेरिकी निवेशकों का बहुमत होता, लेकिन जब ट्रंप ने चीनी वस्तुओं पर नए टैरिफ लगाए तो चीन ने इस डील का विरोध किया और बातचीत रुक गई। ट्रंप ने पहले भी बाइटडांस और अमेरिकी निवेशकों के बीच संयुक्त उद्यम का सुझाव दिया था, जिसमें अमेरिका को 50 फीसदी हिस्सेदारी मिलती। ट्रंप ने लैरी एलिसन और एलन मस्क जैसे नामों को संभावित खरीदार बताया था, हालांकि मस्क अब इससे दूर होते दिख रहे हैं। टिकटॉक की बिक्री को लेकर अब सभी की निगाहें 17 सितंबर पर टिकी हैं।

सवाल यही है कि बाइटडांस सौदे को आगे बढ़ाता है या नहीं, और क्या चीनी सरकार इसे मंजूरी देती है।

## महिंद्रा की पॉपुलर ऑफरोड एसयूवी थार ने बनाई मजबूत पकड




**नई दिल्ली।**

भारतीय बाजार में महिंद्रा एंड महिंद्रा की पॉपुलर ऑफरोड एसयूवी थार अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। बिक्री के मामले में यह मारुति जिम्नी से कहीं आगे निकल चुकी है। फिलहाल थार सिर्फ आईसीई इंजन वेरिएंट में बिक रही है, लेकिन ग्राहकों में इसके इलेक्ट्रिक वर्जन को लेकर खासा उत्साह है।

महिंद्रा पहले ही पुष्टि कर चुकी है कि थार को इलेक्ट्रिक पावरट्रेन के साथ भी लॉन्च किया जाएगा। कंपनी हाल के वर्षों में स्वतंत्रता दिवस जैसे मौकों पर अपने नए मॉडलों और भविष्य की योजनाओं का खुलासा करने की परंपरा निभा रही है। आने वाले सालों में महिंद्रा अपने रेगुलर आईसीई और इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए कई नए मॉडल पेश करने की तैयारी में है। कुछ कॉन्सेप्ट पहले ही प्रदर्शित किए जा चुके हैं लेकिन कंपनी के पास कई ऐसे प्रोजेक्ट भी हैं जो अभी तक पर्दे के पीछे हैं। इसी बीच, इंटरनेट पर हाल ही में एक नए प्रोटोटाइप की स्पाई तस्वीरें वायरल हुई हैं। यह नियर-प्रोडक्शन मॉडल कई दिलचस्प डिजाइन डीटेल्स दिखा रहा है। इसमें सीधा फ्रंट फेसिया, स्कॉर्पियो जैसी वर्टिकल ग्रिल स्लैट्स और बॉक्सी बॉडीवर्क महिंद्रा की पहचान बताता है। साथ ही इसका डिजाइन दक्षिण अफ्रीका में दिखाए गए थार.ई कॉन्सेप्ट से मेल खाता नजर आता है।

स्पेयर व्हील के साथ फ्लैट टेलगेट, ऊंचे पिलर और रूफलाइन इसके इलेक्ट्रिक वर्जन की तरफ इशारा करते हैं। हालांकि, कुछ जानकार इसे अगली पीढ़ी के बोलेरो नियो से भी जोड़ रहे हैं। तस्वीरों में स्वूपिंग बोनट, ट्विन पीक्स लोगो, सर्कुलर एलईडी हेडलैम्प्स, चौड़ा इंटेक वाला बम्पर और आयताकार टेललैंप्स दिख रहे हैं। यह प्रोटोटाइप पांच-द्वार वाला नजर आता है और थार रॉक्स के मुकाबले ज्यादा परिष्कृत डिज़ाइन का संकेत देता है।

# ऑल्टो का नया फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च




**नई दिल्ली।**

जापान के ऑटोमोबाइल बाजार में सुजुकी ने 2025 ऑल्टो का नया फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च किया है। यह वर्जन वहां की पॉपुलर केई कार कैटेगरी में आता है। भारत में बिकने वाली ऑल्टो से यह मॉडल पूरी तरह अलग है और तकनीकी रूप से अधिक उन्नत माना जा रहा है। यह नई ऑल्टो न केवल कॉम्पैक्ट और किफायती है, बल्कि पहले से कहीं ज्यादा एडवांस फीचर्स और बेहतर माइलेज के साथ पेश की गई है। इसके डिजाइन में हल्के कॉस्मेटिक बदलाव किए गए हैं जैसे नया फ्रंट ग्रिल, बदला हुआ बंपर और राउंड शेप एयर इनटेक्स, जो इसे स्टाइलिश और परिष्कृत लुक देते हैं। साइड और रियर प्रोफाइल में ज्यादा बदलाव नहीं हैं, लेकिन नया रूफ स्पॉइलर इसकी स्पोर्टी अपील बढ़ाता है। कार की एयरोडायनामिक्स को बेहतर कर इसकी फ्यूल एफिशिएंसी में बड़ा सुधार किया गया है। इसमें 660सीसी का 3-सिलेंडर पेट्रोल इंजन है जो नेचुरली एस्पिरेटेड और माइल्ड-हाइब्रिड विकल्प में मिलता है। हाइब्रिड वर्जन का माइलेज अब 28.2 किलोमीटर प्रति लीटर है, जो इसे जापान की सबसे ज्यादा माइलेज देने वाली हाइब्रिड मिनी कार बनाता है। इंटीरियर में भी पहले से अधिक प्रीमियम फीचर्स जोड़े गए हैं जैसे 7-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, जो 'सुजुकी कनेक्ट' एप से स्मार्टफोन के जरिए कंट्रोल हो सकता है। हाइब्रिड वेरिएंट में लेदर फिनिश स्टीयरिंग व्हील, क्रोम डोर हैंडल्स और अपग्रेडेड स्टील व्हील्स मिलते हैं। सेफ्टी के लिहाज से इसमें अडास टेक्नोलॉजी, डुअल सेंसर ब्रेक सपोर्ट-2, लेन डिपार्चर प्रिवेंशन और ट्रैफिक लाइट डिपार्चर नोटिफिकेशन जैसे एडवांस फीचर्स दिए गए हैं।

# भारतीय ग्राहकों का किआ के सभी मॉडल्स को मिला अच्छा रिस्पॉन्स

**नई दिल्ली।**

किआ कंपनी के लगभग सभी मॉडल्स को भारतीय ग्राहकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इन मॉडलों में सोनेट और सेल्टोस ने खासतौर पर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। कंपनी अब कई नए मॉडल्स को लॉन्च करने की योजना बना रही है। इनमें कुछ मौजूदा पॉपुलर कारों के अपडेटेड वर्जन भी शामिल होंगे और साथ ही इलेक्ट्रिक मॉडल्स भी पेश किए जाएंगे। कंपनी की आने वाली गाड़ियों में सबसे ज्यादा चर्चा किआ कैरेंस क्लैविस ईवी की है। यह मोस्ट-अवेटेड इलेक्ट्रिक एमपीवी 15 जुलाई को भारतीय बाजार में पेश की जाएगी। इसमें 450 किलोमीटर से ज्यादा की ड्राइविंग रेंज मिलने की उम्मीद है, जो ग्राहकों के लिए बड़ा आकर्षण साबित हो सकता है। इसके अलावा, किआ अपनी बेस्ट-सेलिंग एसयूवी सेल्टोस के फेसलिफ्ट वर्जन पर भी काम कर रही है। इसे भारतीय सड़कों पर कई बार टेस्टिंग के दौरान देखा जा चुका है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, नई सेल्टोस में हाइब्रिड पावरट्रेन का विकल्प दिया जा सकता है और इसे 2025 के आखिर या 2026 की शुरुआत में लॉन्च किए जाने की संभावना है। तीसरी अपकमिंग कार किआ साइरोस का इलेक्ट्रिक वैरिएंट है।

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें



ललित गर्ग

**हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था।**




दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी में पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरूआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी।

महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी।

हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है। इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा 'एकता में अनेकता' के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा। किसी भी राज्य में भाषा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर दूसरी भाषाओं को अपमानित करना न तो संवैधानिक है और न ही नैतिक। भाषायी सह-अस्तित्व के लिये महाराष्ट्र में मराठी को सर्वोच्च स्थान मिले, लेकिन हिंदी भाषा को भी सम्मान मिले, यह संतुलन ही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है। स्कूलों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी- तीनों भाषाओं को समुचित महत्व देकर बच्चों में बहुभाषिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल भाजपा एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।

## संपादकीय

### दूरदर्शी कदम

चीन का कहना है, भारत के साथ सीमा विवाद जटिल हैं, इसे सुलझाने में समय लगेगा। साथ ही उसने इच्छा व्यक्त की कि सरहदों के निर्धारण पर चर्चा हो। दोनों देशों के बीच अलग-अलग स्तर पर कूटनीतिक व सैन्य संपर्क प्रणाली मौजूद है। दोनों ने विशेष प्रतिनिधि वार्ता की व्यवस्था भी की है। चीनी विदेश मंत्रालय का कहना है कि हम क्रॉस बॉर्डर सहयोग बढ़ाना चाहते हैं। जैसा कि 2020 की गलवान झड़प में बीस सैनिक शहीद हो गए थे और साठ चीनी जवान भी मारे गए थे। इसके बाद से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के चलते सेना आमने-सामने आती रही हैं। कई इलाकों में चीन की तरफ से घुसपैठ भी हुई। हालांकि अब तक हुई तेईस दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता के बावजूद व्यवस्थित रोड़मैप बनाने में सहमति नहीं बन पाई। बीते दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान चीनी रक्षा मंत्री ड़ोंग जुन से सीमा पर शांति-स्थिरता बनाए रखने की बात की थी। मानसरोवर यात्रा बहाल करने की तारीफ भी की थी। यह चर्चा ऐसे वक्त हुई जब चीन बांग्लादेश व पाकिस्तान के साथ मिल कर एक नया मंच बनाने की तैयारी कर रहा है जो सार्क का स्थान ले सकता है। हालांकि बांग्लादेश इस धारणा को खारिज कर चुका है। मगर चीन बेहतर व्यापार-संपर्क माध्यमों की सहभागिता की आड़. में पड़ोसियों से नजदीकियां बढ़ाने के संकेत देता रहा है। यूं तो चीन की विदेश नीति जटिल रही है खासकर अमेरिका के साथ। परंतु वह रूस के साथ घनिष्ठ राजनीतिक-आर्थिक-सैन्य संबंध रखता है और सुपरपावर बनने का ख्वाब भी देखता है। हालांकि अपने चिर-परिचित अंदाज में बात करने वाले चीनी सरकार के पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिन्दुओं पर पीछे हटने पर बनी सहमति को सकारात्मक तौर पर लिया जा सकता है। यह कहना जल्दबाजी नहीं है कि शर्तों के बावजूद परिसीमन पर होने वार्ता के परिणाम बेहतर सकते हैं। अनिर्धारित, विवादित व संवेदनशील सीमाओं को विश्वास की कमी के कारण जटिल बनाने की बजाय सहमति के साथ चिन्हित करने के प्रयास दोनों पक्षों की तरफ से होने चाहिए। भारत को पड़ोसी मुल्कों के साथ रिश्ते न सिर्फ बेहतर करने पर तवज्जो देनी चाहिए, बल्कि उनके साथ व्यापारिक-आर्थिक-परस्पर सहयोग के मार्ग भी प्रशस्त करने चाहिए। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ने की तैयारी में कूटनीतिक कदम उठाना दूरदर्शिता ही साबित होगी।

## चिंतन-मनन

### कोई भी परिस्थिति हो, ये काम कभी बंद ना करें

अपने विचारों का मूल्यांकन करना कभी भी बंद न करें, क्योंकि विचारों का प्रवाह अनवरत और कभी-कभी अत्यधिक भी हो जाता है। हर नया विचार पुराने को चुनौती देता है। यहीं से भ्रम भी पैदा होता है और कभी-कभी अधिक विचार आने से निर्णय भी गलत हो जाते हैं। रावण के साथ यही हुआ। वह बहुत विद्वान था। लिहाजा उसके भीतर विचारों की भरमार थी।

सुंदरकांड का दृश्य है। रावण के दरबार में हनुमानजी निर्भीक खड़े थे। दोनों का वातार्लाप शुरू होता है।

कह लंकेस कवन तैं कीसा। केहि कें बल घालेहि बन खीसा।।
की धौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही। देखउं अति असंक सठ तोही।।

लंकापति रावण ने कहा - रे वानर! तू कौन है? किसके बल पर तूने वन को उजाड़कर नष्ट कर डाला? क्या तूने कभी मेरा नाम और यश नहीं सुना? रे शठ! मैं तुझे अत्यंत निरूशंक देख रहा हूं।

मारे निसिचर केहिं अपराधा। कहु सठ तोहि न प्रान कइ बाधा।। तूने किस अपराध से राक्षसों को मारा? बता, क्या तुझे प्राण जाने का भय नहीं है? यहां रावण ने हनुमानजी से पांच प्रश्न पूछे। इन शब्दों में अहंकार भरा हुआ था। रावण ने अपने ही विचारों को शब्दों से जोड़ने के लिए अहंकार का सेतु बनाया, जबकि विश्लेषण के साथ शब्द प्रस्तुत करने थे, क्योंकि सामने हनुमानजी खड़े थे।

हनुमानजी की विशेषता यही थी कि वे अपने विचारों का मूल्यांकन करते रहते थे। दरअसल रावण यह मानता ही नहीं था कि वह अहंकारी है। उसके हिसाब से तो जो वह कर रहा होता था, वही सही माना जाए। उसके पास सबकुछ होने के बाद भी वह अव्वल दर्जे का भिखारी था। यहीं से हनुमानजी उसे बुद्धि का दान देना शुरू करते हैं।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, जनसरोकार के प्रतिक



प्रहलाद सबनानी

तीन सितंबर 1964 को मथुरा में जन्में मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल वाणिज्य और कानून में जेएच गवर्नमेंट कॉलेज, बैतूल से स्नातक हैं। उन्हें संगठन निष्ठा, राजनीति और समाजसेवा के संस्कार अपने पिता विजय कुमार खंडेलवाल से विरासत में मिले। हेमंत खंडेलवाल को बैतूल में 'विकास पुरुष' कहा जाता है। विधायक रहते हुए उन्होंने कभी सुरक्षा गार्ड नहीं रखा। न ही गाड़ी पर नाम पट्टिका लगाई, सरकारी आवास लिया। वे हमेशा सादगी और सादा जीवन, उच्च विचार के मूल्यों पर चलते रहे। आज भी देर रात आमजन और पार्टी कार्यकताओं से बात कर उनकी समस्या सुलझाते हैं। उन्होंने कदापि अपने आपको एक नेता नहीं अपितु कार्यकर्ता के तौर पर माना। यथेष्ट, उनको करीब से जानने वाले उन्हें राजनीति के संत और जनसरोकार के प्रतिक मानते हैं।

स्तुत्य, भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक, राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रेरक विजय कुमार खंडेलवाल भाजपा से बैतूल सांसद रह चुके हैं। हेमंत खंडेलवाल अपने पिता के समय से ही जनसेवा के लिए समर्पित रहे। पिता के निधन से बैतूल लोकसभा सीट खाली हो गई। इस दौरान हुए उपचुनाव 2007 में भाजपा ने हेमंत खंडेलवाल को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा और वे लोकसभा पहुंचे। इसके बाद 2010 से 2013 तक बैतूल के जिलाध्यक्ष रहे। 2013 से 2018 तक बैतूल से विधायक निर्वाचित हुए । 2014 से 2018 तक प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष रहे। 2021 पश्चिम बंगाल चुनाव में प्रवासी कार्यकर्ता का प्रभार मिला। 2022 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 15 जिलों के समन्वय प्रभारी बनाए गए। 2023 बैतूल विधान सभा से विधायक निर्वाचित हुए। वर्तमान में कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं।

कर्तव्य निष्ठा, संगठन की गहरी समझ रखने वाले गंभीर व्यक्तित्व के धनी हेमंत खंडेलवाल ने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी है। क्षेत्र के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और किसानों के मुद्दों पर वे हमेशा मुखर और सक्रिय रहे हैं। उनके प्रयासों से बैतूल में कई विकास योजनाएं क्रियान्वित की गईं, जिनका आमजन को सीधा लाभ मिला है। ऐसे अभूतपूर्व जनसेवा से उन्होंने अपनी पहचान बनाई। साथ ही प्रदेश एवं भाजपा के सभी जिला कार्यालय निर्माण संबंधी डिजाइन, निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं को बखूबी देखते रहे। शायद प्रदेश में सबसे अच्छा डिजिटल और सटीक आंकड़ों या संपर्क के मामले में उनका स्वयं का कार्यालय है। जनता जनार्दन और कार्यकताओं तक उनका सीधा संवाद उन्हें आम आदमी का खास मनाता है।

वस्तुतः आज के दौर में शुचिता की राजनीति ऐसी अनूठी मिसाल दुर्लभ है। संवाहक हेमंत खंडेलवाल जनसरोकारी जनप्रतिनिधि के साथ कुशल संगठक की निर्णायक भूमिका भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के दायित्व को संगठन ही सेवा और सेवा ही समर्पण के भाव से अक्षरशः निर्वहन करेंगे। तभी तो राजनीति के प्रतिस्पर्धा के समय में भाजपा जैसे 14 करोड़ प्राथमिक सदस्य वाली दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्हें निर्विरोध निर्वाचित किया



गया है। जो हेमंत खंडेलवाल के समर्पण और जनसेवा पर अपनी मुहर लगाता है। निश्चित ही आपके कुशल नेतृत्व में भाजपा प्रदेश में सबका साथ, सबका विश्वास, सबके प्रयास से अर्जित करेंगी। अभिभूत आपके भाजपा प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने से पार्टी में काम कर रहे हे आम कार्यकताओं में यह संदेश जाएगा कि आज हम जो संगठन और जन सेवा कर रहें हैं उसका परिणाम अवश्य सम्मानित होता है जो आपके नव दायित्व से परिलक्षित होता है।

( पत्रकार व लेखक, स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण से बेचैन हुआ विपक्ष



डॉ. आशीष वशिष्ठ

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पे शल इन्टेन्सिव रिवीजन – एस.आई.आर.) का काम शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक उसकी इस पहल का मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और वास्तविक बनाना है। हालांकि, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ के व्यापक आरोप लगाए हैं। लगभग सभी ने एसआईआर का विरोध किया है और कहा है कि इससे मताधिकार से वंचित होने का गंभीर खतरा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बाकी 3 करोड़ मतदाताओं को प्रमाण के लिए दस्तावेज देने होंगे। वोटिंग लिस्ट में ये संशोधन ऐसे वक्त किए जाने हैं जब बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ऐसे में विपक्षी पार्टियां इस पर नाराजगी जता रही हैं। इस मसले पर विपक्ष की ओर से एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई मुद्दे उठाए थे और व्यावहारिक समस्याएं बताई थीं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 जून को महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग के बारे में कई बातें लिखी थीं। उन्होंने लिखा था, '...क्योंकि महाराष्ट्र की यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर वहां भी, जहां-जहां बीजेपी हार रही होगी।'

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 'पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम' है। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने 27 जून को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है। जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।


महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 2003 में जब मतदाता सूची का पुनरीक्षण हुआ था तो उसमें दो साल लगे थे और तब साढ़े चार करोड़ से कुछ ज्यादा मतदाता थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का मानना है कि विधानसभा चुनाव से एक महीने पहले सघन पुनरीक्षण अभियान संभव नहीं है। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है? क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है? नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है।

संविधान का अनुच्छेद 324 (1) भारत के निर्वाचन आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के - चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति देता है। गहन पुनरीक्षण में मतदाता सूची को नए सिरे से तैयार किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है।

राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फादा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं।

बिहार की राजनीति को करीब से जानने वालों के अनुसार, निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा।

बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी




लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद का वोट शेयर बढ़ा था। राजद को 23.11 फीसदी वोट मिले। भाजपा को 19.46 प्रतिशत ही वोट मिले, जदयू के खाते में 15.42 प्रतिशत वोट आया। 2024 लोकसभा चुनाव में बिहार में भाजपा और जेडीयू ने 12-12 सीटें जीती। आरजेडी ने 4 सीटें, कांग्रेस ने 3 सीटें और एलजेपी (आर) ने 5 सीटें जीती हैं। सीपीआई (एमएल) ने 2 सीटें जीती हैं, जबकि एचएएम और एक स्वतंत्र उम्मीदवार ने 1-1 सीट जीती है।

जाति आधारित सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार बिहार में करीब 17.70 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। वहीं, बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 47 सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोटर अहम भूमिका अदा करते हैं। इन इलाकों में मुस्लिम आबादी 20 से 40 प्रतिशत या इससे भी अधिक है। बिहार की 11 सीटें हैं, 10 से 30 फीसदी के बीच मुस्लिम मतदाता हैं। जानकारों का मानना है कि चुनिंदा क्षेत्रों में अगर एक निश्चित मात्रा में नाम कट जाएं तो मुकाबला कमजोर हो जाएगा। इसको समझने के बावजूद विपक्षी पार्टियां सड़क पर नहीं उतर रही हैं। हो सकता है कि इससे मुकाबले के लिए वे न्यायपालिका का रुख करें।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में गवाह गैर हाजिर, टली सुनवाई, अब 14 जुलाई की तारीख हुई तय

सुलतानपुर (एजेंसी)। जिले की एमपी-एमएलए अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले की सुनवाई मंगलवार को टल गई। मंगलवार को गवाह से जिरह होनी थी, लेकिन गवाह के न आने पर अदालत ने अगली सुनवाई 14 जुलाई को निर्धारित की है। यह मामला वर्ष 2018 का है, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। मिश्रा का आरोप था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पिछली सुनवाई एक जून को हुई थी। भाजपा नेता विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि उपरोक्त मामले में सुनवाई के लिए अदालत ने 14 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। एमपी-एमएलए अदालत ने दिसंबर 2023 को राहुल गांधी के खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल ने अदालत में आत्मसमर्पण किया और उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दे दी गई। इसके बाद 26 जुलाई 2024 को राहुल ने अदालत में अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा था कि उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है।



## जालंधर में आए दिन हो रही अपराधिक घटनाओं से दहशत में शहरवासी

**- बीते कुछ महीनों से जालंधर में गोलीकांड, मारपीट जैसे मामलों में तेज़ी से इज़ाफा हुआ**

जालंधर (एजेंसी)। शहर में आए दिन हो रही अपराधिक घटनाएं आम नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर चिंता पैदा कर रही हैं। बीते कुछ महीनों से जालंधर में गोलीकांड, मारपीट और धमकियों जैसे मामलों में तेज़ी से इज़ाफा हुआ है, जिससे शहर के लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। ताज़ा मामला शहर के पॉश इलाके मॉडल टाउन का है, जहां एक जिम से बाहर निकल रहे आरटीआई एक्टिविस्ट पर दो अज्ञात हमलावरों ने गोली चलाने की कोशिश की। गनीमत रही कि पिस्तौल में गोली फंस जाने के कारण बड़ा हादसा टल गया। घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है और पुलिस जांच में जुटी है। इससे पहले भी जालंधर में एक के बाद एक हिंसक घटनाएं सामने आ चुकी हैं - चाहे वो सड़क पर सरेआम फायरिंग हो या फिर किसी व्यापारी या सामाजिक कार्यकर्ता पर हमले की वारदात। स्थानीय लोगों और समाजिक संगठनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि शहर में फैल रहे इस तरह के असामाजिक तत्वों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। वह ऐसे गुंडा तत्वों के खिलाफ समय रहते कड़ा कदम उठाए और कानून-व्यवस्था को बहाल रखे, ताकि नागरिक बिना किसी डर के सामान्य जीवन जी सकें।

## मराठी नहीं बोल पाने के कारण मुंबई में दुकानदार से मारपीट

**- पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया**

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई में एक दुकानदार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है जिसमे 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है ?कि दुकानदार के मराठी नहीं बोल पाने के कारण उस पर हमला किया गया। मारपीट करने वाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ता थे। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार मिठाई की दुकान चलाने वाले 48 साल के बाबूलाल खिमजी चौधरी ने कहा कि कुछ लोग सुबह उनकी दुकान में आए थे। उन्होंने कहा कि कपड़ों पर मनसे के चिह्न बने हुए थे। जब दुकानदार ने उनके साथ हिंदी में बात की, तो बहस शुरू हो गई और मराठी नहीं बोल पाने के कारण दुकानदार के साथ मारपीट की गई। एक अखबार के अनुसार चौधरी ने कहा, दो लोग मेरे पास आए और दोबारा कहा कि अगर मुझे काम करना है, तो मुझे मराठी आनी चाहिए और बहस के बाद पीटा। उन्होंने कहा कि उन लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। मैंने उन्हें कहा कि मेरे कर्मचारी दूसरे राज्यों से हैं और मराठी ठीक से नहीं बोल पाते, लेकिन उन लोगों ने जोर दिया कि महाराष्ट्र में सभी को मराठी आनी चाहिए। चौधरी ने बताया है कि जब उससे पूछा गया कि महाराष्ट्र में कौन सी भाषा बोली जाती है, तो इस पर जवाब दिया कि सभी भाषाएं बोली जाती हैं। खबर है कि इसके बाद लोग और नाराज हो गए थे।

## पाकिस्तान की गलती ने दो भारतीयों की जान ले ली

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पाकिस्तान की गलती ने दो भारतीयों की जान ले ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के ड्रोन के टुकड़ों से घायल हुए पंजाब के एक बुजुर्ग की मौत हुई है। वह, डेढ़ महीने से ज्यादा समय से अस्पताल में भर्ती थे। खास बात है कि घायल हुईं उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो गया था। रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को 65 साल से लखविंदर सिंह की लुधियाना स्थिति अस्पताल में मौत हो गई। वे फिरोजपुर जिले के खाई गांव के निवासी थे। इससे पहले 13 मई को पत्नी सुखविंदर कौर की भी मौत हो चुकी है। भारत-पाक संघर्ष के दौरान जम्मू और कश्मीर के बाहर हुई यह पहली आम नागरिक की मौत थी। दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ड्रोन लांच किए थे। भारतीय वायुसेना ने इन्हें तबाह किया था। इनके मलबे से लखविंदर, सुखविंदर और उनका बेटा मोनू झुलस गया था। हालांकि, कुछ समय बाद ही मोनू को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था, लेकिन दोनों अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती रहे। शुरुआत में तीनों को फिरोजपुर शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में लुधियाना स्थिति अस्पताल में शिफ्ट कर दिया था।

# कमलनाथ सरकार को गिराने में अहम भूमिका निभाने वाले खंडेलवाल, भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष



**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में विधायक हेमंत खंडेलवाल को भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष चुना है। चुनावी प्रबंधन में माहिर खंडेलवाल 22 साल की उम्र से चुनाव अभियान को बखूबी संभाल रहे हैं। 2020 में कमलराज के खिलाफ विद्रोह से सत्ता में आई भाजपा में उनकी समन्वय की बड़ी भूमिका रही। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें प्रदेश चुनाव समिति का संयोजक नियुक्त किया गया था, जहां भाजपा ने सभी 29 सीटों पर जीत हासिल की। पिता के निधन के बाद राजनीति में उतरे खंडेलवाल 2013 में बैतूल विधानसभा सीट से पहली बार विधायक बने थे।

22-23 साल की उम्र में वे अपने पिता विजय खंडेलवाल का चुनाव अभियान पर्दे के पीछे से संचालित करते रहे। 2018 के विधानसभा चुनाव में सत्ता गवां चुकी भाजपा 2020 में कमलराज के खिलाफ जिस विद्रोह से सत्ता में आई, उसमें समन्वय की बड़ी भूमिका खंडेलवाल की भी रही। दरअसल सिंधिया गुट को साधकर कमल खिलाने में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही।

बता दें कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में कांग्रेस के कुछ विधायकों द्वारा किए गए विद्रोह को भाजपा ने साधा और अपने साथ शामिल कर नई सरकार बनाने की कवायद शुरु की। उन्हें टूटने से बचाने के लिए भाजपा शासित कर्नाटक के बेंगलुरु ले जाया गया। कांग्रेस के सिंधिया के गुट और भाजपा नेतृत्व के बीच समन्वय की जिम्मेदारी जिन नेताओं को मिली, उसमें प्रदेश भाजपा के तत्कालीन संगठन चुनाव प्रभारी हेमंत खंडेलवाल प्रमुख थे।

भाजपा का अभियान सफल रहा और शिवराज सिंह चौहान चुनाव हारने के बाद भी मुख्यमंत्री बनने में सफल हुए। सभी 29 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की। इसके बाद से ही केंद्रीय नेतृत्व बड़े चुनाव प्रबंधन में इनकी जिम्मेदारी बढ़ाता गया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें प्रदेश चुनाव समिति का संयोजक बनाया। यहां की सभी 29 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की। खंडेलवाल ने वर्ष 2014 से 2018 तक पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष का दायित्व भी निभाया। वर्ष 2010 से 2013 तक उन्होंने भाजपा के बैतूल जिलाध्यक्ष का दायित्व भी संभाला।

खंडेलवाल वर्ष 2007 में पिता के निधन के बाद हुए उप चुनाव में लोकसभा का प्रत्याशी बनकर उतरे। यहां से उनके सक्रिय राजनीतिक जीवन की शुरुआत हुई। वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें बैतूल विधानसभा सीट से उतारा। वे जीत भी गए। वर्ष 2018 के चुनाव में उन्हें दोबारा टिकट मिला, लेकिन जीत नहीं पाए। तीसरी बार वर्ष 2023 के चुनाव में पार्टी ने एक बार फिर उन्हें टिकट देकर मैदान में उतारा और वे जीतने में सफल रहे।

### सामाजिक दायित्व निभाने में भी आगे

खंडेलवाल सामाजिक दायित्व निभाने में भी पीछे नहीं रहते हैं। बैतूल जिले के ग्रामीण अंचलों तक साधनों के अभाव के कारण कई बार बैतूल के जिला अस्पताल से लोगों को घर तक स्वजन का शव ले जाने के लिए बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता था। यह देखकर खंडेलवाल ने अपने पिता की स्मृति में वर्ष 2015 में शांति वाहन सेवा की शुरुआत की। इसके माध्यम से दुख के समय पीड़ित परिवार के सहयोगी के रूप में सबसे आगे खड़े रहकर वाहन की मदद से अब तक 3300 शवों को स्वजन के साथ घर तक पहुंचाया गया।

## थानाध्यक्ष ने टेंपो चालक को पीटा, ब्राह्मण मेरा दुश्मन कहकर थूक चटवाकर माफी मांगवाई

**पटना।** बिहार के शेखपुरा जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक थानाध्यक्ष पर टेंपो चालक से थूक चटवाने और उसकी बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा है। पीड़ित टेंपो चालक, मेंहुस गांव निवासी अजय मिश्रा के 26 वर्षीय पुत्र प्रद्युम्न कुमार के मुताबिक थानाध्यक्ष प्रवीण चंद्र दिवाकर ने साइड न देने पर टेंपो चालक को रोका, थाना ले जाकर पीटा, फिर उसकी जाति पूछी और ब्राह्मण मेरा दुश्मन है जैसे शब्द कहे, जिसके बाद थूक चटवाकर माफी मांगने को कहा।

पीड़ित टेंपो चालक ने बताया कि वह सवारी उतार कर घर जा रहा था, तभी पीछे से बुलेट पर आ रहे थानाध्यक्ष ने साइड न मिलने पर रोककर लाठी से पीटा। इसके बाद टेंपो जब्त कर थाना ले जाकर फिर उसकी पिटाई की गई। हालांकि, थानाध्यक्ष ने आरोपों से इंकार कहा कि टेंपो चालक ने गश्ती कर रही महिला सिपाही को देखकर सीटी मारी थी, इसकारण थाने लाकर पीटा गया था। पीड़ित ने बरबीघा विधायक सुदर्शन कुमार से संपर्क किया, जिन्होंने घटना सुनकर तुरंत एसपी से बात की। विधायक ने एसपी से जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा मिलने की बात कर घटना की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस को आम लोगों के साथ ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं करना चाहिए। उन्होंने डीजीपी स्तर तक कार्रवाई की मांग करने और कार्रवाई न होने पर थाना के समक्ष धरना देने की चेतावनी दी।

## नए आपराधिक कानूनों से न्याय के प्रशासन में सिर्फ भ्रम पैदा हुआ: चिदंबरम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने बुधवार को कहा कि तीन नए आपराधिक कानून बनाने की कवायद निरर्थक थी और इससे न्यायाधीशों, वकीलों और पुलिस समेत न्याय के प्रशासन में केवल भ्रम पैदा हुआ है।

चिदंबरम ने यह भी दावा किया कि नए अधिनियम ज्यादातर 'कॉपी एंड पेस्ट' वाले हैं और कुछ ही नए प्रावधान जोड़े गए हैं। उनकी यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों के अधिनियमन को स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ा सुधार करार दिए जाने के एक दिन बाद आई है।

शाह ने इस बात पर जोर दिया था कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने नए कानून - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) बनाए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों के सभी अधिकार सुरक्षित हैं और कोई भी अपराधी दंड से बच नहीं सकेगा।

सरकार पर निशाना साधते हुए कि चिदंबरम ने कहा कि उसने बार-बार दावा किया है कि तीन आपराधिक कानून आजादी के बाद सबसे बड़े सुधार हैं, जबकि यह बात सच्चाई से कोसों दूर है। पूर्व गृह मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैंने तीन विधेयकों की जांच करने वाली स्थायी संसदीय समिति को एक असहमति नोट भेजा था, और यह संसद में पेश की गई रिपोर्ट का हिस्सा है।''

उन्होंने कहा, ''मेरे असहमति नोट में संबंधित नए विधेयक के साथ आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा दर धारा की तुलना करने के बाद मैंने दावा किया था कि आईपीसी का 90-95 प्रतिशत, सीआरपीसी का 95 प्रतिशत और साक्ष्य अधिनियम का 99 प्रतिशत हिस्सा 'कॉपी' करके दिया गया है और संबंधित नए विधेयक में 'पेस्ट' कर दिया गया है।'' चिदंबरम ने कहा कि इन नए कानूनों से न्याय के प्रशासन में सिर्फ भ्रम पैदा हुआ है।

## राजनाथ सिंह ने समझाई सच्ची धर्मनिरपेक्षता, विपक्ष पर लगाया मगरमच्छ के आंसू बहाने का आरोप, सीएए का किया जिक्र



**पटना (एजेंसी)।** भारत के पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हो रहे व्यवहार पर चिंता के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के लागू होने पर इसका विरोध करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की। राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने सीएए का पुरजोर विरोध किया जबकि अल्पसंख्यकों के लिए लगातार मगरमच्छ के आंसू बहाए। सिंह ने कहा कि पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे अत्याचारों को देखते हुए हमारी सरकार ने सीएए पारित किया, जिसका सबसे ज्यादा विरोध उन राजनीतिक दलों ने किया जो अल्पसंख्यकों के लिए दिन-रात मगरमच्छ के आंसू बहाते हैं।

रक्षा मंत्री ने पटना में पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मनोबल बढ़ाने वाला भाषण दिया। बांग्लादेश का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में स्थिति काफी खराब होती जा रही है। वहां हिंदू समुदाय के साथ जो कुछ हो रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज के माथे पर दाग से कम नहीं है। यह टिप्पणी बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और व्यवस्थित भेदभाव की परेशान करने वाली रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आई है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा दुनिया की एकमात्र पार्टी है जिसने पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए नागरिकता अधिनियम में संशोधन किया है। इसे ही सच्ची धर्मनिरपेक्षता कहते हैं। मैं धर्मनिरपेक्षता के पैरोकार होने का दावा करने वालों से पूछना चाहता हूँ कि जब 1975 में संविधान में %धर्मनिरपेक्ष% शब्द जोड़ा गया था, तो इसे जम्मू-कश्मीर के संविधान में क्यों नहीं जोड़ा गया? क्या जम्मू-कश्मीर को धर्मनिरपेक्ष नहीं होना चाहिए था? जब हमने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया, तो वह सही मायनों में धर्मनिरपेक्ष हो गया।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवंत दस्तावेज है। कांग्रेस और आरजेडी इस बार लोगों को गुमराह करने की अपनी कोशिश में सफल नहीं होंगे... धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले लोगों को धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के संविधान पर अपनी सहमति देनी चाहिए।

## मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ मकोका लगाने के लिये सरकार मौजूदा कानूनों में संशोधन करेगी : फडणवीस



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार मादक पदार्थ तस्करों पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत कठोर कार्रवाई करने के लिये मौजूदा कानूनों में संशोधन करेगी। उन्होंने कहा कि यह संशोधन राज्य विधानमंडल के चल रहे मानसून सत्र में किया जाएगा। विधान परिषद में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए फडणवीस ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है और वर्तमान में उन पर स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाता है। फडणवीस ने हालांकि कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों को जमानत मिल जाती है और वे फिर से अपनी गतिविधियां शुरू कर देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'सरकार कानून में संशोधन कर रही है ताकि इन लोगों को मकोका के तहत गिरफ्तार किया जा सके। राज्य विधानमंडल के चल रहे मानसून सत्र में यह संशोधन किया जाएगा।

## कार्तिक महाराज पर दुष्कर्म का आरोप, हाईकोर्ट से एफआईआर रद्द करने की मांग

**– टीएमसी ने कहा आरोपी भगवा कैंप के करीबी इसलिए बीजेपी चुप**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पद्मश्री से सम्मानित और भारत सेवाश्रम संघ मुर्शिदाबाद इकाई से जुड़े कार्तिक महाराज पर महिला ने दुष्कर्म के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि 2013 में महाराज ने उसके साथ छह महीने तक दुष्कर्म किया जब वह गर्भवती हो गई तो उसे गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में कार्तिक महाराज ने कलकत्ता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। उन्होंने कोर्ट से अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की है। जस्टिस जय सेनगुप्ता की बेंच ने उनकी याचिका स्वीकार कर ली है। इस मामले पर बुधवार को सुनवाई हो सकती है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कार्तिक महाराज पर महिला ने आरोप लगाए हैं। पुलिस ने कार्तिक महाराज को पूछताछ के लिए बुलाया था। सोमवार को नाबग्राम पुलिस स्टेशन ने भारत सेवाश्रम संघ की मुर्शिदाबाद इकाई को एक नोटिस भेजा था। इस नोटिस में कार्तिक महाराज को मंगलवार को पुलिस स्टेशन में पेश होने को कहा था। हालांकि, कार्तिक महाराज उस समय वहां मौजूद नहीं थे। इसलिए, नोटिस आश्रम के एक प्रतिनिधि को सौंप दिया गया।



मंगलवार को कार्तिक महाराज के वकील जस्टिस सेनगुप्ता की बेंच के पास पहुंचे। उन्होंने पुलिस स्टेशन में पेश होने की समय सीमा समाप्त होने से पहले एफआईआर रद्द करने की गुहार लगाई। याचिका में कहा गया है कि पुलिस ने 13 साल पहले हुई एक घटना के संबंध में महिला की शिकायत के आधार पर बिना किसी जांच के एफआईआर दर्ज कर ली है। कार्तिक महाराज ने शुरुआत से ही आरोपों को गलत बताया था। उनका कहना है कि पुलिस की कार्रवाई सिर्फ उन्हें परेशान करने के लिए की जा रही है। इस मामले को लेकर राजनीति भी गरमा गई हैं। तृणमूल कांग्रेस इस मुद्दे उठा रही है। उनका आरोप है कि बीजेपी इस बलात्कार के मामले पर चुप क्यों है, क्योंकि आरोपी भगवा कैंप के करीबी बताए जाते हैं। दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल बीजेपी इकाई ने शिकायत के समय पर सवाल उठाए हैं। बीजेपी नेताओं का कहना है कि कथित दुष्कर्म की घटना के 13 साल बाद शिकायत दर्ज कराई गई है। वो भी ऐसे समय में जब राज्य सरकार और सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज रेप केस को लेकर घिरी हुई हैं। पिछले हफ्ते नाबग्राम पुलिस को दी गई शिकायत में महिला ने आरोप लगाया था कि कार्तिक महाराज ने उसे चानाक आदिवासी आवासीय बालिका विद्यालय में नौकरी का वादा किया था। यह स्कूल आश्रम द्वारा चलाया जाता है। महिला और महाराज की मुलाकात दिसंबर 2012 में हुई थी। पीड़िता ने कहा कि उसे जनवरी 2013 में स्कूल के छात्रावास में रहने की जगह भी दी गई थी। महिला ने कार्तिक महाराज पर जनवरी और जून 2013 के बीच कम से कम 12 बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

## सालाना 6.8 करोड़ टन खाना फेंका जाता है भारत में: रिपोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया में खादय अपशिष्ट के मामले में चीन पहले नंबर पर है जहां हर साल करीब 9.1 करोड़ टन भोजन बर्बाद होता है। इसके बाद भारत का स्थान आता है जहां सालाना लगभग 6.8 करोड़ टन खाना फेंका जाता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की ताजा रिपोर्ट में एशिया में खाद्य अपशिष्ट को लेकर चिंताजनक स्थिति उजागर हुई है। इस आंकड़े के साथ भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है। यह स्थिति उस वक्त और भी गंभीर नजर आती है जब देश में करोड़ों लोग गरीबी और भूख का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत की कुल खाद्य आपूर्ति का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा उपभोग से पहले ही खराब या बर्बाद हो जाता है। यह सप्लाई चेन की कमजोरियों, भंडारण की समस्याओं और वितरण व्यवस्था की खामियों को भी उजागर करता है।

संयुक्त राष्ट्र ने इस स्थिति को वैश्विक संकट बताते हुए चेताया है कि खाद्य अपशिष्ट न केवल नैतिक और सामाजिक चुनौती है बल्कि इसका पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर भी भारी बोझ पड़ता है। खराब या बर्बाद हुआ भोजन केवल संसाधनों की बर्बादी नहीं है बल्कि इसके उत्पादन में इस्तेमाल पानी, जमीन और ऊर्जा का अपव्यय भी है। साथ ही यह जलवायु परिवर्तन में योगदान देने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी बढ़ाता है। भारत सरकार और कई गैर-सरकारी संगठन इस चुनौती से निपटने के प्रयासों में जुटे हैं। 'जीरो फूड वेस्ट' जैसी पहलों के तहत कई शहरों में होटल, रेस्टोरेंट और विवाह आयोजनों से बचा हुआ भोजन गरीबों तक पहुंचाने की योजनाएं बनाई गई हैं। हालांकि विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्रयासों को सफल बनाने के लिए जन-जागरूकता बढ़ाना, सख्त कानूनी प्रावधान लागू करना और तकनीकी सहयोग को बढ़ाना जरूरी होगा। भारत में फिलहाल करीब 19 करोड़ लोग कुपोषण का सामना कर रहे हैं। ऐसे में खाद्य अपशिष्ट को रोकना सिर्फ एक प्रशासनिक काम नहीं, बल्कि मानवीय जिम्मेदारी है, जिससे भूखमरी और कुपोषण जैसे संकटों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यह समस्या केवल सरकारी नीतियों से नहीं सुलझेगी, इसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। जब एक तरफ थालियों से भोजन फेंका जाता है और दूसरी तरफ बड़ी आबादी भूख और कुपोषण से ग्रस्त है, तो यह सामाजिक और मानवीय असंतुलन का प्रतीक बन जाता है।

## कांवड़ यात्रा को देखते हुए जारी किए कड़े निर्देश, भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

**–खाद्य लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रमुखता से दिखाना होगा**

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड सरकार ने आगामी कांवड़ यात्रा को देखकर कड़े निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत यात्रा मार्ग पर स्थित सभी भोजनालयों, होटलों, ढाबों, ठेलों और स्टॉलों के लिए खाद्य लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रमुखता से दिखाना होगा। स्वास्थ्य सचिव एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इन प्रमाण पत्रों की साफ प्रति प्रतिष्ठान में आसानी से दिखने वाली जगह पर लगी होना चाहिए। छोटे व्यापारियों और ठेला-खोमचा मालिकों को भी अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र अपने पास रखने और प्रदर्शित करना होगा। इसके अलावा, होटल, भोजनालय, ढाबे और रेस्तरां को खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड भी लगाना होगा, इससे ग्राहक खाद्य गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान कर सकें। अधिकारी ने चेतावनी दी कि इन निर्देशों का पालन न करने वाले व्यवसायों पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की धारा 55 के तहत 2 लाख तक का जुर्माना लग सकता है।

धामी सरकार ने दो टूक कहा है कि पंडालों और सामुदायिक रसोई में श्रद्धालुओं को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। मिलावट करने वालों और मानकों से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई होगी, क्योंकि श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त ने बताया कि हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी और उत्तरकाशी जिलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें नियमित रूप से पंडालों से दूध, मिठाई, तेल, मसाले और पेय पदार्थों के नमूने एकत्र करेंगी और उन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजेंगी। यदि कोई नमूना निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता है, तब प्रतिष्ठान को तुरंत बंद कर दिया जाएगा। कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से शुरू हो रही है, जो श्रावण मास की शुरुआत का प्रतीक है। इस यात्रा में भक्त हरिद्वार, गौमुख, गंगोत्री और सुल्तानगंज जैसे स्थलों से गंगा से पवित्र जल एकत्र कर स्थानीय शिव मंदिरों में चढ़ाते हैं।



जानकारी

# क्या आप भी चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं? जानें कितना सुरक्षित है फेस वैक्सिंग

कई महिलाएं चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं। जिन महिलाओं के चेहरे पर ज्यादा बाल होते हैं, वो चेहरे पर ब्लीच, थ्रेडिंग या वैक्सिंग कराती हैं। लेकिन जो महिलाएं चेहरे पर वैक्सिंग कराती हैं, उन्हें चेहरे पर वैक्सिंग कराने के साइड इफेक्ट्स के बारे में भी मालूम होना चाहिए। चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। यहां पर हम आपको बता रहे हैं कि चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय किन बातों का ध्यान जरूर रखें।

## चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय इन बातों का ध्यान रखें




- चेहरे पर वैक्सिंग कराते समय जरा सी गलती होने पर चेहरे की खूबसूरती बिगड़ सकती है इसलिए चेहरे पर वैक्सिंग बहुत सोच-समझकर कराएं।
- चेहरे की त्वचा बहुत सॉफ्ट होती है और चेहरे पर वैक्सिंग कराने से चेहरे पर बहुत जल्दी झुर्रियां यानी रिंकल्स हो सकते हैं, इसलिए बहुत जरूरी हो तो ही चेहरे पर वैक्सिंग कराएं।
- वैक्सिंग से हेयर फॉलिकल्स को नुकसान पहुंचता है, जिससे चेहरे पर सूजन, दाग पड़ जाना, इंफेक्शन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।
- यदि आपके चेहरे पर बाल कम हैं, तो वैक्सिंग की बजाय चेहरे पर ब्लीच कर लें।
- यदि आपके चेहरे पर बहुत मोटे बाल हैं, तो आपके लिए लेजर हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट बेस्ट है।
- यदि आप अपने हाथ-पैर की वैक्सिंग खुद घर पर ही करती हैं, तो भी चेहरे की वैक्सिंग खुद न करें, क्योंकि चेहरे की वैक्सिंग मुश्किल होती है। चेहरे की वैक्सिंग करते समय वैक्स का टेम्प्रेचर, वैक्सिंग स्ट्रिप की क्वालिटी आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है इसलिए हमेशा एक्सपर्ट से ही चेहरे की वैक्सिंग कराएं।
- वैक्सिंग कराते समय अपने स्किन टाइप का भी जरूर ध्यान रखें। यदि आपकी स्किन सेंसिटिव है, तो एक्सपर्ट से इस बारे में पहले ही डिस्कस कर लें, वरना चेहरे पर इंफेक्शन हो सकता है।
- चेहरे की वैक्सिंग कराते समय हाइजीन का विशेष ध्यान रखें, वरना चेहरे पर इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ सकती है।
- चेहरे पर वैक्सिंग कराने के तुरंत पहले या बाद में ब्लीच न करें, इससे आपके चेहरे को नुकसान हो सकता है। चेहरे पर ब्लीच करना है या नहीं इसके बारे में एक्सपर्ट से सलाह लें।
- वैक्सिंग कराने के बाद चेहरे पर वैक्सिंग लोशन या फेस सीरम लगाना न भुलें, वरना चेहरे पर रैशेज हो सकते हैं।
- वैक्सिंग कराने के तुरंत बाद धूप में न जाएं और न ही किचन में गैस के सामने खड़े होकर काम करें।
- जब तक जरूरत न हो, चेहरे पर वैक्सिंग न कराएं, जल्दी-जल्दी वैक्सिंग कराने से चेहरे की त्वचा को नुकसान हो सकता है।

# थोरेसिक स्पाइन के इलाज में एक नया आयाम वैट सर्जरी



**महानगरों की भागदौड़ और तनाव भरी जिंदगी, सोने तथा चलने के तौर तरीकों में बदलाव की बदौलत पीठ तथा गर्दन दर्द के रोगियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। एक मोटे तौर के अनुसार देश में हर सातवां व्यक्ति पीठ तथा गर्दन दर्द से परेशान है। पीठ तथा गर्दन दर्द के रोगियों में महिलाओं की संख्या काफी तादात में है। कमर दर्द के अनेक कारण हैं, लेकिन लगातार झुककर बैठना, रोजाना देर तक स्कूटर व मोटरसाइकिल चलाना, दफ्तर में झुककर काम करना और देर तक कंप्यूटर या टाइपराइटर पर काम करने वाले लोगों में यह दर्द ज्यादा होता है।**

वर्तमान समय में कंप्यूटर के बढ़ते इस्तेमाल के कारण गर्दन दर्द का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि देश के बड़े शहरों एवं महानगरों में कंप्यूटर के बढ़ते इस्तेमाल के कारण कमर दर्द से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यूं तो बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी कमर दर्द से प्रभावित हो सकते हैं। बढ़ती उम्र, भारी शारीरिक कार्य, लंबी अवधि तक एक ही स्थिति में काम करने वाले लोग (जैसे सेक्रेटरी, रिसेप्शनिस्ट, काल सेंटर के कार्मिक) भारी सामान उठाने वाले, वाइब्रेटर टूल आपरेटर आदि अधिक प्रभावित होते हैं। यदि इस के उपचार की बात की जाए तो कई प्रकार के उपचार भी मौजूद हैं। जैसे- बेड रेस्ट, इंजेक्शन, शल्य-चिकित्सा, स्पाइनल फ्यूजन, डिस्क प्रत्यारोपण, वर्टिब्रोप्लास्टी, पिन होल सर्जरी और मिनिमल इंवेसिव सर्जरी आदि। लेकिन हर उपचार की अपनी कुछ सीमाएं हैं। मगर अब वैट सर्जरी (वीडियो एसिस्टिड थोरोस्कोपी) नामक एक नई सर्जरी की शुरुआत की गई है।

## थोरेसिक स्पाइन की आम बीमारियां क्या हैं?

थोरेसिक स्पाइन में गर्दन व कमर की तरह कई सारी बीमारियां हो सकती हैं जैसे कि स्लिप्ड डिस्क, ट्यूमर, संक्रमण जैसे टी.बी., फेक्चर, कूबड़ इत्यादि। इन बीमारियों में सीने के पीछे कमर में दर्द व सीने में खिंचाव रहता है और ये दर्द कभी कभी नीचे पैरों तक भी जा सकता है। इसके साथ पैरों का सुन्न होना, चलने में मुश्किल व दैनिक क्रिया करम में दिक्कत पैदा हो सकती है। इन सभी कष्टों का कारण होता है नसों पर दबाव। अब वैट सर्जरी के द्वारा इस दबाव को आसानी से कम किया जा सकता है। इसके साथ-साथ कूबड़ के मरीजों की कमर का टेढ़ापन आसानी से दूर किया जा सकता है।

## वैट सर्जरी के क्या फायदे हैं?

वैट सर्जरी में एक पतली सी दूरबीन द्वारा सीने की रीढ़ की हड्डी तक पहुंचकर टीवी स्क्रीन पर देखते हुए, वो सारे आपरेशन संभव हो गए हैं जो कि पहले सीने को खोलकर संभव हो पाते थे। इसमें एक विशेष किस्म की बेहोशी करके मरीज के एक फेफड़े को पिचका दिया जाता है, जिससे कि बिना किसी रुकावट के ट्यूमर या डिस्क को आसानी से निकाला जा सकता है। यह पूरी सर्जरी केवल एक या दो घंटे में पूरी हो जाती है। इसका मुख्य फायदा यह है कि मरीज अगले दिन से चल फिर सकता है। खून बहने व संक्रमण का रिस्क नहीं होता और मरीज को तीन दिनों में अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है, जिससे कि दवाईयां व अस्पताल का खर्च बच जाता है। वास्तव में यह सर्जरी बहुत ही उपयोगी व मरीजों के लिए एक वरदान के समान है।

**डॉ. सतनाम सिंह** छाबड़ा, सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली


## स्लिप्ड डिस्क किस उम्र में खतरा ज्यादा होता है

- आमतौर पर 30 से 50 वर्ष की उम्र में कमर के निचले हिस्से में स्लिप्ड डिस्क की समस्या हो सकती है।
- 40 से 60 वर्ष की आयु तक गर्दन के पास सर्वाइकल वर्टिब्रा में समस्या होती है।
- विशेषज्ञों के अनुसार अब 20-25 वर्ष के युवाओं में भी स्लिप डिस्क के लक्षण तेजी से देखे जा रहे हैं। देर तक बैठ कर कार्य करने के अलावा स्पीड में बाइक चलाने या सीट बेल्ट बांधे बिना ड्राइविंग करने से भी यह समस्या बढ रही है। अचानक ब्रेक लगाने से शरीर को झटका लगता है और डिस्क को नुक्सान हो सकता है।

### सामान्य लक्षण

- नसों पर दबाव के कारण कमर दर्द, पैरों में दर्द या पैरों, एडी या पैर की अंगुलियों का सुन्न होना।
- पैर के अंगूठे या पंजे में कमजोरी।
- स्पाइनल कॉर्ड के बीच में दबाव पडने से कई बार हिप या थाईज के आसपास सुन्न महसूस करना।
- समस्या बढने पर यूरिन-स्टूल पास करने में परेशानी।
- रीढ के निचले हिस्से में असहनीय दर्द।
- चलने-फिरने, झुकने या सामान्य काम करने में भी दर्द का अनुभव। झुकने या खांसने पर शरीर में करंट सा अनुभव होना।

### जांच और उपचार



दर्द लगातार बना रहना, एक्स-रे या एमआरआइ, लक्षणों और शारीरिक जांच से डॉक्टर को पता चलता है कि कमर या पीठ दर्द का सही कारण क्या है और क्या यह स्लिप्ड डिस्क है।जांच के दौरान स्पॉन्डलाइटिस, डिजेनरेशन, ट्यूमर, मेटास्टेज जैसे लक्षण भी पता लग सकते हैं।

सेहत

# मेथी के 16 फायदे

मेथी हर रसोई में मिल जाएगी, खाने का फ्लेवर बढ़ाने के साथ ही ये कई बीमारियों को भी दूर रखती है। ठंड के मौसम में मिलने वाले मेथी के पत्तों की सब्जी बनाकर खाएं। स्वाद में भले ही ये थोड़ी कड़वी होती है, मगर सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। खासकर महिलाओं के लिए। वैसे सिर्फ मेथी के पत्ते ही नहीं, मेथी दाना भी सेहत का खजाना है। मेथी में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है।



- डिलीवरी के बाद महिलाओं को मेथी के लड्डू खाने को कहा जाता है। इससे प्रेग्नेंसी के बाद शरीर मजबूत बनता है और कमजोरी महसूस नहीं होती। ब्रेस्टफीड करानेवाली महिलाओं के लिए मेथी के पत्तों की सब्जी बहुत फायदेमंद होती है। मेथी कैल्शियम का भी बेहतरीन स्रोत है।
- पेट में जलन होने पर मेथी की सूखी पत्तियों और शहद को मिलाकर काढ़ा बनाएं। दिन में दो बार इसे पीने से पेट की जलन से राहत मिलती है।
- मेथीदाना को पीस लें और गुड़ में मिलाकर लड्डू बनाएं। ठंड के मौसम में रोजाना एक लड्डू खाने से सर्दी-खांसी की समस्या नहीं होगी।
- मेथी की सब्जी बनाकर खाएं। इससे डाइजेशन ठीक रहता है।
- मेथी बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करके हार्ट डिसीज के खतरे को कम करती है।
- मेथी डायबिटीज पेशेंट के लिए भी रामबाण से कम नहीं है. ये शुगर लेवल को कम करने में मदद करती है।
- यह शरीर से हानिकारक टॉक्सिंस को निकालने में मदद करती है।
- मेथी याददाश्त बढ़ाने में भी मददगार है।
- वजन कम करने में भी मेथी कारगर है। इसमें पाए जाने वाले फाइबर्स पेट के लिए फायदेमंद होते हैं।
- मेथी के दानों को रातभर पानी में भिगोकर रखें और सुबह खाएं, बहुत ज्यादा होगा।
- यदि स्किन प्रॉब्लम्स जैसे- रिंकल्स, ब्लैकहेड्स, पिंपल्स, ड्राईनेस आदि से परेशान हैं, तो मेथी की पत्तियों का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं और करीब 20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें।
- हार्मोनल बैलेंस बनाए रखने में भी मेथी बेहद कारगर होती है।
- मेथी एक बेहतरीन घरेलू दवा का काम करती है। ये बुखार और कई अन्य मौसमी बीमारियों को ठीक करने में मदद करती है।
- मेथी के पत्तों से हर्ब टी बनाई जा सकती है, इसे पीने से दिमाग शांत और फ्रेश रहता है।
- मेथी में आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है, इससे शारीरिक कमजोरी दूर होती है।
- मेथी के नियमित सेवन से महिलाओं को पीरियड्स और मेनोपात के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलती है।

### मेथी सलाद

एक गड्डी मेथी को धोकर नमक लगाकर 30 मिनट रखकर पानी निचोड़ लें। फिर मेथी के पत्तों को बारीक काट लें। आधा-आधा कप बारीक कटे प्याज और टमाटर, मेथी, आधा टीस्पून लालमिर्च पाउडर, 1 टीस्पून तेल और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। तैयार मेथी सलाद का मजा लें।

### मेथी टमाटर

एक गड्डी मेथी को साफ करके काट कर उबाल लें। कड़ाही में 1 टेबलस्पून तेल गरम करके हींग, राई और जीरे का छौंक लगाएं। अब 1 टमाटर बारीक कटा हुआ, आधा-आधा टीस्पून धनिया पाउडर व लालमिर्च पाउडर डालकर 2 मिनट तक भूनें। 2-3 टेबलस्पून पानी डालकर एक उबाल आने पर मेथी व नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें। धीमी आंच पर 5-7 मिनट पकने के बाद आंच से उतार लें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितीयों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

## काकुरो पहेली -4099




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरण:



1+2=3
1+3=4
7+9=16
8+9=17

काकुरो -4098



## लॉफिंग ज़ोन

विवाह के बाद प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि देखो अब हमारी शादी हो चुकी है।

तुम्हारी कुछ बातें ऐसी हैं, जो मुझे पसंद नहीं आतीं... और मैं तुम्हें वह सब बता देना चाहता हूँ। तुम चाहो तो इन्हें अपनी कमजोरियाँ समझ सकती हो।

प्रेमिका- रहने दो! मुझे अपनी सारी कमजोरियाँ मालूम हैं। आखिर उन्हीं के कारण तो मैं अच्छा पति नहीं पा सकी। इसका मुझे बेहद अफसोस है।

□ □ □


एक मोहल्ले में चल रहे कवि सम्मेलन के दौरान एक कवि मंच पर हाजिर हुआ तो नीचे बैठे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

कवि बहुत ज्यादा उत्सुक था, उसने कहा- मेरे प्यारे श्रोताओं! अब मैं तुम्हे जो कविता आपको सुनाने जा रहा हूँ उसका शीर्षक है- पानी, आग और धुआँ।

भीड़ में से एक श्रोता चिल्लाया- अरे, तो सीधे-सीधे क्यों नहीं कहते कि हुक्का है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली-4099



**बायें से दायें:-**

१. 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
३. 'ये प्यार यार क्या है' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ सजना बरखा बहार आई' गीत किस फिल्म का है?-३
८. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
९. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१०. अक्षय, करीना की 'तुने कहा जबसे हाँ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'रूठे सैंया हमारे सैंया' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१२. रणधीर कपूर, रेखा की फिल्म-३
१४. 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम' गीत किस फिल्म का है?-३
१६. बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
१७. 'पल्लो लटके' गीत वाली फिल्म-३
१९. दिलीपकुमार, निम्मी की 'दिल में छुपाके' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'जो भी कसमें' गीत वाली डीनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-२
२२. धर्मेन्द्र, हेमा की 'राजा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
२५. राजकुमार, प्रिया राजवंश की फिल्म-३
२७. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
२८. राहुल, दीपक, पूजा भट्ट की 'मेरे दिल का पता' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'जिंदगी आ रहा' गीत वाली की फिल्म-३
३१. विनोद, डैनी, मौसमी की 'संसार है एक नदिया' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तू मेरे सामने' गीत वाली फिल्म-२


**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, श्रीदेवी की 'मैं तुझे कबूल' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'जीवन चलने का नाम' गीत वाली मनोज, जया की फिल्म-२
४. फिल्म 'आनंद' में आनंद की शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३.२
५. शशिकपूर, शबाना की 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली फिल्म-३
६. अमरीशपुरी पर फिल्माये 'ये दुनिया एक दुल्हन' गीत वाली फिल्म-४
७. 'मंदिर में ना मस्जिद' गीत वाली फिल्म-५
१३. धर्मेन्द्र, वहीदा, जया की 'कब माने हो दिल के दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'हम जब सिमट' गीत वाली शशि, साधना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१७. देवानंद, गीत बाली की 'ठंडी हवाएं लहरा के आएं' गीत वाली फिल्म-४
१८. नायक के रूप में अनिल कपूर की पहली फिल्म-३
१९. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
२०. मनोजकुमार, नंदा की 'काले हैं तो क्या हुआ' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली फिल्म-४
२६. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एक हिंदी फिल्म-३
२८. सनी, तब्बू. रीमा सेन की 'जो प्यार तुमने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'खोया है तूने' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-4098




## सुडोकू -4099




- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सुडोकू -4098



## शब्द पहेली 4099



**बाएँ से दाएँ**

1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**

1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

शब्द पहेली - 4098 हल



## मुख्यमंत्री से मिले केंद्रीय राज्यमंत्री अठावले, की सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों की सराहना

**एजेंसी**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों, वृद्धजनों तथा दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री ने विस्तृत चर्चा की। उन्होंने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री अठावले ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि, राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार समन्वय के साथ समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करती रहेंगी। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।



## तेलंगाना केमिकल फैक्टरी विस्फोटः मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने किया घटनास्थल का दौरा

**सांगारेड्डी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को पाशामिलाराम औद्योगिक क्षेत्र स्थित सिगाची केमिकल इंडस्ट्री में उस जगह का दौरा किया, जहां विस्फोट हुआ था। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने हादसे के बाद कंपनी प्रबंधन के वहां मौजूद न होने पर नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा, मंत्री डी. श्रीधर बाबू, पी. श्रीनिवास रेड्डी, जी. विवेक और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री रेड्डी ने अधिकारियों और कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की। उन्होंने फैक्टरी निदेशक और बॉयलर इंस्पेक्टर से पूछा कि क्या नियमित निरीक्षण किए गए थे और क्या कोई समस्या की पहचान की थी। उन्होंने पूछा कि क्या उद्योग में पहले भी कोई दुर्घटना हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें अटकलें लगाने वाले उत्तर नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दुर्घटना की गहन जांच करने और पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि दुर्घटना पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए विशेषज्ञों को नियुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद ही व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने उद्योग की अनुमति और सुरक्षा मानकों के बारे में जानकारी ली।

## तेलंगाना केमिकल फैक्टरी विस्फोटः मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने किया घटनास्थल का दौरा

**सांगारेड्डी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पाशामिलाराम औद्योगिक क्षेत्र स्थित सिगाची केमिकल इंडस्ट्री में उस जगह का दौरा किया, जहां विस्फोट हुआ था। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने हादसे के बाद कंपनी प्रबंधन के वहां मौजूद न होने पर नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा, मंत्री डी. श्रीधर बाबू, पी. श्रीनिवास रेड्डी, जी. विवेक और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री रेड्डी ने अधिकारियों और कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की। उन्होंने फैक्टरी निदेशक और बॉयलर इंस्पेक्टर से पूछा कि क्या नियमित निरीक्षण किए गए थे और क्या कोई समस्या की पहचान की थी। उन्होंने पूछा कि क्या उद्योग में पहले भी कोई दुर्घटना हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें अटकलें लगाने वाले उत्तर नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दुर्घटना की गहन जांच करने और पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि दुर्घटना पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए विशेषज्ञों को नियुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद ही व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने उद्योग की अनुमति और सुरक्षा मानकों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सिगाची उद्योग से जुड़ी सभी जानकारियां एकत्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाने के आदेश दिए।

## डॉ. राजीव बिंदल दोबारा बने हिमाचल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

**शिमला।** शिमला के पीटरहॉफ होटल में भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व 2025 के अंतर्गत आयोजित विशेष कार्यक्रम में डॉ. राजीव बिंदल को हिमाचल प्रदेश भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ. बिंदल को प्रमाणपत्र एवं पार्टी का झंडा देकर प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया। इससे पहले चुनाव अधिकारी के पास अध्यक्ष के लिए केवल डॉ. राजीव बिंदल ने ही नामांकन किया था। प्रदेश में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और बादल फटने की घटनाओं के कारण भारी तबाही को देखते हुए कार्यक्रम को साधारण रूप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस में राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष का फैसला रसोईघर और डाइनिंग टेबल पर होता है।

# इंदौर के खजराना गणेश मंदिर को फाइव स्टार रेटिंग, दी पेट्रोन्स वर्ल्ड कंपनी ने किया सम्मानित

**एजेंसी**

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में स्थित प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर को भारत-दुबई में कार्यरत बहुराष्ट्रीय कंपनी दी पेट्रोन्स वर्ल्ड ने फाइव स्टार रेटिंग से सम्मानित किया है। इसके साथ ही खजराना गणेश मंदिर मध्य प्रदेश का पहला फाइव स्टार मंदिर बन गया है। मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट ने बताया कि लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र खजराना गणेश मंदिर को 5 स्टार रेटिंग का सम्मान मिला है। दी पेट्रोन्स वर्ल्ड के सीईओ संजय तिवारी, कंट्री हेड कृपाशंकर दुबे, मनोज वाणी और कुमार अशोक की उपस्थिति में यह अवॉर्ड मंदिर समिति को दिया गया। इसके बाद ये अवॉर्ड भगवान गणेश के चरणों में समर्पित किया गया और विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान मंदिर समिति द्वारा कंपनी के पदाधिकारियों का स्वागत किया



गया। स्वागत मंदिर के मुख्य पुजारी पं.अशोक भट्ट, जयदेव भट्ट ने किया। कंपनी के अधिकारियों को मंदिर प्रागंण का भ्रमण भी कराया गया। कम्पनी के सीईओ संजय तिवारी और कंट्री हेड कृपाशंकर दुबे के अनुसार, खजराना गणेश मंदिर की ख्याति देश विदेश में है। यह मंदिर स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और पवित्र है। यहां की सुंदरता, स्वच्छता, सर्विस, पवित्रता, प्रबंधन, और सुविधाओं के आधार पर ही इस मंदिर को 5 स्टार रेटिंग प्रदान की गई है। भविष्य में इस तरह की रेटिंग देश के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों को प्रदान की जाएगी। इंदौर भारत की सबसे स्वच्छ सिटी के तौर पर मशहूर है और अब खजराना मंदिर की 5 स्टार रेटिंग ने इसे धार्मिक स्वच्छता का भी प्रतीक बना दिया। मंदिर में कचरा प्रबंधन, नियमित सफाई और ग्रीन एनर्जी का इस्तेमाल इसे पर्यावरण-फ्रेंडली बनाता है। खजराना गणेश मंदिर को ये रेटिंग स्वच्छता, सुरक्षा, और भक्तों की सुविधाओं के आधार पर दी गई है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, और दिव्यांगों के लिए रैंप जैसी सुविधाएं इसे खास बनाती हैं। मंदिर का प्रबंधन डिजिटल दान और पारदर्शी सिस्टम के लिए भी जाना जाता है। छोटे शहरों के भक्तों और पर्यटकों के लिए ये मंदिर एक आदर्श उदाहरण है कि आस्था और आधुनिकता का मेल कैसे हो सकता है। मॉनसून में भी यहां की व्यवस्था बरकरार रहती है, जो इसे और खास बनाता है।

## तेलंगाना में भाजपा को सत्ता में लाना प्राथमिकताः एन. रामचंद्र राव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/हैदराबाद।** तेलंगाना प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने राज्य में राजनीतिक बदलाव पर जोर दिया है। उन्होंने पार्टी में सामूहिक नेतृत्व को बढ़ावा देने की बात कही है। हिंदुस्थान समाचार के साथ विशेष बातचीत में उन्होंने पार्टी के लिए अपने दृष्टिकोण, अपनी नेतृत्व शैली और आगामी विधानसभा चुनाव-2028 की रणनीति के बारे में भी विस्तार से बात की। तेलंगाना भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने 2028 विधानसभा चुनाव तक राज्य में राजनीतिक बदलाव का वादा किया है। उन्होंने हिंदुस्थान समाचार से विशेष बातचीत में कहा, राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव किसी भी समय होने वाले हैं। यह हमारी पहली चुनौती है और हमें संगठनात्मक और चुनावी तौर पर इसका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा, उससे आगे, मेरा ध्यान पार्टी को जमीनी स्तर यानी बूथ स्तर से फिर से खड़ा करने पर है। हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि 2028 तक तेलंगाना में भाजपा सत्ता में आए। लोग मौजूदा सरकार से निराश हैं। प्रदेश में सत्ता विरोधी लहर है और भाजपा स्वाभाविक विकल्प के तौर पर उभर रही है। हमारा काम लोगों को संगठित करना, उनमें जोश भरना और उस जनभावना को चुनावी हकीकत में बदलना है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वे सामूहिक नेतृत्व के माध्यम से काम करना चाहते हैं। यह पार्टी और पार्टी नेताओं, दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

## कांवड़ यात्रा का इस्तेमाल नफरत फैलाने के लिए करें ये उचित नहीं : दिग्विजय सिंह

**एजेंसी**

**वाराणसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा का इस्तेमाल नफरत फैलाने के लिए करें ये उचित नहीं है। राज्य सरकार की ओर से इस यात्रा में मदद की जाए इससे किसी को कोई ऐतराज नहीं है। मगर नफरत फैलाना अनुचित है। संसदीय स्थायी समिति टीम में बतौर अध्यक्ष शामिल मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बीएचयू में अध्ययन दौरे पर शहर में आए हुए हैं। पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि 50 साल पहले देश में क्या हुआ यदि 50 साल बाद देश में महंगाई और बेरोजगारी से ज्यादा महत्वपूर्ण है तो यह उनका विचार हो सकता हैं। उधर, संसदीय स्थायी समिति में शामिल घोसी के सांसद राजीव राय ने अपने सोशल मीडिया पेज पर लिखा कि शिक्षा मंत्रालय से सम्बन्धित संसदीय स्थायी समिति ने आज वाराणसी दौरे में बीएचयू मे वाराणसी और प्रयागराज के सभी विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। ये अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में ऐतिहासिक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में वाइस




चांसलर, रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक सहित सभी अधिकारी अस्थाई कार्यभार पर हैं। ट्रामा सेंटर में अवैध रूप से नियुक्त प्रभारी बाउंसरों के बल पर काम कर रहे है। उन्होंने दूसरी बार अपने अधिकृत एक्स अकाउंट पर लिखा प्रधानमंत्री आपने लोकसभा वाराणसी के सिगरा स्टेडियम को हज़ारों करोड़ देकर बनवाया, पिछले साल अक्टूबर में ही आपने उद्घाटन भी कर दिया लेकिन क्या आप को यह पता है कि आज तक खेल विभाग को यह स्टेडियम सौंपा नहीं गया है। अभी तक उपकरण चालू भी नहीं हुए। आज जब संसदीय दल के साथ हम लोग निरीक्षण करने आए तो धूल जमा था हर जगह जैसे उद्घाटन के बाद से आज तक झाड़ू भी नहीं लगा और मल्टी परपज हॉल को प्राइवेट क्लब बनाया जा रहा। मतलब यहां भी धंधा। जब आपके क्षेत्र में ये हाल है तो अन्य जगहों का क्या होगा?।

## रवींद्र चव्हाण महाराष्ट्र भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष, निर्विरोध निर्वाचित

**एजेंसी**

**मुंबई।** वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण को महाराष्ट्र का नया प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। भाजपा नेता और केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। चव्हाण ने मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले से कमान संभाली है। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, आशीष शेलार, विनोद तावड़े समेत भाजपा के तमाम विधायक और पदाधिकारी मौजूद रहे।

हालांकि, पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए गए हैं, लेकिन कुछ दिन पहले उन्हें भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। मुंबई के वर्ली डोम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में रवींद्र चव्हाण के अध्यक्ष बनने की घोषणा मंत्री किरेन रिजिजू ने की।कार्यक्रम में इस कदर रिकॉर्ड तोड़ भीड़ उमड़ी कि भाजपा कार्यकर्ताओं को खड़े होकर कार्यक्रम देखना पड़ा। महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए केवल रवींद्र चव्हाण ने ही अपना आवेदन दाखिल किया था। चूंकि, किसी और ने अपना आवेदन दाखिल नहीं किया,



इसलिए रवींद्र चव्हाण को भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया है। आगामी नगर निगम चुनावों की पृष्ठभूमि में रवींद्र चव्हाण का चुनाव महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रवींद्र चव्हाण डोंबिवली विधानसभा क्षेत्र से 4 बार निर्वाचित हो चुके हैं। रवींद्र चव्हाण एक प्रभावी नेता भी हैं और जमीनी स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनके मजबूत जनसंपर्क हैं। रवींद्र चव्हाण ने भाजपा के युवा मोर्चा से राजनीति में प्रवेश किया और कल्याण-डोंबिवली नगर निगम में पार्षद, स्थायी समिति अध्यक्ष, 4 बार विधायक, भाजपा के प्रदेश महासचिव और मंत्री के रूप में विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में अपना करियर शुरू करने से लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने तक का उनका सफर उल्लेखनीय है। रवींद्र चव्हाण के चुनाव से महाराष्ट्र में भाजपा के संगठनात्मक कार्यों को नया नेतृत्व मिला है और उम्मीद है कि पार्टी आगामी चुनावों के लिए फिर से सक्रिय होगी।

## शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम : राष्ट्रपति

**एजेंसी**

**गोरखपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह एवं पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण करने के साथ ही महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। इस मौके पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि नए महिला छात्रावास का शिलान्यास कर सबसे अधिक खुशी हो रही है। शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसलिए यह कदम नारी सशक्तिकरण की दिशा में अमूल्य पहल है। राष्ट्रपति ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरित सभी संस्थानों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना प्रसारित होती है। लगभग 700 वर्ष पहले महाराणा प्रताप ने राष्ट्रगौरव के लिए त्याग और पराक्रम का जो आदर्श प्रस्तुत किया था, वह देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। महामहिम ने आशा जताई कि इस विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी



प्रोफेशनल एजुकेशन पर आधारित उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ आध्यात्मिकता तथा राष्ट्रप्रेम के आदर्शों को अपने आचरण में ढालेंगे। यह संस्थान महंत दिग्विजयनाथ एवं महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की परंपरा से जुड़ा हुआ है। उनकी परंपरा के अनुरूप गोरक्षपीठ व महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद से जुड़े सभी संस्थानों, व्यक्तियों (विशेषकर युवाओं) को जनसेवा, शिक्षा तथा भारत के सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अगाध श्रद्धा के साथ कार्य करना चाहिए। विश्वविद्यालय के नए एकेडमिक भवन में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने से विद्यार्थी, शिक्षक और अधिक निष्ठा के साथ आगे बढ़ेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि मानव शरीर को दोषमुक्त बनाने में पंचकर्म की प्रक्रिया बहुत प्रभावी सिद्ध हुई है। इस क्रिया की सहायता से असाध्य रोगों के सफल उपचार के उदाहरण देखने को मिलते हैं। आशा है कि नए पंचकर्म केंद्र से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो पाएंगे। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि कक्षा सात की पढ़ाई पूरी करके मैं सत्र 1970-71 में आठवीं व उसके आगे की पढ़ाई करने के लिए अपने गांव से 300 किमी. दूर भुवनेश्वर गई। 55 वर्ष पहले वह दूरी भी बहुत अधिक थी, क्योंकि तब आवागमन के साधन बहुत सीमित हुआ करते थे। मुझसे पहले मेरे गांव की कोई बालिका बाहर पढ़ने नहीं गई थी। भुवनेश्वर में मुझे महिला छात्रावास में रहने की सुविधा मिली। अब तो बहुत बदलाव आ चुका है। हमारी बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं।

## झारखंड में भारी बारिश से जन जीवन प्रभावित, अब तक सामान्य से 88 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज

**एजेंसी**

**रांची।** झारखंड में हो रही भारी बारिश से प्रदेश का जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इससे राज्य के कई जिलों में पुल-पुलिया टूट गए हैं।नदी-नाले उफान पर हैं और राजधानी सहित विभिन्न जिलों के कई मोहल्ले पानी में डूबे हुए हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में एक से 30 जून तक सामान्य से 88 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस दौरान राजधानी रांची में सबसे अधिक सामान्य से 213 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। मॉनसून के दौरान अब तक राज्य के 24 में से पांच जिलों को छोड़कर शेष 19 जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में छह जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के अनुसार दो और तीन जुलाई को उत्तरी-पश्चिमी और उत्तरी-मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।जबकि चार जुलाई को उत्तरी-मध्य और उत्तरी-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है, जबकि कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने पांच और छह जुलाई को राज्य के उत्तरी-पश्चिमी जिले पलामू, गढवा, चतरा, लातेहार, कोडरमा और लोहरदगा में और उत्तरी-मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है।

# असम में गोमांस के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 133 लोगों को हिरासत में लिया गया

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** असम में गोमांस पर प्रतिबंध संबंधी कानून लागू होने के बाद अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गयी। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 133 लोगों को हिरासत में लिया है और एक टन से अधिक संदिग्ध गोमांस जब्त किया है। यह कार्रवाई असम गोसंरक्षण अधिनियम, 2021 के तहत राज्यभर में चलाए गए विशेष अभियान का हिस्सा थी। पुलिस ने यह अभियान स्वप्रेरणा से शुरू किया, जिसका उद्देश्य संवेदनशील क्षेत्रों में अवैध पशुवध और अनधिकृत गोमांस बिक्री पर रोक लगाना था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि होटल और रेस्टोरेंट में नियमों के उल्लंघन की शिकायतें मिलने के बाद छापेमारी की गई और वहां से गौमांस बरामद



किया गया। पुलिस ने राज्यभर में 112 प्रतिष्ठानों पर छापे मारे और अवैध व्यापार में संलिप्त व्यक्तियों को हिरासत में लिया। जब्त मांस के नमूने फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं, ताकि यह पुष्टि की जा सके कि वह गोमांस ही है या नहीं। पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने कई होटलों, रेस्तरां और अन्य परिसरों में जांच की। राज्यभर के थानों में इससे संबंधित कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पुलिस के अनुसार अभियान अभी भी जारी है। विभाग की ओर से सभी व्यावसायिक खाद्य प्रतिष्ठानों को सख्त चेतावनी दी गयी है कि वे कानून का पालन करें। दोबारा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि असम गोसंरक्षण अधिनियम, 2021 के तहत हिंदू, जैन और सिख बहुल इलाकों तथा मंदिरों और वैष्णव सत्रों के पांच किलोमीटर के दायरे में गोमांस की बिक्री और वध पर रोक है। हालांकि, राज्य में गोमांस सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं है।

# मध्य प्रदेश के नए भाजपा अध्यक्ष होंगे हेमंत खंडेलवाल, दाखिल किया नामांकन

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। बैतूल विधायक हेमंत विजय खंडेलवाल का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। दरअसल, मंगलवार को भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें हेमंत खंडलवाल इकलौते उम्मीदवार हैं, जिन्होंने नामांकन दाखिल कर दिया है। उनके अलावा किसी अन्य सदस्य ने दावेदारी पेश नहीं की है। संभावना है कि बुधवार को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में उनके नाम का औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने मंच से साफ किया कि पार्टी में सभी वरिष्ठों की सहमति



से खंडेलवाल को उम्मीदवार बनाया गया है और किसी अन्य नामांकन की संभावना नहीं है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खंडेलवाल एक अनुभवी नेता हैं। संगठन में उनकी गहरी पकड़ है और वे सबको साथ लेकर चलने की क्षमता रखते हैं। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी उनके नाम पर सहमति जताते हुए कहा कि यह चुनाव नहीं, संगठन की एकजुटता का उत्सव है। इधर, खंडेलवाल के समर्थकों में उत्साह का माहौल है और इसे नए युग की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। भाजपा कार्यालय में चुनाव प्रभारी केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की उपस्थिति में नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इशारा किया। इशारा मिलते ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव, खंडेलवाल को हाथ पकड़कर मंच पर ले गए और उनका नामांकन दाखिल कराया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन उनके प्रस्तावक बने। चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, निर्वाचन अधिकारी विवेक शेजवलकर और पर्यवेक्षक सरोज पांडे के सामने उन्होंने नामांकन दाखिल कराया।

## विजन@2047 को लेकर मप्र सरकार और आर्ट ऑफ लिविंग संस्था में हुआ एमओयू

**एजेंसी**

**भोपाल।** प्रदेश के योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग और आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के व्यक्तित्व विकास केंद्र के बीच मंत्रालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। इस साझेदारी के अंतर्गत दोनों संस्थान जल संरक्षण, सतत् कृषि और ग्रामीण आजीविका सृजन, ग्राम विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, गौधन संवर्धन, नशामुक्ति, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग करेंगे। यह समझौता सतत् विकास लक्ष्यों की दिशा में राज्य सरकार की पहलों को सशक्त करने, पीपीपी मॉडल (सार्वजनिक निजी भागीदारी) को बढ़ावा देने, नीतिगत निर्णयों में सहयोग, योजनाओं के प्रभावी मूल्यांकन और व्यापक सर्वेक्षण के माध्यम से प्रदेश की दीर्घकालिक विकास योजना विजन@2047 के लक्ष्यों को पूर्ण करने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हुए समझौता पत्र के आदान-प्रदान के अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी संजय शुक्ला, मप्र राज्य नीति आयोग के ऋषि गर्ग, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के रोहन जैन, अजित भास्कर तथा अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे। पद्म विभूषण श्रीश्री रविशंकर द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था समग्र विकास सहित क्षमता विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

## बेंगलुरु भगदड़ के लिए आरसीबी जिम्मेदार : कैट

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने अपना फैसला सुना दिया है। कैट ने इस मामले की जांच में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को दोषी ठहराया है। कैट ने कहा कि बेंगलुरु में इस जश्न को करने के लिए रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू ने पुलिस से उचित अनुमति और सहमति नहीं मांगी थी। केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण ने 4 जून को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी




स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। कैट ने कहा कि आरसीबी प्रबंधन ने बिना पुलिस की अनुमति के सोशल मीडिया पर अचानक विजय जुलूस की घोषणा कर दी, जिससे लाखों की भीड़ जमा हो गई और वहां भगदड़ मच गई। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए। कैट बेंगलुरु पीठ के न्यायाधीश बीके श्रीवास्तव और प्रशासनिक सदस्य संतोष मेहरा ने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आरसीबी लगभग 3 से 5 लाख लोगों की भीड़ के लिए जिम्मेदार है। आरसीबी ने राज्य की पुलिस से आवश्यक अनुमति या सहमति नहीं ली। उसने अपनी आईपीएल 2025 की जीत का जश्न मनाने के लिए अचानक सोशल मीडिया पर जानकारी पोस्ट कर दी और उसी के परिणामस्वरूप लोगों की भीड़ जमा हो गई। कैट ने कहा कि समय की कमी के कारण, पुलिस उचित व्यवस्था करने में असमर्थ थी। पुलिस से यह उम्मीद नहीं की जा सकती है कि 12 घंटे के छोटे समय में वह सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर लेगी। उल्लेखनीय है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 3 जून को इंडियन प्रीमियर लीग का फाइनल जीता था। जीत के उपलक्ष्य में 4 जून को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में जश्न का आयोजन किया गया था।



ऑफिस में कई बार हम कुछ ऐसा पहनकर चले जाते हैं जिससे हम उपहास या गॉसिपिंग का पात्र बन जाते हैं। शालीनता के साथ अगर आप ऑफिस में अपने आपको कैरी करती हैं तो आपको कपड़ों को लेकर कभी शर्मिंदगी उठानी पड़ेगी। आपके ड्रेसिंग सेंस की सब तारीफ करेंगे



# ऑफिस में क्या पहनें... जरा ध्यान दें


हर चीज चाहे वो कपड़े ही क्यों न हों, समय और जगह के माकूल होने चाहिए, नहीं तो वो बुरे लगने लगते हैं। यह बात यूं तो हर जगह लागू होती है, पर अगर आप वर्किंग वुमन या गर्ल हैं तो फिर इस बात पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। ऑफिस में कई बार हम कुछ ऐसा पहनकर चले जाते हैं जिससे हम उपहास या गॉसिपिंग का पात्र बन जाते हैं। शालीनता के साथ अगर आप ऑफिस में अपने आपको कैरी करती हैं तो आपको कपड़ों को लेकर कभी शर्मिंदगी उठानी पड़ेगी। आपके ड्रेसिंग सेंस की सब तारीफ करेंगे, सो अलग।

## ट्राउजर, जीन्स में फोन पिन न करें

अगर आप इंजीनियर या आर्किटेक्ट जैसे फील्ड वर्क में हैं तो ट्राउजर, जीन्स आदि में फोन पिन करना ठीक भी हैं, लेकिन ऑफिस में यह स्टाइल सही नहीं है। यह देखने में बिल्कुल चाइल्डिश लगता है। मोबाइल फोन को या तो अपने पर्स में या फिर हाथ में ढंग से कैरी करें।

## स्किन रिवीलिंग ड्रेस को ना

बहुत ज्यादा स्किन रिवीलिंग ड्रेस पहन कर भी ऑफिस में आना अच्छी बात नहीं है। ऑफिस में इस तरह की ड्रेस न केवल खराब लगती है, बल्कि छवि पर भी इसका खास असर पड़ता है।



## शॉर्ट कपड़े न ही पहनें तो अच्छा है

ऑफिस में कोई भी ड्रेस पहनने के लिए कुछ नियम-कायदे होते हैं। ऐसे में आप उन्हें फॉलो न करके शॉर्ट कपड़े पहन कर अगर ऑफिस आती हैं तो एक तो यह ऑफिस डेकोरम के खिलाफ बात होगी, दूसरे आप बिना मतलब के लोगों के बीच चर्चा का विषय बन जाएंगी। इसलिए शॉर्ट ड्रेसेस न ही पहनें तो ज्यादा सही रहेगा।

## बहुत ज्यादा टाइट और पतला कपड़ा

बहुत-सी महिलाएं यह मानती हैं कि फिटिंग के कपड़े पहनने से एक कॉन्फिडेंस आता है, यह कुछ हद तक सही है। लेकिन अगर आप ऑफिस में फिटिंग के कपड़े की जगह बिल्कुल ही टाइट फिटिंग और बेहद पतले स्टफ के कपड़े पहन कर आती हैं तो हो सकता है कि आप लोगों के सेंटर ऑफ अट्रैक्शन का पार्ट बन जाएं, जो पॉजिटिव वे में तो कम पर, निगेटिव वे में ज्यादा होगा।

## हाई हिल्स पहन कर आना

माना कि हाई हील्स पहनना आपको पसंद है, लेकिन ऑफिस में ये परफेक्ट नहीं। हील्स आवाज बहुत करती हैं, जो ऑफिस में अन्य लोगों को काम करने में बाधा पहुंचा सकती हैं। इसलिए अगर आपको हील पहननी भी हैं तो फ्लैट हील या फिर कम हील की सैंडल्स पहनें या फिर फ्लैट स्टाइलिश स्लीपर पहनें, पर जो भी पहनें, वो आपकी ड्रेस के मुताबिक हो, यह जरूर देख लें।

## ज्यादा चटकीले रंग के कपड़े

ऑफिस में सिम्पल और सोबर रंग के कपड़े पहनना ज्यादा सही रहता है। कुछ महिलाएं होती हैं, जो ऑफिस में बहुत ज्यादा कलरफुल और चटकीले रंग के कपड़े पहन कर आती हैं। उनका यह ड्रेसिंग सेंस न तो ऑफिस के लिहाज से अच्छा होता है और न ही लोग उनके ड्रेसिंग सेंस की तारीफ करते हैं। हां उल्टे, वो मजाक का पात्र जरूर बन जाती हैं।

## नहीं दिखे स्पैगिटी की स्ट्रिप

अंडर समीज या स्पैगिटी की स्ट्रिप अगर बार-बार फिसल कर आपके कुर्ते आदि की बाहों के नीचे आती है तो यह बहुत ही इम्बैरिसिंग मूमेंट हो सकता है आपके लिए। इसलिए ऐसे कपड़े बिल्कुल भी न पहनें, जिनकी वजह से आपको शर्मिंदा होना पड़े पूरे ऑफिस में।

# लिविंग रूम को बनाएं जानदार

कपड़े प्रेस करने वाले आयरन में जंग लग जाती है, जिसे आप नमक के घोल से साफ कर सकती हैं।

लिविंग रूम में कई तरह के फूलों के गुलदस्ते भी रखें। गुलदस्ते के लिए आप कृत्रिम के साथ-साथ प्राकृतिक फूलों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। लिविंग रूम को सजाने का यह आसान तरीका है। लिविंग रूम में आप अपनी दीवार के लिए सफेद और मटैलिक सिल्वर के कांबीनेशन का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### बड़े काम का नमक

अगर कांच के गिलास साफ करने हैं तो उन्हें नमक वाले पानी के घोल में दस मिनट के लिए भिगो कर रखें और फिर उन्हें नींबू और साफ पानी से धो लें। कपडे प्रेस करने वाले आयरन में जंग लग जाती है, जिसे आप नमक के घोल से साफ कर सकती हैं। महीने में एक बार नमक के घोल से चांदी का सामान साफ करें। चांदी के गहनों को नमक वाले घोल में 15 मिनट के लिए भिगो कर बाद में साफ पानी से धो लें।

# ट्रेंडी प्रिंटेड ब्लेजर

मौसम को देखते हुए ब्लेजर और ट्रेंड को देखते हुए प्रिंट। यदि इन दोनों चीजों को साथ मिलाया जाए, तो जो मसाला तैयार होगा, वही लेटेस्ट ट्रेंड होगा। डिजाइनर इसी वजह से प्रिंटेड ब्लेजर ला रहे हैं।

### लार्ज प्रिंट

व्हाइट बैकग्राउंड के साथ यदि ब्ल्यू लार्ज प्रिंट आजमाया जाए, तो यह सभी को पसंद आएगा। बूटेदार प्रिंट इस मामले में सबसे ज्यादा चलन में है। जारा इंडिया पर इसकी कीमत 4790 रूपए है।

### मोनो प्रिंटेड

यदि आपको मल्टीकलर प्रिंट पसंद नहीं, तो वर्कप्लेस पर इसे आजमाएं। ये कई डिजाइन्स में अवेलेबल हैं। कूब्ज ऑनलाइन स्टोर पर इसकी प्राइस 945 रूपए है।



### वूलन चैक्ड

इसे किसी भी तरह की रेगुलर ड्रेस के साथ आजमाया जा सकता है। बीकाइंड ब्रांड के इस ब्लेजर की प्राइस 1799 रूपए से शुरू है।

### लेपर्ड डिटेलिंग

आप यदि इसे किसी पार्टी में पहन रही हैं, तो लेपर्ड डिटेलिंग को आजमा सकती हैं। साड़ी पर भी ये अच्छे लगते हैं। विवेशियस इन वॉग ब्रांड ब्लेजर की प्राइस 2200 रूपए है।

### पिंक फ्लॉरल

यदि आप फ्लॉरल प्रिंट ही आजमाना चाहती हैं, तो पिंक फ्लॉरल को आजमाइए। कूब्ज ऑनलाइन स्टोर पर प्राइस 1185 रूपए है।

### कैजुअल प्रिंटेड

सिम्पल और सॉबर ब्लेजर के लिहाज से कैजुअल प्रिंटेड ब्लेजर बेस्ट ऑप्शन है। इन्हें किसी भी मौके पर कैरी किया जा सकता है। स्टाइलटॉस पर प्राइस 1399 रूपए से शुरू है

### ब्राइट होलोग्राफ

यदि आप कॉलर लैस ब्लेजर पसंद करती हैं, तो यह ब्राइट ब्लेजर आपको पसंद आएगा। ग्लेम एंड लक्स ब्रांड के ब्लेजर की कीमत 1999 रूपए है।

# बढ़ती है आपकी उम्र

**माना आजकल बहुत ज्यादा प्रदूषण हो गया है और चेहरे को हमेशा साफ रखना चाहिए, पर इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि आप हर घंटे ही अपना चेहरा धोते रहें। दिन में चेहरे को दो बार धोना चेहरे को साफ रखने के लिए पर्याप्त है।**

चेहरे की त्वचा पर एक झुर्री या फाइन लाइन क्या दिखी, महिलाएं परेशान हो जाती हैं, क्योंकि हर कोई हमेशा जवां बना जो रहना चाहता है। लेकिन क्या आपको पता है कि हम रोजाना ऐसी बहुत-सी हरकतें या आदतें दोहराते हैं जिस वजह से हम बहुत हद तक खुद ही बुढ़ापे को न्योता देते हैं। आइए जानते हैं ऐसी ही छोटी पर महत्वपूर्ण आदतों के बारे में, जो आप और हममें होती हैं, जिसका खामियाजा हमारी त्वचा को उठाना पड़ता है।



### वजन कम करने की चाहत

आजकल तो वजन कम करने का एक ट्रेंड ही चल पड़ा है। कई बार तो कुछ महिलाएं अपना वजन इतना ज्यादा कम कर लेती हैं कि बाद में उन्हें शरीर को सही रखने के लिए वजन बढ़ाना पड़ता है। ऐसा करने से त्वचा अपनी कसावट खो देती है। जिस वजह से त्वचा लटकती नजर आती है और उसका कसाव कम हो जाता है।

### बहुत ज्यादा मुंह धोना

माना आजकल बहुत ज्यादा प्रदूषण हो गया है और चेहरे को हमेशा साफ रखना चाहिए, पर इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि आप हर घंटे ही अपना चेहरा धोते रहें। दिन में चेहरे को दो बार धोना चेहरे को साफ रखने के लिए पर्याप्त है। एक बात का ध्यान रखें कि बार-बार चेहरे को धोने से चेहरे की त्वचा में मौजूद प्राकृतिक तेल खत्म हो जाता है और त्वचा अपने आप रूखी हो जाती है। जिससे रिंकल्स पड़ने की आशंका रहती है

### स्ट्रॉ से पेय पदार्थ पीना

आप इसे फैशन मानें या फिर कुछ और, पर अधिकतर महिलाएं सॉफ्ट ड्रिंक्स आदि को पीने के लिए स्ट्रॉ का उपयोग ही करती हैं, पर स्ट्रॉ का उपयोग करते वक्त उन्हें यह बिल्कुल ख्याल नहीं रहता है कि ऐसा करने से होंठों के चारों ओर की त्वचा सिकुड़ जाती है और इससे होंठों के आसपास की त्वचा में झुर्रियों की आशंका होती है।

### कॉन्टेक्ट लेंस पहनना

कॉन्टेक्ट लेंसेस का कॉन्सेप्ट उन लोगों के लिए आया था, जिनकी आंखों में बहुत ज्यादा पावर वाला चश्मा होता था, लेकिन आज मामला थोड़ा उल्टा है। आजकल बाजार में हर रंग के कॉन्टेक्ट लेंसेस मिलते हैं, जिन्हें अक्सर लड़कियां फैशन स्टेटमेंट के चलते कैरी करती हैं। हमेशा कॉन्टेक्ट लेंसेस का इस्तेमाल करने से आंखों को चोट भी पहुंच सकती है और आंखों के आसपास की त्वचा चूंकि नाजुक होती है तो झुर्रियां पड़ने की आशंका भी होती है।

### आंखें चेक कराएं

यूं तो कायदे से साल में एक से दो बार आंखों का चेकअप कराना बहुत ही जरूरी है, पर अधिकतर महिलाएं ऐसा बिल्कुल नहीं करतीं। ऐसे में आंखों में भैंगापन की समस्या हो सकती है और इस कारण आपकी खूबसूरती भी जाती रहेगी और दोनों भौंहों के बीच झुर्रियों की समस्या भी हो सकती है, इसलिए समय पर नियमित रूप से चेकअप कराना बहुत फायदेमंद रहता है

### ज्यादा ड्राइविंग से बचें

आपमें से अधिकतर महिलाएं ये सोचती होंगी कि कार में ड्राइविंग करते वक्त वो सूरज की अल्ट्रा वायलेट किरणों से बची रहती हैं।





# सरदार जी 3 विवाद पर आदित्य नारायण ने रखी राय

सिंगर आदित्य नारायण ने दिलजीत दोसांझ और उनकी फिल्म सरदार जी 3 के चल रहे विवाद पर अपनी राय दी है। आदित्य ने कहा कि भारत एक सहनशील देश है, लेकिन इसकी भी एक सीमा होती है। आदित्य ने कहा, मुझे नहीं पता मैं क्या कहूं या ना कहूं। मैं देशभक्त हूं। मेरे लिए हमेशा देश पहले है। सामने वाला देश (पाकिस्तान)... ये उनकी आदत है (आतंकवाद को समर्थन देने की)। हम भारतीय प्यार और एकता का संदेश फैलाते हैं। हम वसुधैव कुटुंबकम् में भरोसा करते हैं, लेकिन हम कब तक सहन करें? जो गलत है वो गलत है। समय सही नहीं है। अत्याचार हर भारतीय के दिमाग में ताजा हैं।

आदित्य ने आगे कहा, हमेशा कोशिश की कि दोनों देशों को करीब लाएं, चाहे खेल हो, म्यूजिक या फिल्म। पर सामने वाले की भी जिम्मेदारी होती है। ताली दोनों हाथ से बजती है। अब वक्त है कि हम देश के लिए स्टैंड लें। बहुत हो गया। थोड़ा सा सामने वाले से प्यार मिले तो हम सोचें। अब हमें भी प्यार चाहिए। आदित्य बोले- रिश्ते कभी अच्छे ही नहीं थे आदित्य ने कहा कि यह कहना मुश्किल है कि दिलजीत दोसांझ का फैसला सही है या गलत। उन्होंने कहा, जब इसकी कास्टिंग हुई होगी तब रिश्ते इतने खराब नहीं थे, लेकिन अगर देखें तो रिश्ते कभी अच्छे थे ही नहीं। हालात जटिल हैं, लेकिन देश पहले है। यही मेरा देश है। यही मेरी धरती है।

आदित्य बोले- मैं देश को पहले रखता और उम्मीद नहीं करता जब आदित्य से पूछा गया अगर वो दिलजीत की जगह होते, तो क्या करते? तो आदित्य बोले, मैं देश को पहले रखता। मैं किसी से कुछ उम्मीद नहीं करता। मैं उनके काम पर कुछ नहीं कहूंगा, लेकिन अगर मैं होता तो देश पहले रखता। हर भारतीय ऐसा करेगा। हम इंडिया से प्यार करते हैं। इंडिया में रहने वाले लोग इंडिया से प्यार करते हैं। इंडिया में ना रहने वाले भी इंडिया से प्यार करते हैं। हमारा देश इतना प्यारा है, हमारे साथ ऐसा क्यों किया जाता है? आदित्य ने आगे ये भी कहा, बस सुधार कीजिए। ये बहुत सेंसिटिव टॉपिक है। हर बात इंटरनेट पर ट्रोल होती है, लेकिन यही मेरी सोच है। हम हमेशा मेहमान नवाज और सहयोगी रहे हैं। अभी भी हैं। प्यार हमारा संदेश है, लेकिन सहनशीलता की भी सीमा है।



# कॉमेडी में सही टाइमिंग के लिए लगातार मेहनत कर रही हैं रूही सिंह

एक्ट्रेस रूही सिंह अपनी आने वाली फिल्म मस्ती 4 में लीड रोल में नजर आएंगी। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए इस फिल्म के निर्देशक मिलाप जावेरी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मिलाप जावेरी बेहतर तरीके से जानते हैं कि जनता को क्या पसंद आता है। साथ ही बताया कि वह दर्शकों को हंसाने के लिए कॉमेडी टाइमिंग को लेकर कड़ी मेहनत कर रही हैं।

एक्ट्रेस ने कहा, वह शुरू से ही मस्ती फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। वह मस्ती की खासियत और आम लोगों को क्या पसंद आता है, ये अच्छी तरह समझते हैं। मैं उनके निर्देशन के लिए बहुत उत्साहित हूं। वह दर्शकों को अच्छी तरह समझते हैं और उनकी पसंद के हिसाब से फिल्म बनाते हैं। उनसे पूछा कि जब उन्हें यह फिल्म ऑफर हुई तो उनकी प्रतिक्रिया क्या थी? इस पर एक्ट्रेस ने कहा, जब मुझे मस्ती 4 का ऑफर मिला, तो मैंने उसके लिए तुरंत हामी भर ली। मस्ती एक बड़ी और प्रसिद्ध फिल्म सीरीज है जिसकी अपनी एक पहचान है, और उसका हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हुई। यह फिल्म एक शानदार कलाकारों की टीम, एक ऐसा निर्देशक जो फिल्म और दर्शकों को समझता है, और जिसमें मजाक-मस्ती मुख्य बात है, ये सब मिलकर फिल्म को बहुत मजेदार बनाते हैं। कुल मिलाकर, यह मेरे लिए एक बेहतरीन मौका है। उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है कि मैंने अपने दोस्तों के साथ ग्रैंड मस्ती देखी थी और हम बहुत जोर-जोर से हंसे थे। कॉमेडी करना मुश्किल होता है। कॉमेडी में सही टाइमिंग पकड़ना उनके लिए कितना मुश्किल है? इस सवाल पर रुही ने कहा, मुझे खुद पर हंसने में कोई डर नहीं लगता। मैं अपनी निजी जिंदगी में मजाकिया और हंसमुख हूं। मैं जानती हूं कि कॉमेडी करना सबसे मुश्किल होता है, इसलिए मैं खुद पर काम कर रही हूं। मैं बहुत सारी कॉमेडी फिल्में देख रही हूं, खासकर राजपाल यादव और परेश रावल की फिल्में। साथ ही, मैं अपने एक्टिंग टीचर के साथ लगातार अभ्यास कर रही हूं ताकि कॉमेडी की सही टाइमिंग समझ सकूं।



# दीपिका पादुकोण ने की ब्रैड पिट की फिल्म एफ1 की प्रशंसा

**ब्रैड पिट हॉलीवुड फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में अभिनेता की फिल्म एफ1 भारतीय सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है, जिसे दर्शक पसंद कर रहे हैं। साथ ही फिल्म को अच्छी प्रतिक्रियाएं भी मिल रही हैं। इसी कड़ी में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री ने ब्रैड पिट की तारीफ की है और एक पोस्ट शेयर किया है। आइए जानते हैं एक्ट्रेस ने क्या कहा।**

## क्या बोलीं दीपिका पादुकोण?

ब्रैड पिट अभिनीत एफ 1 27 जून को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह एक रेसिंग फिल्म है, जिसे स्पोर्ट्स प्रेमी पसंद कर रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें उन्हें ब्रैड पिट की फिल्म की प्रशंसा करते देखा जा सकता है। अभिनेत्री ने लिखा कि शानदार ब्रैट पिट, क्या फिल्म है। हालांकि, आपको बताते चलें कि ये पोस्ट दीपिका पादुकोण ने कुछ अलग अंदाज में किया है।

## एफ 1 फिल्म के बारे में

जोसेफ कोसिंस्की द्वारा निर्देशित एफ1 में ब्रैड पिट के साथ डैमसन इदरीस प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में मैक्स वर्स्टैपेन, फर्नांडो अलोंसो, लुईस हैमिल्टन, कार्लोस सैन्ज, एस्टेबन ओकन, जॉर्ज रसेल, लांस स्ट्रोल, लैंडो नॉरिस और चार्ल्स लेक्लर सहित कई रियल लाइफ के फॉर्मूला 1 सितारे इस फिल्म में कैमियो करते नजर आए हैं।

## दीपिका पादुकोण का वर्कफ्रंट

दीपिका पादुकोण एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अभिनेत्री ने कई शानदार फिल्में दी हैं, जिनमें पद्मावत, बाजरीव मस्तानी जैसी फिल्में शामिल हैं। अभिनेत्री को आखिरी बार सिंघम अगेन में देखा गया था। इसके अलावा एक्ट्रेस की आगामी फिल्मों की बात करें, तो उन्हें एटली के निर्देशन में बन रही फिल्म में देखा जाएगा। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण एक्शन अवतार में दिखेंगी, जिनके साथ अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# हॉरर कॉमेडी की दुनिया में कदम रखेंगे रणवीर सिंह?

रणवीर सिंह जल्द ही लोकप्रिय स्त्री सिनेमाई ब्रह्मांड में शामिल होने वाले हैं। यह उनकी पहली हॉरर-कॉमेडी फिल्म होगी। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म धुरंधर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसके अलावा एक्टर अक्सर अपने अतरंगी पहनावे से चर्चा में बने रहते हैं। ताजा जानकारी के अनुसार, अब रणवीर स्त्री यूनिवर्स का हिस्सा बन चुके हैं।





# 10 साल बाद फिर से डायरेक्टर की कमान संभालेंगे एक्टर एसजे सूर्या

साउथ इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता और निर्देशक एसजे सूर्या एक दशक बाद निर्देशक की कुर्सी पर फिर से लौटने जा रहे हैं। साल 2015 में फिल्म 'इसाई' के जरिए निर्देशन करने वाले सूर्या अब अपनी अगली फिल्म 'किलर' के साथ वापसी कर रहे हैं, जिसे उन्होंने अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया है। इस खबर के सामने आते ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## फिल्म 'किलर' के साथ करेंगे वापसी

एसजे सूर्या की ये नई फिल्म 'किलर' मलयालम की जानी-मानी प्रोडक्शन कंपनी श्री गोकुलम मूवीज और एसजे सूर्या की एंजेल स्टूडियोज के बैनर तले बनाई जा रही है। सूर्या ने खुद सोशल मीडिया पर इसका ऐलान करते हुए लिखा कि यह फिल्म उनके दिल के बेहद करीब है और इसके लिए उन्होंने निर्माता गोकुलम गोपालन का आभार व्यक्त किया। सूर्या ने साथ में फिल्म से जुड़े कुछ फोटोज भी शेयर किए, जिसमें वो गोकुलम गोपालन के साथ नजर आ रहे हैं। एक खास बात ये भी रही कि उन्होंने फिल्म में एक्ट्रेस प्रीति असनारी को किलर गर्ल बताते हुए उनके किरदार को लेकर सस्पेंस भी बढ़ा दिया।

## सेलेब्स की बधाईयों की लगी लाइन

एसजे सूर्या की डायरेक्टोरियल वापसी पर साउथ के तमाम बड़े स्टार्स ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। राघव लॉरेंस ने लिखा, 'आपके निर्देशन में वापसी की खबर सुनकर खुशी हुई। आप निर्देशक से बढ़कर एक जबरदस्त एक्टर भी हैं। उम्मीद करता हूं ये फिल्म आपको एक हीरो के तौर पर भी बड़ी सफलता दिलाए।' वहीं, धनुष ने भी उन्हें सपोर्ट करते हुए लिखा, 'आप इस प्रोजेक्ट को लेकर जितने पैशनेट हैं, वो मैं जानता हूं। आपकी इस फिल्म के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। ऑल द बेस्ट।' सिलंबरासन टीआर ने सूर्या को एक बेहतरीन स्टोरीटेलर बताया और उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं। इस बीच एक और खबर ने फैन्स की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है। एसजे सूर्या और एक्टर रवि मोहन पहली बार साथ काम करने जा रहे हैं फिल्म 'ब्रो कॉड' में, जिसे डायरेक्ट कर रहे हैं कार्तिक योगी। कार्तिक योगी इससे पहले डिक्कीलूना और वडक्कुपट्टी रामासामी जैसी फिल्मों से पहचान बना चुके हैं। फिल्म को रवि मोहन अपने प्रोडक्शन हाउस रवि मोहन स्टूडियोज के तहत प्रोड्यूस करेंगे। हालांकि फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

## सूर्या की वापसी को लेकर फैंस उत्साहित

एसजे सूर्या की गिनती उन सितारों में होती है जो अभिनय और निर्देशन दोनों में माहिर हैं। उनकी फिल्मों में कहानी, अभिनय और निर्देशन का जबरदस्त मेल होता है। ऐसे में 'किलर' से उनकी वापसी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है।



# टिपिकल बहू-बीवी वाले कई रोल ठुकराए

**अपने पहले ही टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं से हर दिल में घर बनाने वाली एक्ट्रेस मोना सिंह ने अपने दो दशक लंबे करियर में टीवी, फिल्म, ओटीटी हर जगह अपनी छाप छोड़ी है। बीते दिनों लाल सिंह चड्ढा, काला पानी और मेड इन हैवन में सशक्त अदाकारी के लिए सराही गई मोना इन दिनों वेब सीरीज मिस्त्री में एसीपी सहमत सिद्दीकी के रोल में नजर आ रही हैं।**

मोना बताती हैं, जब मैंने टीवी से शुरुआत की थी, तो मुझे भी वो टिपिकल बहू-बीवी वाले रोल बहुत ऑफर हुए थे, पर मैंने वो कभी नहीं किए। मुझे शुरू से पता था कि मुझे क्या नहीं करना है, तो मैंने काफी सारे शोज मना किए, क्योंकि मुझे नहीं बनना पर्दे पर बेचारी। मुझे नहीं चाहिए कि कोई आए और मुझे बचाए। हम खुद अपने को बचाते हैं, खुद अपना ध्यान रखते हैं, तो मुझे किरदार भी वैसे ही करने थे और अब ओटीटी पर वही हो रहा है। ये एक नया दौर चालू हुआ है, जहां फीमेल किरदारों को ज्यादा निडर, आत्मविश्वास से भरा, कामकाजी बनाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि आप या तो वैंप हैं या हीरोइन हैं तो आपकी जिंदगी बर्बाद है। अब ऐसे रोल गढ़े जा रहे हैं, जिसमें एक औरत के बहुत सारे शेड्स दिख रहे हैं, जो काफी हद तक पुराने स्टीरियोटाइप्स को तोड़ रहे हैं, इसलिए बतौर ऐक्टर मुझे बहुत मजा आ रहा है।

## फौजी की बेटी हूं, डरना नहीं सीखा

मोना अपने आत्मविश्वास भरे निडर व्यक्तित्व का श्रेय अपने माता-पिता और फौजी बैकग्राउंड को देती हैं। बकौल मोना, मैं फौजी बैकग्राउंड से हूं। मेरी मां हमेशा एक वर्किंग वुमन रही हैं। एक आत्मविश्वास से भरी और निडर इंसान। मुझसे कभी किसी ने ये नहीं बोला कि तुम किसी से कम हो, तुम लड़की हो, तो ऐसे मत करो। ये मत पहनो। ऐसे मत हंसो। मुझे याद है कि जब मैंने अपने पैरेंट्स को बोला था कि मुझे मुंबई जाकर एक्टर बनना है तो उन्होंने तुरंत हां कर दी थी कि तुम अपने सपने जरूर पूरे करो, क्योंकि हमें कल को ये नहीं सुनना कि पैरेंट्स की वजह से बच्चों ने अपने सपने पूरे नहीं किए, तो मुझमें ये आत्मविश्वास मेरी मां से आया है। दूसरे, हम पंजाबी हैं और पंजाब में ज्यादातर औरतें आत्मविश्वासी और निडर होती हैं। हम पंजाबी में जब एक दूसरे को विश भी करते हैं तो बोलते हैं कि चढ़दी कला में रहो यानी जो भी हो जाए, अपनी जिंदादिली और जज्बा ऊंचा रखो। जो भी तूफान आएंगे, देख लेंगे।

## लाल सिंह चड्ढा का किरदार था मुश्किल

अपने 22 साल लंबे करियर में मोना ने टीवी, फिल्म, ओटीटी हर माध्यम में विविधरंगी किरदार किए हैं। सबसे मुश्किल रोल कौन सा था? यह पूछने पर वह कहती हैं, मेरे लिए जस्सी बहुत ही चैलेंजिंग रोल रहा था, क्योंकि उनका लुक वैसा था, पर आपको रियल लगना है। लोगों को यकीन दिलाना है कि वह आपके बीच की लड़की है। इसके अलावा, लाल सिंह चड्ढा का किरदार मेरे लिए बहुत चैलेंजिंग था। उसमें मुझे 20 साल से लेकर 40 साल और फिर 60 साल की लेडी दिखना था, तो 60 साल की उम्र के लिए मैं अपने पैरंट्स को देख रही थी। उनकी बॉडी लैंग्वेज ऑब्जर्व कर रही थी, क्योंकि बोलने, चलने का तरीका बदल जाता है, सब स्लो हो जाता है। फिर, मुझे अपना वजन भी बहुत कम-ज्यादा करना था कि 20 साल की उम्र में पतली, 40 में थोड़ी तगड़ी, फिर 60 की उम्र में बहुत कमजोर और बीमार, तो फिजिकली भी बहुत डिमांडिंग रोल था।

## सालों से था रेस्त्रां खोलने का सपना

हाल ही में मोना ने रेस्त्रां खोलकर फूड बिजनेस की ओर रुख किया है। उस ओर कैसे रुझान गया? इस बारे में वह बताती हैं, कई सालों से मन था, क्योंकि हमारे पंजाबी घरों में तो उठते ही खाने की बात होती है। हम सब खाने के बहुत शौकीन हैं। खाना पकाना, खाना खिलाना, पार्टी रखना हमें बहुत पसंद है, तो मैं हमेशा से चाहती थी कि अपना एक छोटा सा कैफे हो। उसमें म्यूजिक चले, लाइब्रेरी हो, फिर वो कैफे से रेस्त्रां हो गया और किस्मत से इस साल यह सपना सच हो गया। हमने उसमें इंडियन फूड रखा है, जो कभी फैशन से आउट नहीं होगा। साथ ही एक नोस्टाल्जिया क्रिएट करने की कोशिश की है कि जो खाना हमने बचपन में खाया था, जब पापा आर्मी में थे, अलग-अलग जगहों पर उनकी पोस्टिंग होती थी, जैसे दार्जिलिंग के मोमो, हिमाचल का सिड्डू ऐसी चीजें रखी हैं।

## पर्दे पर पहली बार बनी पुलिसवाली

अपनी वेब सीरीज मिस्त्री की एसीपी सहमत सिद्दीकी की किन खूबियों पर मोना का दिल आया? इस पर उनका कहना था, मैंने पुलिसवाली का रोल कभी नहीं किया था। मैं 22 से इस इंडस्ट्री में मैं हूं, मगर कॉप का रोल पहली बार किया, तो यूनिफॉर्म पहनकर बहुत मजा आया। मिस्त्री अमेरिकन शो मॉन्क का एडेप्टेशन है, जो 90 के दशक में हम सबने देखा है। मैं उसकी बहुत बड़ी फैन हूं, तो जब मुझे यह ऑफर हुआ तो मैं बहुत खुश थी, क्योंकि हमारे यहां ऐसी फीमेल कॉप के रोल बहुत कम बनते हैं, जिनमें थोड़ी हल्की-फुल्की कॉमिडी हो, थोड़ा ड्रामा भी हो। मुझे ये सब करने में बहुत मजा आता है, क्योंकि ओटीटी पर मैंने इतने सारे इंटेंस और सीरियस रोल्स कर लिए है कि सहमत जैसी शांत और सबकुछ आराम से करने वाली कॉप का किरदार मुझे बहुत पसंद आया।

# हेडिंग्ले में दो शतक लगाकर रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंचे ऋषभ पंत, टॉप से अभी बेहद दूर

**दुबई (एजेंसी)।** हेडिंग्ले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। पंत ने इस टेस्ट में 134 और 118 रनों की पारियां खेली थीं, जिससे रैंकिंग में उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ। हालांकि यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नहीं है। उन्होंने 2022 में टेस्ट रैंकिंग में पांचवां स्थान हासिल किया था। पंत के अब कुल 801 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग अंक है। हालांकि वह अब भी नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज जो रूट से 88 अंक पीछे हैं।

रूट ने हेडिंग्ले में पहली पारी में 28 और दूसरी पारी में नाबाद 53 रन बनाए थे। पिछले मैच में शतक लगाने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज़ बेन डकेट करियर की सर्वश्रेष्ठ 787 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक लगाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और वह अब शीर्ष-10 में हैं।

हेड ने पहली पारी में 59 और दूसरी पारी में 61 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई थी। हेडिंग्ले में पांच विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जॉश हेजलवुड ने बारबाडोस टेस्ट की दूसरी पारी में 43 रन देकर 5 विकेट झटके थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए।

वेस्टइंडीज के जेडन सील्स ने पहली पारी में 60 रन देकर 5 विकेट लिए थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जडेजा शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और कॉर्बिन बॉश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो टेस्ट में गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन कर ऑलराउंडर्स की रैंकिंग के शीर्ष-20 में प्रवेश कर लिया है।




# क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता शनिवार को होगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता इसी सप्ताह शनिवार को बेंगलुरु में होगी। श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे। इससे पहले ये प्रतियोगित 24 मई को होनी थी पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण स्थागित कर दिया गया था। ये पहली बार है जब भारत में किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से भी मंजूरी मिली हुई है। इस टूर्नामेंट में देश विदेश के कुल 12 खिलाड़ी होंगे शामिल होंगे। इस टूर्नामेंट में नीरज चोपड़ा समेत पांच भारतीय सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल शामिल होंगे। वहीं विदेश के सात सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेड के एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ग विजेता थॉमस रोहलर, कीनिया के 2015 के वर्ल्ड चैंपियन जूलियस येगो, अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन, जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन, श्रीलंका के रुमेश पथिरेज और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के लिए टिकट की कीमत 199 रुपये से लेकर 9,999 रुपये तक होगी। इसके अलावा 15 व्यक्तियों के लिए पांच कॉर्पोरेट बॉक्स 44,999 रुपये में उपलब्ध हैं। वहीं थ्रोअर रनवे के पास एक विशेष स्टैंड की कीमत 9,999 रुपये है, जबकि रनवे के ठीक पीछे स्थित नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड 2,999 रुपये में है।

# टी20 विश्वकप के लिए 13 टीमें तय हुईं

**–बचे हुए 22 स्थानों के लिए 22 टीमों में होगा मुकाबला**

**मुम्बई (एजेंसी)।** अगले साल की शुरुआत में संयुक्त रुप से भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभी तक 13 टीमें तय हो गयी हैं जबकि बचे हुए सात स्थानों के लिए 22 टीमों के बीच मुकाबला होना है। इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों को खेलने का अवसर मिलेगा। हैं। इनमें से मेजबान भारत और श्रीलंका सहित कुल 13 टीमें घोषित को गयी हैं जबकि सात और टीमों की घोषणा इस साल अक्टूबर तक होगी। कनाडा की टीम ने इसके लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि यूरोप क्वालीफायर्स के जरिए दो टीमों पर फैसला होगा। ये टूर्नामेंट भी पिछले टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार ही होगा। जिसके तहत पहले 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। इसके बाद सुपर 8 के मुकाबले होंगे और फिर सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। मेजबान के रूप में भारत और श्रीलंका को पहले दो स्थान मिले हैं। उसके बाद अगले 10 स्थानों का पिछले संस्करण में सुपर आठ क्वालीफायर और 30 जून 2024 की कट-ऑफ डेट पर टीम रैंकिंग के आधार पर हुआ। पिछले टी20 विश्व कप 2024 में सुपर 8 में प्रवेश के कारण अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज को 2026 टी20 विश्व कप में जगह मिली। अमेरिका ने भी टॉप 8 में पाकिस्तान को हराकर प्रवेश किया था। सुपर 8 में नहीं पहुंचने के बाद भी पाक ने न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ अपनी टी20द्ध रैंकिंग के आधार पर अगले संस्करण में अपना स्थान तय किस है।

अब तक भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज ने इसके लिए प्रवेश हासिल किया है। इन टीमों के अलावा सात और टीमें इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। एक तरह से देखा जाए तो 22 टीमों में बाकी के सात स्थानों के लिए मुकाबला होगा। एशिया और पूर्वी एशिया पेसिफिक रीजन से तीन टीमें प्रवेश करेंगी, जबकि दो-दो टीमें यूरोप क्वालीफायर और अफ्रीका क्वालीफायर से आएंगी। एशिया-ईस्ट एशिया पेसेफिक रीजन से जापान, कुवैत, मलेशिया, नेपाल, ओमान, पापुआ न्यू गिनी, कतर, समोआ और यूएई की टीमें क्वालीफायर्स खेलेंगी और इनमें से तीन टीमें सीधे टूर्नामेंट में प्रवेश करेंगी। वहीं, यूरोप क्वालीफायर्स में इटली, जर्सी, ग्वेर्नसे, नीदरलैंड और स्कॉटलैंड की टीम खेलेगी। इनमें से दो टीमें टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को लगा एक और झटका, बीसीसीआई ने आरसीबी और केएससीए को भेजा नोटिस

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के लोकपाल और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने IPL फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (KSCA) को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 4 जून को हुई भगदड़ के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया जिसमें कई लोग घायल हो गए और 11 लोगों की मौत हो गई।

यह कदम विकाश कुमार विकास द्वारा 12 जून को दर्ज की गई एक औपचारिक शिकायत के जवाब में उठाया गया है जिसमें स्टेडियम में टिकट बिक्री कार्यक्रम के दौरान RCB फ्रेंचाइजी द्वारा बड़ी लापरवाही और सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन का आरोप है। शिकायत में दावा किया गया है कि अपर्याप्त भीड़ प्रबंधन, स्थानीय अधिकारियों के साथ बातचीत की कमी और खराब सुरक्षा व्यवस्था के कारण भगदड़ हुई।

विकास ने अपनी शिकायत में जवाबदेही की विफलताओं का हवाला देते हुए RCB फ्रेंचाइजी को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने BCCI से फ्रेंचाइजी से जुड़ी किसी भी बिक्री वार्ता पर रोक लगाने का भी आग्रह किया है, यह तर्क देते हुए कि मालिक दायित्व से बचने के लिए टीम को बेचने का प्रयास कर सकते हैं। घटना की गंभीरता और जिम्मेदारी का पता लगाने की आवश्यकता का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति मिश्रा ने KSCA और RCB दोनों को शिकायतकर्ता को प्रतियों के साथ चार सप्ताह के भीतर शिकायत पर लिखित जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

लोकपाल ने शिकायतकर्ता को उसके बाद जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन की अवधि भी दी। उन्होंने आगे निर्देश दिया है कि फ्रेंचाइजी के स्वामित्व के संबंध में यथास्थिति बनाए रखी जाए और मांगी गई अंतरिम राहत पर नोटिस जारी किया जाए। स्टेडियम के बाहर अराजक दृश्य देखे गए, जहां कथित तौर पर हजारों प्रशंसक RCB की खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए थे।




सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में प्रशंसकों को बैरिकेड तोड़ते हुए दिखाया गया जिसमें कई लोग गर्मी और भीड़ के दबाव के कारण बेहोश हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सुरक्षा कर्मियों और चिकित्सा सहायता की भारी कमी थी, और इस बात पर सवाल उठाए गए कि कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन टिकटिंग को प्राथमिकता क्यों नहीं दी गई। RCB फ्रेंचाइजी ने कथित तौर पर बेंगलुरु पुलिस के साथ प्रभावी ढंग से समन्वय नहीं किया था, जिसने कथित तौर पर आयोजकों को भीड़भाड़ के संभावित जोखिम के बारे में पहले ही चेतावनी दे दी थी।

KSCA ने भीड़ नियंत्रण उपायों पर आंतरिक रूप से चिंता जताई थी, लेकिन प्रचार और टिकटिंग के प्रभारी फ्रेंचाइजी अधिकारियों ने इसे खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति मिश्रा ने शिकायत और मीडिया रिपोर्टों पर ध्यान देते हुए इस आशंका पर चिंता व्यक्त की कि फ्रेंचाइजी स्वामित्व हस्तांतरण कार्यवाही में तेजी लाकर खुद को परिणामों से दूर रखने का प्रयास कर सकती है।

लोकपाल ने यह स्पष्ट किया कि जवाबदेही को दरकिनार नहीं किया जा सकता है और सभी पक्षों को ऐसी किसी भी गतिविधि से दूर रहने का आदेश दिया है जो शिकायत की स्थिति को प्रभावित कर सकती है। भगदड़ के कारण राज्य में फ्रेंचाइजी और क्रिकेट अधिकारियों दोनों की सार्वजनिक आलोचना हुई है। नागरिक समाज समूहों और प्रशंसक संघों ने क्रिकेट आयोजनों के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए पारदर्शी जांच और सख्त सुरक्षा मानदंडों की मांग की है। लोकपाल द्वारा औपचारिक कार्यवाही शुरू करने के साथ अब ध्यान KSCA और RCB की प्रतिक्रियाओं और इंडियन प्रीमियर लीग में फ्रेंचाइजी के भविष्य के संभावित परिणामों पर केंद्रित है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरा टी20 भी जीता , इंग्लैंड को 24 रनों से हराया

लंदन(एजेंसी) । जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 24 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2–0 की बढ़त ले ली है। भारतीय टीम ने पहला मैच भी 97 रनों से जीता था। इस मैच में टॉस जीतकर इंग्लैंड की टीम ने भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी इस मैच से वापसी की पर वह रन बनाने में विफल रहीं। टीम ने 31 रन देकर 3 विकेट खो दिए थे पर इसके बाद अनुभवी बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अच्छी बल्लेबाजी कर स्कोर आगे बढ़ाया। जेमिमा ने 9 चौके और एक छक्का लगाकर 41 गेंदों में 63 रन बना दिये जबकि अमनजोत ने 40 गेंदों में 9 चौकों की सहायता से 63 रन बनाये।



ऋचा घोष ने 20 गेंदों में 32 रन बनाए। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाये। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने दो जबकि लॉरेन फिलर और एम अरलॉट से एक–एक विकेट लिया। इसके बाद इंग्लैंड की टीम 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन ही बना पायी इस प्रकार उसे 24 रनों से हार का सामना करना पड़ा। टैम ब्यूमोंट ने 54 जबकि एमी जोन्स ने 32 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज असफल रहीं। भारतीय टीम की ओर से श्री चरणी ने दो विकेट जबकि दीप्ती व अमनजोत ने एक–एक विकेट लिया।

# जिस भी खिलाड़ी पर यौन शोषण के आरोप हैं उसकी जांच हो : सैमी



बारबाडोस। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच डैरेन सैमी ने कहा है कि टीम के जिस भी खिलाड़ी पर यौन शोषण के आरोप हैं उसकी जांच की जाये पर कहा कि इसमें सही कानूनी प्रक्रिया का पालन होना चाहिये। इससे पहले गयाना के एक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया था कि टीम के एक क्रिकेटर पर 11 युवतियों ने शोषण के आरोप लगाये हैं पर इस मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। सैमी ने कहा कि ये स्थित गंभीर है पर इसमें कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान होना चाहिये। पूर्व कप्तान सैमी ने कहा, ''मीडिया में जो कुछ आ रहा है, वह हम सभी को पता है। मैं अपने खिलाड़ियों के बहुत करीब हूं। मैंने उनसे बातचीत की है। एक बात मैं कह सकता हूं कि हम न्याय में विश्वास करते हैं। हमारा भी मानता है कि न्याय होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, इसकी एक तय प्रक्रिया होती है। आरोप लगाए गए हैं और हम जांच में अपनी तरफ से सभी प्रकार से सहायेग करेंगे, जिससे उचित प्रक्रिया और सही प्रणाली का पालन तय किया जा सके।'' सैमी ने कहा कि किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले कानून को अपना काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''ये आरोप हैं। हम न्याय प्रणाली को जानते हैं। आपको प्रक्रिया के लिए इंतजार करना होगा। मैं कोई न्यायाधीश नहीं हूं। जो जानकारी सामने आई है, वही हमारे पास है। मुझे पूरा भरोसा है कि अंत में न्याय होगा।''

# जसप्रीत बुमराह को रेस्ट देने पर भड़के रवि शास्त्री, गिल-गंभीर को जमकर सुनाया

**लंदन (एजेंसी)।** बुधवार को भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में तीन बदलाव किए हैं। शार्दुल ठाकुर, साई सुदर्शन को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा गया है, जबकि जसप्रीत बुमराह को रेस्ट दिया गया है। जसप्रीत बुमराह की जगह आकाशदीप को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री बुमराह के ना होने से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर ये सुनिश्चित करना चाहिए था कि बुमराह दूसरे टेस्ट में खेलें, क्योंकि दोनों मैचों के बीच लगभग एक सप्ताह का अंतर था।

बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। साई सुदर्शन और शार्दुल ठाकुर को टीम में नहीं चुना गया है।




रवि शास्त्री ने कहा कि, इसको खेलो इसे 1-1 से बराबरी पर लाओ और फिर उन्हें विकल्प दो। आप लॉर्ड्स में आराम देना चाहते हो, वहां दो। आप सोचते हैं कि वह लॉर्ड्स में रेस्ट करेगा? कोई मौका नहीं है अगर आप ये जीतते हैं, अगर आप भारत के नजरिए से देखें तो ये बहुत ही अहम टेस्ट मैच बन जाता है। आप न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच हारे, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन हारे और यहां पहला मैच गंवाया है और आप जीते के रास्ते पर आना चाहते हैं। आपके पास दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है और आप उसे सात दिन के आराम के बाद बाहर बैठा देते हैं, इस पर विश्वास करना बहुत कठिन है।


# साक्षी, जैस्मिन और लक्ष्य विश्व मुक्केबाजी कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे




अस्ताना। भारतीय मुक्केबाजों साक्षी, जैस्मिन, मीनाक्षी और लक्ष्य चाहर व मनीष राठौर ने कजाकिस्तान में जारी विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्री–क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को 5–0 से हराया। साक्षी के अलावा जैस्मिन ने 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनुर मिकायिलोवा को 5–0 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। महिलाओं के ही वर्ग में भारत की मीनाक्षी ने लाइट–फ्लाईवेट श्रेणी में ऑस्ट्रेलिया की मैडेलीन बोवेन को 5–0 से पराजित किया जबकि मुस्कान ने मिडिलवेट श्रेणी में इंग्लैंड की केरी डेविस को करीबी मुकाबले में 3–2 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी है। दूसरी ओर पुरुष वर्ग में भारत के लक्ष्य ने 80 किग्रा वर्ग में बुल्गारिया के विलियम चोलोव को 4 –1 से हराया। वहीं भारत के ही मनीष राठौर को 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। साक्षी, लक्ष्य और जैस्मिन अब सचिन सिवाच, हितेश गुलिया, मुस्कान, मीनाक्षी और संजू के साथ अगले दौर में पहुंच गये हैं। इससे पहले हितेश और सचिन सिवाच ने अपने मुकाबलों में आसानी से जीत हासिल की थी।

# धवन बोले शुभमन, ईशान के आने से अपना करियर समाप्त होने का अंदाजा हुआ

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि शुभमन गिल और ईशान किशन के आने के बाद ही उन्हें अपने करियर के समाप्त होने का अंदाज हो गया था। इसका कारण है कि शुभगन सभी प्रारुपों में अच्छा कर रहे थे। वहीं ईशान ने एक दौहरा शतक भी लगा दिया था। जब प्रदर्शन कमजोर हो गया तब उन्हें समझ आ गया कि अब उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी। धवन ने साल 2013 में मोहाली की पिच पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 85 गेंदों में शतक लगाकर टेस्ट डेब्यू में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया था। उनकी 187 रन की आक्रामक पारी सबसे आकर्षण का केन्द्र रही। 33 टेस्ट में कई अच्छी पारियां खेलने के बाद भी धवन का टेस्ट करियर ज्यादा समय नहीं चला। साल 2018 की इंग्लैंड सीरीज के बाद उन्हें टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया। इस क्रिकेटर के अनुसार उसने प्रयास किया पर तब वह अपने सर्वश्रेष्ठ दौर में नहीं थे। वहीं जब वह अपने करियर को देखते हैं तो उन्हें काई पछतावा नहीं होता। साथ ही कहा कि मैं पीछे देखता हूं तो खुश हूं कि मैंने जो हासिल किया, वो किसी सपने से कम नहीं हैं। धवन को टी–20 विश्व कप 2021 में जगह नहीं मिली पर वह समझ गये थे कि अब बदलाव तय है। इस क्रिकेटर ने कहा कि मैंने किसी को फोन नहीं किया क्योंकि मैं जानता था, हर किसी की अपनी सोच होती है और बात करने से कुछ नहीं होगा। साल 2013 चैंपियंस ट्रॉफी से लेकर 2022 तक धवन भारतीय एकदिवसीय टीम के सलामी बल्लेबाज रहे। वहीं साल. 2015 विश्व कप, 2017 चैंपियंस ट्रॉफी सहित कई अवसरों पर इस क्रिकेटर ने सबसे ज्यादा रन बनाए। रोहित के साथ उनकी जोड़ी काफी अच्छी रही पर उन्हें 2023 एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली क्योंकि तब शुभमन काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे।



# शमी को हर माह पत्नी व बेटी को देने होंगे चार लाख रुपये : हाईकोर्ट

कोलकाता। कोलकाता हाईकोर्ट ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को हर माह अपनी पत्नी हसीन जहां व बेटी आयरा को गुजारा भत्ता के तौर पर चार लाख रुपये देने के निर्देश दिये हैं। निर्देश के तहत शमी को पत्नी को डेढ़ लाख और बेटी को ढाई लाख हर महीने खर्चे के लिए देने होंगे। हाईकोर्ट की बेंच ने हसीन जहां की एक याचिका पर सुनवाई के बाद ये आदेश पारित किया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता पत्नी को 1.5 लाख रुपये प्रति माह और बेटी को 2.5 लाख रुपये प्रति माह दे। अदालत ने यह भी कहा कि शमी अपनी बेटी के लिए निर्धारित राशि से अधिक शिक्षा या अन्य खर्चों के लिए दे सकते हैं। इससे पहले हसीन जहां ने जिला सत्र न्यायालय के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी, जिसमें शमी को 2023 में अपनी पत्नी को 50 हजार रुपये और बेटी को 80 हजार रुपये देने का निर्देश दिया गया था। वहीं हसीन ने अदालत से अपने लिए 7 लाख रुपये और अपनी बेटी के लिए 3 लाख रुपये प्रति माह का मुआवजा मांगा था। हसीन साल 2014 में शमी से शादी से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए मॉडल और चीयरलीडर रही हैं। उनकी बेटी आयरा का जन्म 2015 में हुआ था। हसीन ने शमी पर साल 2018 में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। तभी से दोनो के बीच मामला अदालत में चल रहा है। इन दोनो का अभी तक कानूनी रूप से तलाक नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि शमी ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए पैसे देना बंद कर दिया था।



# छह साल की उम्र में थामा बैडमिंटन, अब जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बनीं भारत की तन्वी शर्मा

**स्पोर्ट्स डेस्क।** पंजाब की गोल्डन गर्ल तन्वी शर्मा बैडमिंटन में जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बन गई हैं। तन्वी हाल ही में बीडब्लूएफ सुपर 300 यूएस ओपन 2025 में महिला एकल वर्ग में उपविजेता रहीं थी। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा को शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करते हुए रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

विश्व में 66वें स्थान पर काबिज यह युवा भारतीय शटलर जूनियर विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गई है और विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल हो गई है। उसने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में अपने अभियान से वैश्विक बैडमिंटन समुदाय को चकित किया जिसमें विश्व की 23वें नंबर की खिलाड़ी सहित कई उच्च रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश करना शामिल था।

तन्वी अगले महीने होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य रखकर चल रही है। वह अब गुवाहाटी में भारतीय बैडमिंटन टीम के शिविर में शामिल होगी। टीम अगले महीने इंडोनेशिया में होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेगी।

**छह साल की उम्र में शुरु किया खेलना, मां ने निखारा**

तन्वी ने 6 साल की छोटी सी उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। शुरू से से ही प्रतिभाशाली रही तन्वी ने प्रतिष्ठित पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में चार साल से अधिक समय तक प्रशिक्षण लिया। इस दौरान उसने भारत के कुछ शीर्ष शटलरों के साथ ट्रेनिंग ली जिसने उनके कौशल को निखारा। इस दौरान तन्वी की मां ने भी बेटी के साथ कड़ी मेहनत की और शुरू में उसके खेल को आकार देने और उसकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

